होली की हार्दिक शुभकामनाएं
* * *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

सोमवार 25 मार्च 2024 ● फाल्गुन पूर्णिमा, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 337

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

### मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 36.5 | 14.5 |
| जमशेदपुर | 37.7 | 19.7 |
| डालटनगंज | 37.0 | 17.5 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

### छुट्टी की सूचना

रंगों के त्योहार होली के शुभ अवसर पर शुभम संदेश और लगातार .इन के सुधि पाठकों, वितरकों, विज्ञापनदाताों और आम लोगों को ढेर सारी शुभकामनाएं. होली के त्योहार को लेकर 25 मार्च और 26 मार्च 2024 को शुभम संदेश का कार्यालय बंद रहेगा. अब हमारा अगला अंक 28 मार्च 2024 को आएगा. – संपादक

# रुपये की कीमत 'विश्वगुरु' की उम्र से अधिक नीचे गिरा : रमेश

- रुपये की गिरती कीमत पर कांग्रेस ने पीएम मोदी पर हल्ला बोला

एजेंसी। नयी दिल्ली

कांग्रेस ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये की गिरती कीमत के मुद्दे पर रविवार को प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा और उनसे जवाब मांगा. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि बढ़ती ईंधन दरों, मुद्रास्फीति और ऋण के लिए उच्च ईएमआई के कारण रुपये की गिरती कीमत हर भारतीय की जेब पर असर डालती है. रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, वर्ष 2014 से पहले रुपये के मूल्य में अपेक्षाकृत कम गिरावट होने पर भी भाजपा के नेता बड़ी-बड़ी बातें किया करते थे. याद है, गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने रुपये की क़ीमत और डॉ. मनमोहन सिंह की उम्र को जोड़ते हुए कितनी घटिया बातें कही थी. रुपए का मूल्य काफी पहले ही स्वघोषित विश्वगुरु की अपनी उम्र से अधिक नीचे गिर गया है. उन्होंने हैशटैग चुप्पीतोड़ोप्रधानमंत्रीजी के साथ लिखा, आज रुपये की कीमत में भारी गिरावट के बीच वह कहीं नजर नहीं आ रहे हैं. प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने तथा एशियाई मुद्राओं के कमजोर होने के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 35 पैसे की भारी गिरावट के साथ 83.48 (अस्थायी) प्रति डॉलर के सर्वकालिक निम्न स्तर पर बंद हुआ. प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने तथा एशियाई मुद्राओं के कमजोर होने के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 48 पैसे की भारी गिरावट के साथ 83.61 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निम्न स्तर पर बंद हुआ.

**13 दिसंबर, 2023 को रुपये ने 83.40 प्रति डॉलर के निम्नतम स्तर को छुआ था :** इससे पूर्व 13 दिसंबर, 2023 को रुपये ने 83.40 प्रति डॉलर के निम्नतम स्तर को छुआ था. कांग्रेस नेता ने कहा, वर्ष 2014 में जब भाजपा सत्ता में आयी थी तब एक डॉलर का मूल्य 59 रुपये था. आज भाजपा ने इसे 59 रुपये से बढ़ाकर 84 रुपये पर पहुंचा दिया है.

## इंडिया गठबंधन 272 का आंकड़ा पार करेगा : कांग्रेस



**नयी दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पलटी मारने और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के अकेले लड़ने के बावजूद विपक्षी गठबंधन इंडिया' एकजुट है और यह (बहुमत का) 272 का आंकड़ा पार करेगा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने यह बात कही. उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के विपक्ष के खिलाफ भ्रष्टाचार के विमर्श को खोखला करार देते हुए खारिज किया. रमेश ने पीटीआई मुख्यालय में समाचार एजेंसी के संपादकों एवं पत्रकारों के साथ बातचीत में यह भी कहा कि विपक्ष एकजुट होकर चुनाव में 272 का आंकड़ा पार करेगा और भाजपा को सत्ता से बाहर कर देगा. उन्होंने चुनावी बॉन्ड, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी सहित कई मुद्दों पर बात की.

## इंडी गठबंधन के नेताओं का विवेक मर चुका है : भाजपा

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ तमिलनाडु की एमके स्टालिन सरकर में मत्स्य पालन मंत्री अनिता आर राधाकृष्णन ने अपमानजनक टिप्पणी की. इस पर भाजपा ने रविवार को इंडी गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन की विवेक व अंतरात्मा मर चुकी है. वहीं भाजपा की तमिलनाडु इकाई ने डीएमके नेता पर पीएम के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह कार्रवाई के लिए पुलिस और निर्वाचन आयोग का रुख करेगी. भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता राधाकृष्णन ने प्रधानमंत्री के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां कर निचले स्तर के व्यवहार का परिचय दिया है.नयी दिल्ली में बीजेपी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रधान मंत्री के खिलाफ राधाकृष्णन की टिप्पणी की कड़ी निंदा की और कहा कि लोकतंत्र में ऐसी भाषा के लिए कोई जगह नहीं है.

### ब्रीफ खबरें

## राष्ट्रपति और पीएम ने होली की बधाई दी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने होली की पूर्व संध्या पर रविवार को देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह त्योहार लोगों के बीच प्रेम, एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देता है. उन्होंने एक संदेश में कहा कि यह त्योहार हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने के लिए भी प्रेरित करता है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देशवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं और कामना की स्नेह और सद्भाव के रंगों से सजा यह पारंपरिक पर्व सभी के जीवन में नई ऊर्जा व नया उत्साह लेकर आए. कहा कि स्नेह और सद्भाव के रंगों से सजा यह पारंपरिक पर्व आप सभी के जीवन में नई ऊर्जा और नया उत्साह लेकर आए.

## पूर्व नौसेना प्रमुख भाजपा में शामिल

**नयी दिल्ली।** पूर्व नौसेना प्रमुख राकेश कुमार सिंह भदौरिया और तिरुपति के पूर्व सांसद वरप्रसाद राव रविवार को भाजपा में शामिल हो गए. केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और भाजपा महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में दोनों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई. भदौरिया भारतीय वायुसेना के 26वें प्रमुख थे. तत्कालीन एयर चीफ मार्शल भदौरिया को जून 1980 में भारतीय वायु सेना की लड़ाकू शाखा में शामिल किया गया था और वह कई पदों पर रहे. भदौरिया की गिनती वायु सेना के उन चुनिंदा पायलट में होती हैं, जिन्होंने राफेल विमान उड़ाया है. साल 2009 में उन्होंने राजनीति में प्रवेश करने के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली थी.

## भोजशाला परिसर में एएसआई सर्वे जारी

**धार (मप्र)।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने मध्य प्रदेश के धार में विवादास्पद भोजशाला/कमाल मौला मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण रविवार को तीसरे दिन भी जारी रखा. कमाल मौला मस्जिद वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष अब्दुल समद ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने शनिवार को ई-मेल के माध्यम से एएसआई को अपनी कुछ आपत्तियां सौंपी हैं. उन्होंने कहा, आपत्ति यह है कि एएसआई को 2003 के बाद भोजशाला के अंदर रखी गई वस्तुओं को सर्वेक्षण में शामिल नहीं करना चाहिए.


## पूर्व सांसद नवीन जिंदल भाजपा में शामिल

**नयी दिल्ली ।** कुरुक्षेत्र के पूर्व सांसद नवीन जिंदल ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है. उनके इस्तीफे की खबर सामने आई ही थी कि कुछ ही देर बाद वह भाजपा में शामिल हो गए. नवीन जिंदल ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए अपने इस्तीफे की घोषणा की. उन्होंने इस पोस्ट में कांग्रेस नेतृत्व के साथ पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का आभार जताया है और उन्हें धन्यवाद कहा है. नवीन जिंदल ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मैंने 10 वर्ष कांग्रेस पार्टी के कुरुक्षेत्र के सांसद के रूप में संसद में प्रतिनिधित्व किया.

### आईपीएल-17
**आज का मैच**
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम पंजाब किंग्स
समय : 7:30 बजे

- सेंट्रल सेक्टर से 1164.54 मेगावाट, कुल 3350 मेगावाट बिजली की होगी खरीदारी
- चालू वित्तीय वर्ष में निगम ने बिजली खरीदने में खर्च किए 7905 करोड़

# 2024-25 में 8050 करोड़ की बिजली खरीदेगा जेबीवीएनएल



रवि भारती। रांची

झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम (जेबीवीएनएल)वित्तीय वर्ष 2024-25 में 8050.81 करोड़ की बिजली खरीदेगा. इससे पहले 2023-24 में वितरण निगम ने 7905 करोड़ की बिजली खरीदी थी. इस हिसाब से बिजली खरीद में 145.81 करोड़ रुपये की वृद्धि हो गई है. अगले वित्तीय वर्ष में कुल 3350.39 मेगावाट बिजली खरीदी जाएगी. इसमें सेंट्रल सेक्टर से भी 1164.54 करोड़ रुपये की बिजली खरीदी जाएगी.

**एनटीपीसी से खरीदी जाएगी 953.92 मेगावाट बिजली :** झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम एनटीपीसी के विभिन्न पावर प्लांटों से 953.92 मेगावाट की बिजली खरीदेगा. एनएचपीसी से 55.76 मेगावाट और पावर ट्रेडिंग कॉरपोरेशन से 154.87 मेगावाट बिजली खरीदेगा. डीवीसी से 600 मेगावाट, टीवीएनएल से 420, आधुनिक से 189 मेगावाट, सोलर 476, विंड एनर्जी से 300 मेगावाट, इनलैंड पावर से 63 मेगावाट और सिकिदिरी हाइडल से रोजाना 130 मेगावाट बिजली की खरीदी जाएगी.

**ट्रांसमिशन चार्ज पर खर्च होंगे 624.09 करोड़ :** दूसरे की लाइन से बिजली लेने के एवज में ट्रांसमिशन चार्ज के रूप में 624.09 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. पीजीसीआईएल के लाइन से बिजली लेने पर 339.16 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. पोस्को के लाइन से बिजली लेने पर 1.46 करोड़ रुपयेए और झारखंड ऊर्जा संचरण निगम की लाइन से बिजली लेने में 283.47 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे.

### किस पावर प्लांट से कितनी मेगावाट बिजली, कितना खर्च

| प्लांट का नाम | मेगावाट | खर्च (करोड़ में) |
|---|---|---|
| **एनटीपीसी** | | |
| फरक्का वन और टू | 119.35 | 474.37 |
| फरक्का थ्री | 59.71 | 194.79 |
| कहलगांव वन | 18.34 | 71.042 |
| तालचेर | 66.68 | 190.57 |
| कहलगांव टू | 10.21 | 37.36 |
| बाढ़ वन | 84.72 | 152.72 |
| बाढ़ टू | 18.97 | 82.63 |
| कोरबा | 50.00 | 132.19 |
| दारीपल्ली वन | 151.43 | 384.24 |
| नॉर्थ कर्णपुरा | 177.46 | 496.70 |
| नॉर्थ कर्णपुरा न्यू | 150.00 | 156.85 |
| कांटी | 16.10 | 68.53 |
| नबीनगर | 33.96 | 123.53 |
| **एनएचपीसी** | | |
| रंगीत | 7.42 | 18.24 |
| तीस्ता | 48.34 | 87.67 |
| **पीटीसी** | | |
| चुक्का | 27.99 | 41.68 |
| ताला | 116.89 | 73.92 |
| कुरिचू | 0.55 | 0.20 |
| मांगडेटू | 9.44 | 32.73 |
| **डीवीसी** | | |
| केटीपीएस | 600 | 1888.099 |
| टीटीपीएस | 420 | 778.35 |
| आधुनिक | 189 | 454.13 |
| **सोलर** | | |
| सेकी वन | 450 | 217.19 |
| सेकी टू | 10 | 10.81 |
| स्टेट आइपीपी | 16 | 37.50 |
| **विंड एनर्जी** | | |
| पीटीसी | 200 | 194.59 |
| सेकी | 100 | 71.97 |
| इंलैंड पावर | 63 | 226.29 |
| सिकिदिरी | 130 | 30.57 |

## कोल्हान में सरकारी कार्यालयों पर ₹81 करोड़ बिजली बिल बकाया

### आदित्यपुर के सरकारी कार्यालयों पर करीब 7 करोड़ बिजली बिल बकाया

संवाददाता। आदित्यपुर

- 31 मार्च तक वसूलने की बनाई गई है रणनीति



जीएम श्रवण कुमार

बिजली विभाग (जेबीवीएनएल) का कोल्हान के सरकारी कार्यालयों पर करीब बिजली बिल का 81 करोड़ रुपये बकाया है. इसकी वसूली के लिए विद्युत महाप्रबंधक श्रवण कुमार ने 31 मार्च तक वसूलने की रणनीति बनाई गई है और सभी सरकारी विभागों को बिल अदायगी का पत्र भी भेजा है. विद्युत महाप्रबंधक श्रवण कुमार ने बताया कि सरकारी विभागों करोड़ों बकाया है जिसकी अदायगी हो जाए तो हमारा डीवीसी का कर्ज भी आसानी से अदा हो जाएगा. बता दें कि आदित्यपुर विद्युत अवर प्रमंडल के अधीन आनेवाले सरकारी विभागों और बड़े उद्योगों पर ही करीब 7 करोड़ से अधिक का बिजली बिल बकाया है. इसमें नगर निगम, पीएचडी, जेआरडीसीएसल और जियाडा जैसे सरकारी विभाग शामिल हैं. आदित्यपुर के कार्यपालक अभियंता अनूप प्रसाद कहते हैं कि सरकारी विभागों के पास एचटी और एलटी कनेक्शन मिलाकर करीब सात करोड़ का बकाया है.

उन्होंने बताया कि आदित्यपुर नगर निगम पर करीब 1.10 करोड़, पीएचडी पर लगभग 3.20 करोड़, जियाडा पर 1.66 करोड़ और जेआरडीसीएल पर लागभग 45 लाख का बिजली बिल बकाया है. मार्च महीने में राजस्व वसूली का प्रेशर रहता है इसको देखते हुए सभी संबंधित विभागों को नोटिस भेजा गया है, यदि समय रहते उनके द्वारा बकाया बिल का भुगतान नहीं किया गया तो उनका कनेक्शन काटा जाएगा. उन्होंने बताया कि विभागवार करीब 3. 77 करोड़ और एचटी कनेक्शन का 4 करोड़ बिल बकाया है. सरकार के एक दर्जन से ज्यादा ऐसे विभाग हैं जिन पर लाखों रुपये का बिजली बिल बकाया है.

### भाजपा की 111 प्रत्याशियों की पांचवीं लिस्ट जारी

# सीता सोरेन दुमका से लड़ेंगी लोकसभा चुनाव

- धनबाद से ढुल्लू महतो और चतरा से काली चरण सिंह को मिला टिकट
- एक्ट्रेस कंगना रणौत को मंडी से बनाया प्रत्याशी

शुभम संदेश टीम। रांची /नयी दिल्ली



सीता सोरेन, ढुल्लू महतो,काली चरण सिंह और कंगना रणौत

भाजपा की 111 प्रत्याशियों की पांचवीं लिस्ट रविवार की देर शाम को जारी हुई. इसमें झारखंड की तीन सीट पर भी प्रत्याशियों की घोषणा की गई. सूची में झारखंड की दुमका लोस सीट से सीता सोरेन के नाम पर मुहर लग गई. इसके साथ ही पहले से घोषित प्रत्याशी सुनील सोरेन का नाम वापस लिया गया. वहीं भाजपा ने धनबाद से ढुल्लू महतो, चतरा से कालीचरण सिंह को अपना प्रत्याशी बनाया है. हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से एक्ट्रेस कंगना रणौत को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है. मेरठ से अभिनेता अरुण गोविल को टिकट मिला है. पटना साहिब से रविशंकर प्रसाद, पीलीभीत से जितिन प्रसाद, पुरी से डॉ. संबित पात्रा, बेगूसराय से गिरिराज सिंह, सुल्तानपुर से मेनका गांधी, बक्सर से अश्विनी चौबे, पूर्वी चंपारण से राधामोहन सिंह, प. चंपारण से डॉ संजय जायसवाल, पाटलिपुत्र से गिरिराज सिंह, आरा से आरके सिंह, संबलपुर से धर्मेंद्र प्रधान, कुरुक्षेत्र से नवीन जिंदल, दरभंगा से गोपाल जी ठाकुर, मुजफ्फरपुर से राजभूषण निषाद, सारण से राजीव प्रताप रूडी को भाजपा ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है.

## राजनाथ सिंह ने लेह में जवानों के साथ मनायी होली



**लेह।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को लेह में सेना के जवानों के साथ होली मनायी और खराब मौसमी परिस्थितियों से जूझते हुए दुश्मनों से देश की रक्षा करने के लिए उनकी प्रशंसा की. सिंह पहले होली दुनिया की सबसे ऊंची रणभूमि सियाचिन में मनाने वाले थे, लेकिन खराब मौसम के कारण उनका दौरा रद्द कर दिया गया. रक्षा मंत्री सिंह के साथ सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और जनरल ऑफिसर कमांडिंग (फायर एंड फ्यूरी कोर) लेफ्टिनेंट जनरल रशीम बाली थे. रक्षा मंत्री सिंह ने सैनिकों के माथे पर 'गुलाल' से तिलक किया. उन्होंने यहां युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की.

## अब जेल से 'आप' की सरकार चलनी शुरू!

संवाददाता। नयी दिल्ली

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कस्टडी में हैं. उन पर शराब घोटाले में शामिल होने का आरोप है. खबर आयी है कि पूर्व में जेल से ही सरकार चलाने की घोषणा कर चुके अरविंद केजरीवाल ने ईडी की कस्टडी में रहतो हुए मुख्यमंत्री के रूप में एक आदेश जारी किया है. सूत्रों के अनुसार केजरीवाल ने एक नोट के माध्यम से दिल्ली सरकार के जल विभाग से संबंधित एक आदेश जारी किया है. जान लें कि यह पहला मौका है जब पद पर रहते हुए किसी सीएम को गिरफ्तार किया गया है. आम आदमी पार्टी सहित सीएम केजरीवाल कह चुके हैं कि वह गिरफ्तारी के बावजूद सीएम पद नहीं छोड़ेंगे और जेल में रहकर ही सरकार चलायेंगे. संविधान विशेषज्ञ सीएम की घोषणा की व्यावहारिकता पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहे हैं.

### आदेश जारी

- ईडी की गिरफ्त में हैं सीएम केजरीवाल, जल विभाग से संबंधित आदेश जारी किया

**हर कैदी को जेल मैन्यूअल का पालन करना होता है**

सीएम के फाइलों को पढ़ना पड़ता है, हस्ताक्षर करने होते है. लेकिन हर कैदी को जेल मैन्यूअल का पालन करना होता है. इससे हट कर अन्य किसी भी कार्य के लिए कोर्ट की इजाजत चाहिए. आम आदमी पार्टी की मानें तो जेल से सरकार चलाने के लिए कोर्ट का सहारा लिया जायेगा. कोर्ट का आदेश मिलेगा तो सीएम को किसी ऐसे भवन में शिफ्ट किया जा सकता है, जिसे जेल घोषित किया जाये. वहां से मुख्यमंत्री अपना कार्यालय चला सकते हैं.

**लोस चुनाव** राजमहल, सिंहभूम, खूंटी और लोहरदगा सीट पर महिला वोटर पुरुष से अधिक हैं

# सूबे में चार आदिवासी सीटों पर महिला वोटर ही सर्वेसर्वा

संजय कुमार डे। रांची



- सिंहभूम, खूंटी और लोहरदगा में 13 मई को, जबकि राजमहल में एक जून को मतदान होगा

झारखंड में चार लोकसभा सीट पर महिला मतदाता निर्णायक भूमिका निभाएंगी, क्योंकि वहां मतदाता सूची में महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक है. जिन चार लोकसभा सीट पर महिलाओं की संख्या पुरुषों से ज्यादा हैं, उनमें राजमहल, सिंहभूम, खूंटी और लोहरदगा शामिल हैं. ये सभी अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीट हैं. सिंहभूम, खूंटी और लोहरदगा में 13 मई को मतदान होगा, जबकि राजमहल में एक जून को मतदान होगा. झारखंड में लोकसभा की 14 सीट हैं. राजनीतिक दल मुख्यतः भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस) गठबंधन के साझेदारों ने लोकसभा चुनाव में महिला मतदाताओं का समर्थन जुटाने के लिए रणनीतियां बनानी शुरू कर दी है. झारखंड की मतदाता सूची के अनुसार, राज्य में खूंटी लोकसभा सीट पर पुरुषों की तुलना में सबसे अधिक महिला मतदाता हैं. इस निर्वाचन क्षेत्र में कुल 6,67,946 महिला मतदाता हैं, जबकि पुरुष मतदाताओं की संख्या 6,44,311 है. खूंटी सीट का प्रतिनिधित्व भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा करते हैं. उन्होंने 2019 में कांग्रेस के कालीचरण मुंडा से महज 1,445 मतों के मामूली अंतर से जीत हासिल की थी. भाजपा ने फिर उन्हें इस सीट से प्रत्याशी बनाया है. 'इंडिया' गठबंधन ने अभी उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है. सिंहभूम एक और आदिवासी लोकसभा सीट है, जहां पुरुषों के मुकाबले महिला मतदाता की संख्या अधिक है. इस निर्वाचन क्षेत्र में कुल 14,32,963 मतदाताओं में से 7,27,734 महिला मतदाता और 7,05,167 पुरुष मतदाता हैं.

सिंहभूमपारंपरिक रूप से झारखंड पार्टी और कांग्रेस का गढ़ रहा है. दोनों दल पांच-पांच बार इस सीट से जीत दर्ज कर चुके हैं. झारखंड की इकलौती कांग्रेस सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा हाल में भाजपा में शामिल हो गयीं और उन्हें सिंहभूम (एसटी) सीट से प्रत्याशी बनाया गया है.

### इंडिया-भाजपा ने रणनीति बनानी शुरू कर दी है

चुनावी सुधार पर राष्ट्रव्यापी अभियान 'नेशनल इलेक्शन वॉच' के राज्य समन्वयक सुधीर पाल ने पीटीआई को बताया कि आदिवासी महिलाएं सामाजिक-आर्थिक या राजनीतिक गतिविधियों में अधिक सक्रिय हैं. इस बीच, भाजपा के साथ ही 'इंडिया' गठबंधन के साझेदारों ने इन आदिवासी क्षेत्रों में महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए रणनीति बनाना शुरू कर दिया है. झारखंड भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि केंद्र सरकार की उपलब्धियां लोगों तक पहुंचाई जा रही है.

## लोकतंत्र बचाने के लिए दिल्ली में 'इंडिया' की महारैली 31 को

एजेंसी। नयी दिल्ली



आम आदमी पार्टी (आप) के नेता गोपाल राय ने रविवार को कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया देशहित और लोकतंत्र की रक्षा के लिए 31 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली का आयोजन करेगा. जान लें कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है.

**लोकतंत्र और देश खतरे में है, कांग्रेस का खाता फ्रीज कर दिया गया :** इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) के घटक आप और कांग्रेस ने यहां एक प्रेस वार्ता में केजरीवाल की गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए रैली का ऐलान किया. आप की दिल्ली इकाई के संयोजक राय ने कहा, देश में जो हो रहा है उसके खिलाफ हम 31 मार्च को रामलीला मैदान में महारैली करेंगे. इस रैली में इंडिया गठबंधन का शीर्ष नेतृत्व शामिल होगा. दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों को समान अवसर नहीं दिये जा रहे हैं. उन्होंने अपनी पार्टी के खातों को फ्रीज (लेनदेन पर रोक) किये जाने और मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी पर प्रकाश डाला.

# होली पर झारखंड में बरसेंगे बदरा, अधिकतम तापमान 37 डिग्री के पार

संवाददाता। रांची





झारखंड में एंटी साइक्लोनिक सर्कुलेशन के असर कम होने के बाद से गर्मी बढ़ गई है. हालांकि मौसम विभाग ने होली के दिन यानि 25 मार्च को बारिश होने की संभावना जताई है. विभाग ने राज्य के पूर्वी, दक्षिणी तथा निकटवर्ती मध्य भागो में कहीं-कहीं हल्के दर्जे की वर्षा होने की संभावना है. इसके लिए येलो अलर्ट भी जारी किया है. इस दौरान राजधानी रांची समेत सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसांवा, गुमला, लोहरदगा, खूंटी, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज में बारिश होने की संभावना है. वहीं 26 मार्च के बाद से आसमान साफ रहेगा. दोपहर या शाम के समय आंशिक बादल छाये रह सकते हैं. झारखंड में पिछले 24 घंटे में मौसम शुष्क रहा. सबसे अधिक उच्चतम तापमान 37.4 डिग्री से. डालटनगंज में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 15.9 डिग्री से. गढ़वा में दर्ज किया गया. राज्य में अगले 2 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है. इसके बाद अगले 3 दिन इसमें 3-4 डिग्री से. की वृद्धि हो सकती है.

### होली के दिन कहां रहेगा कैसा तापमान

**गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, कोडरमा, हजारीबाग**


- अधिकतम 36-38 डिग्री से.
- न्यूनतम 18-20 डिग्री से.

**सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां**

- अधिकतम 34-36 डिग्री से.
- न्यूनतम 19-22 डिग्री से.

**गुमला, लोहरदगा, खूंटी, रांची, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज**

- अधिकतम 33-35 डिग्री से.
- न्यूनतम 18-20 डिग्री से.




### शहर का तापमान (डिग्री से.)

| | |
|---|---|
| रांची | 32.6-18.1 |
| जमशेदपुर | 36.5-19.7 |
| डाल्टेनगंज | 37.4-17.5 |
| बोकारो | 34.1-17.5 |
| चाईबासा | 36.0-18.8 |
| देवघर | 33.4-17.9 |
| गिरिडीह | 32.9-18.1 |
| गढ़वा | 36.3-15.9 |
| लोहरदगा | 33.4-19.0 |
| गोड्डा | 34.2-18.6 |

### कांग्रेस के चार प्रत्याशियों के नाम करीब-करीब तय

# औपचारिक घोषणा ही बाकी

कौशल आनंद। रांची

- रांची सुबोधकांत सहाय, लोहरदगा सुखदेव भगत, हजारीबाग जेपी पटेल, खूंटी कालीचरण मुंडा
- रांची, खूंटी, लोहरदगा में पुराने चेहरे पर जताया नेतृत्व ने जताया भरोसा, हजारीबाग से नया चेहरा देगी पार्टी









लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस के प्रत्याशियों के नाम करीब-करीब तय हो गये हैं. इनमें से चार सीट पर प्रत्याशियों के नाम पर दिल्ली में मुहर लग चुकी है. बस इनका औपरचारिक एलान ही बाकी है. कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता की मानें तो रांची से सुबोधकांत सहाय, लोहरदगा से सुखदेव भगत, हजारीबाग से जय प्रकाश भाई पटेल और खूंटी से कालीचरण मुंडा शामिल हैं. रांची, लोहरदगा एवं खूंटी से पार्टी ने अपने पुराने चेहरे पर ही फिर से भरोसा जताया है. मगर पार्टी द्वारा यह भी दो टूक कहा दिया है कि यह उनकी अंतिम ही पारी होगी. अगर वे चुनाव जीतने में सफल नहीं होते हैं, इसके बाद पार्टी ने अगले चुनाव में उन्हें मौका नहीं दिया जाएगा. सुबोधकांत सहाय भी पार्टी आलाकमान को आश्वस्त कर दिया है कि यह उनकी अंतिम पारी ही समझा जाए.

**दो सीट पर कांटे की टक्कर, कोई भी बाजी मार सकता है**

इसके अतिरिक्त कांग्रेस के हिस्से आने वाली तीन अन्य सीट धनबाद, गोड्डा और चतरा में टिकट को लेकर कांटे की टक्कर चल रही है. अंतिम समय में कौन बाजी मारता है या नेतृत्व किसके पर विश्वास जताती है, यह देखना दिलचस्प होगा. गोड्डा सीट से पौड़याहाट विधायक प्रदीप यादव, महगामा विधायक दीपिका सिंह पांडेय के बीच कड़ी टक्कर है. जबकि विधायक इरफान अंसारी और उमा शंकर अकेला दिल्ली में पूर्व सांसद फुरकान अंसारी के लिए लॉबिंग कर रहे हैं. मगर नेतृत्व फुरकान अंसारी पर विश्वास जताएगी, इसकी उम्मीद कम ही है. धनबाद सीट की बात करें तो इसमें एक अनार सौ बीमार वाली स्थिति आ गयी है. इस सीट से पूर्व सांसद ददई दुबे, पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, अजय दुबे, विजय सिंह, अशोक सिंह पहले से दावेदार हैं. मगर पार्टी इस सीट से नया प्रयोग करते हुए पूर्णिमा नीरज सिंह को भी मैदान में उतार सकती है. पूर्णिमा निरज सिंह पर भाजपा भी डोरे डाल रही है. इसी कारण भाजपा ने अब तक धनबाद से अपने प्रत्याशी का एलान नहीं किया है.

**खास बातें**

- लोहरदगा-खूंटी से पार्टी ने पुराने चेहरे पर भरोसा जताया
- सुबोधकांत बोले-उनकी अंतिम पारी ही समझा जाए

**चतरा में कांग्रेस-राजद के बीच फंस रहा है पेंच**

चतरा सीट की बात करें तो कांग्रेस केवल पलामू सीट राजद को देना चाहती है. राजद से पलामू के लिए प्रत्याशी भी करीब-करीब तय हो चुका है. भाजपा नेत्री, जिन्होंने हाल में ही पटना जाकर राजद का दामन थाम चुकी हैं, उन्हें पलामू से राजद से उतरना करीब-करीब तय माना जा रहा है. चतरा सीट पर राजद ने बड़ी पेंच फंसा दिया है. राजद के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने इस सीट से अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर दी है. इतना ही नहीं उन्होंने ने खुद को चतरा से राजद का प्रत्याशी घोषित कर दिया है. अब इस सीट का पेंच कैसे सुलझता है. यह भी देखना दिलचस्प होगा. चतरा सीट से कांग्रेस धीरज प्रसाद साहू, जयशंकर पाठक, केएन त्रिपाठी का नाम रेस में है.

### सीट शेयरिंग पर अब तक कोई बड़ा बयान नहीं आया है आजसू पार्टी का

# आजसू पार्टी का प्रेशर पॉलिटिक्स गठबंधन की मजबूरी में फंसा है पेंच

रवि भारती। रांची




भाजपा ने अब तक झारखंड के तीन लोकसभा सीट धनबाद, चतरा और गिरिडीह में उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है. ऐसे में राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज है कि कहीं न कहीं गठबंधन की मजबूरी में पेंच फंसा हुआ है. एक तर्क यह भी दिया जा रहा है कि आजसू प्रेशर पॉलिटिक्स के लाइन लेंथ पर बैटिंग करना चाह रही है. इसकी वजह यह भी बतायी जा रही है कि 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान आजसू ने भाजपा से अपना गठबंधन तोड़ लिया था. दोनों पार्टियां अलग-अलग चुनाव लड़ीं और इसका फायदा यूपीए को मिला था.

**गठबंधन को लेकर आजसू नहीं खोल रही पत्ते :** आजसू पार्टी मिलन समारोह सहित पार्टी की विभिन्न गतिविधियों से जनाधार बढ़ाने का प्रयास कर रही है. लेकिन सीट शेयरिंग पर अब तक कोई बड़ा बयान पार्टी की ओर से नहीं आया है. राजनीतिक गलियारों में चर्चा इस बात की हो रही है कि शुरू में आजसू हजारीबाग सीट पर अपनी दिलचस्पी दिखा रही थी. लेकिन भाजपा ने हजारीबाग में मनीष जायसवाल की उम्मीदवारी की घोषणा कर दी. इसके बाद आजसू के लिए कोई स्कोप नहीं बचा. अब गिरिडीह सीट ही गठबंधन के नाते खाली है. इस सीट पर अब तक भाजपा ने अपने पत्ते नहीं खोली है. वहीं आजसू भी इस पर अपने पत्ते नहीं खोल रही.

**खास बातें**

- आजसू हजारीबाग सीट पर अपनी दिलचस्पी दिखा रही थी
- आजसू और भाजपा दोनों अपने फायदे की तलाश में

**दूर की कौड़ी खेलना चाहती है आजसू**

आजसू दूर की कौड़ी खेलना चाहती है. आजसू पार्टी इस बात को अच्छी तर3645ह जानती है कि अगर अधिक सीटों की मांग की जाएगी, तो वह पूरी नहीं हो सकती. आजसू का ध्यान इस ओर है कि विधानसभा चुनाव में ज्यादा सीटें मिल सकें, इसलिए लोकसभा में दमदार दावेदारी नहीं कर रही है. वह विधानसभा में अपना पलड़ा भारी करना चाहती है. 2019 में पहली बार भाजपा ने आजसू के साथ लोकसभा चुनाव गठबंधन में लड़ा था. राज्य की 14 में से 11 सीटें भाजपा और एक सीट आजसू ने जीती थीं. गिरिडीह संसदीय सीट से आजसू पार्टी प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी भी विजयी रहे. बहरहाल दोनों दल अपने फायदे की तलाश कर रहे हैं.

**क्या है गिरिडीह संसदीय सीट की स्थिति**

गिरिडीह संसदीय सीट की बात करें, तो पिछले तीन लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन के तहत भाजपा और आजसू का पलड़ा भारी रहा है. 2009 और 2014 में भाजपा के रवींद्र कुमार पांडेय ने जीत हासिल की, तो 2019 में आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी विजयी हुए. ऐसे में कुड़मी बहुल इलाके वाले गिरिडीह संसदीय सीट पर इस बार मुकाबला दिलचस्प होने की उम्मीद है.

**आखिर क्या है भाजपा की चाहत**

भाजपा नेताओं का कहना है कि फल और फूल एक साथ है. इसमें किसी को शक नहीं होना चाहिए. लोकसभा चुनाव में गिरिडीह सीट आजसू के खाते में है. यहां से आजसू जिसे भी प्रत्याशी बनाएगी, उसे भाजपा के नेता और कार्यकर्ता मेहनत कर जिताएंगे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जलवा ऐसा है कि प्रत्येक सीट पर जीत होगी. चुनाव चिह्न कोई रहे, चेहरा कोई रहे, भाजपा हर हाल में जीतेगी.

### खूंटी से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने चलाया अभियान

# केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाईं



रांची/चाईबासा। संवाददाता

केंद्रीय मंत्री सह खूंटी से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने रविवार को खूंटपानी के थोलको, भोया, बादेया आदि गांवों में जाकर जन संपर्क किया. इस दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने केंद्र सरकार के उपलब्धियों को जनता के समक्ष रखा. श्री मुंडा ने कहा कि विपक्षी दलों के पास नीति, नेता व नीयत की भारी कमी है. भाजपा जहां राष्ट्र निर्माण के लिये राजनीति करती है, वहीं विपक्षी दल सत्ता का सुख पाने के लिये राजनीति करते हैं. उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है. उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में ऐतिहासिक कार्य किया है. पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने समाज के हर वर्ग की चिंता की. 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प के साथ काम चल रहा है. आज भारत पूरे विश्व में एक मजबूत राष्ट्र के रूप में उभरा है. यह मोदी जी के दृढ़ संकल्प और दूरगामी सोच के कारण संभव हो पा रहा है. पहले लोगों को गैस का कनेक्शन के लिए पैरवी की जरूरत होती थी. लेकिन आज घर-घर कनेक्शन दिया जा रहा है. आदिवासी बहुल क्षेत्रों में एकलव्य आश्रम विद्यालय खोले जा रहे है. मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ चाहे उज्ज्वला हो, किसान सम्मान हो, शौचालय हो, पीएम आवास हो, के माध्यम से लोगों को मिल रहा है. यह सब एक सशक्त नेतृत्व के कारण ही संभव हुआ है. ऐसी ही प्रगति के लिए हमें तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार बनाना है. देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए मोदी जी को लाना है. इस दौरान पूर्व विधायक मंगल सोय, सुदामा हाईबुरु, झंडा हाईबुरु, राकेश बानसिंह आदि उपस्थित रहे.

**खास बातें**

- बोले-विपक्षी दलों के पास नीति और नीयत की कमी
- विपक्षी दल सत्ता का सुख पाने के लिए राजनीति करते हैं

# जमशेदपुर का अपराधी रिम्स से इलाज के दौरान फरार

संवाददाता। रांची

रिम्स अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए इलाज के लिए आया कैदी फरार हो गया. रविवार को जमशेदपुर का कुख्यात राजा सिंह उर्फ राजू रिम्स के कैदी वार्ड से पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया. राजा सिंह को जमशेदपुर के घाघीडीह जेल से इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल लाया गया था. लेकिन रविवार को वह रिम्स के साथ-साथ जमशेदपुर से उसे अभिरक्षा में लाने वाले दो जवानों को भी चकमा देकर फरार हो गया. अपराधी राजा सिंह उर्फ राजू को जमशेदपुर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था.

घाघीडीह जेल जमशेदपुर में रहने के दौरान राजा सिंह को पेट की बीमारी हुई थी, जिसके बाद उसे जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में पहले भर्ती करवाया गया था. 22 मार्च 2024 को बेहतर इलाज के लिए राजा सिंह को रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया था.

**खास बातें**

- फरार कैदी की पहचान राजा सिंह के रूप में हुई है
- आर्म्स एक्ट के मामले में गिरफ्तार हुआ था

**फरार कैदी की तलाश में छापेमारी की जा रही है**




ट्रामा सेन्टर में इलाज करा रहा कैदी राजा सिंह ने किसी तरह हथकड़ी से अपने हाथ को बाहर निकाल लिया और सुरक्षा कर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया. उसकी हथकड़ी उसके बेड से लगी हुई मिली है. फरार कैदी की तलाश में छापेमारी की जा रही है. सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला गया है. उससे भी कई सुराग हाथ लगे हैं. फरार राजा सिंह के ऊपर जमशेदपुर और सरायकेला के विभिन्न स्थानों में आधा दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं.

## रिटायर होने वाले शिक्षकों का भुगतान तीन माह में करेगा शिक्षा विभाग

रांची। झारखंड स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से रिटायर होने वाले अधिकारी, शिक्षक और कर्मचारियों को रिटायरमेंट से तीन माह पहले सभी बकाया और प्रमाण पत्र दे दिया जाएगा. इसका निर्देश विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह ने लेटर जारी कर दिया है. तीन महीना पहले सारा काम करने का निर्णय इसलिए लिया गया है, क्योंकि आए दिन रिटायर होने वाले कर्मचारियों का बकाया नहीं मिलने से वे कोर्ट पहुंच जाते हैं, जिसके कारण विभाग के काम में बाधा आती है. इन्हीं मामलों को देखते हुए विभागीय सचिव ने निर्देश दिया है. इसके लिए विभाग समेत प्रखंड स्तरीय शिक्षा कार्यालय में तैयारी की जा रही है. तैयारी पूरा होते ही काम शुरू किया जाएगा. यदि किसी के ऊपर विभागीय कार्रवाई चल रही है, तो उसे रिटायर होने के सात महीने पहले सारे मामलों का निष्पादन करना है. जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक के कार्यालय में एक कोषांग बनाना है. कोषांग में सभी का डेटा रखना है. इसके आधार पर काम करना है. जारी लेटर में निर्देश दिया गया है कि इस काम में यदि लापरवाही कोई करता है, तो उसपर कार्रवाई की जाएगी.

# सीता सोरेन की सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगा झारखंड : प्रतुल

संवाददाता। रांची



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार द्वारा सीता सोरेन के जेड सिक्योरिटी के लिए लॉजिस्टिक सपोर्ट नहीं देने पर आपत्ति जताई है. ट्विटर (एक्स) पर ट्वीट करते हुए प्रतुल ने कहा कि राज्य सरकार ने जेड सिक्योरिटी के लिए लॉजिस्टिक सपोर्ट देने से सीता सोरेन को मना कर दिया, जिसके कारण वह रांची नहीं आ पायी. रविवार को सीता सोरेन का रांची आगमन तय था, लेकिन राज्य सरकार ने उनको जेड सिक्योरिटी कवर के लिए जरूरी इंतजाम देने से मना कर दिया है. इसके कारण उनका दौरा टल सकता है. प्रतुल ने कहा कि हेमंत सोरेन पार्ट-2 सरकार का डर दिखा रहा है कि वह बहाने करके सीता सोरेन के दौरे को टालना चाहती है. सोरेन परिवार की मां समान बड़ी बहु के सुरक्षा के साथ खिलवाड़ को झारखंड कतई बर्दाश्त नहीं करेगा.

### रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष किया प्रदर्शन

# फ्रेंड्स ऑफ लद्दाख की झारखंड चैप्टर ने रखा उपवास

संवाददाता। रांची




लद्दाख के लोगों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए फ्रेंड्स का लद्दाख की झारखंड चैप्टर के तत्वावधान में मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष रविवार को नेहा सिन्हा ने एक दिवसीय उपवास किया. उपवास पर बैठीं नेहा ने कहा कि सोनम वांगचुक, एक प्रसिद्ध शिक्षक और पर्यावरण कार्यकर्ता, जो लद्दाख को राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची के कार्यान्वयन की प्रमुख मांग के लिए 6 मार्च से 21 दिनों की भूख हड़ताल पर हैं. उनके समर्थन में फ्रेंड्स ऑफ लद्दाख, झारखंड चैप्टर की ओर से एक दिवसीय उपवास रखने का निर्णय लिया गया. गौरतलब है कि जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019, जम्मू और कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करता है, जम्मू- कश्मीर और लद्दाख, तब से लद्दाख का शासन राज्य द्वारा नियुक्त राज्यपाल द्वारा किया जा रहा है. 2019 में सरकार ने वादा किया था कि यूटी को 6वीं अनुसूची दी जाएगी, एक संवैधानिक प्रावधान जो आदिवासी आबादी की रक्षा करता है और उन्हें स्वायत्त संगठन स्थापित करने की अनुमति देता है,जो उस जगह के कानून बनाते हैं. लेकिन तीन साल बाद भी जब उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो लोगों ने विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया है. इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व फ्रेंड्स ऑफ लद्दाख संगठन द्वारा किया जा रहा है. नेहा ने कहा कि एक व्यक्ति के रूप में एक दिवसीय उपवास के आह्वान का सम्मान कर रही हूं और रांची सहित झारखंड के लोगों को समर्थन देने के लिए आमंत्रित करती हूं.

**खास बातें**

- 6 मार्च से 21 दिनों की भूख हड़ताल पर हैं
- 2019 में सरकार ने वादा किया था

CLASSIFIED












होली की हार्दिक शुभकामनाएं

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | सोमवार 25 मार्च 2024 ● फाल्गुन पूर्णिमा, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 337 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## होली की मस्ती और उल्लास, जमकर उड़े अबीर-गुलाल



होली के त्योहार का उल्लास हर ओर छाया हुआ है. 24 मार्च की देर शाम को होलिका दहन के बाद कई स्थानों पर 25 मार्च को होली खेली जाएगी तो कहीं 26 मार्च को होली मनेगी. मगर होली की मस्ती हर ओर छाई हुई है. राजधानी रांची में एक होली मिलन समारोह में झूमते युवा. **फोटो : रमीज**

## गिरजाघरों में श्रद्धापूर्वक मनाया गया खजूर पर्व



प्रभु यीशु की येरूसलेम में प्रवेश की याद करते हुए रविवार को राज्यभर के मसीही विश्वासियों ने खजूर पर्व मनाया. सुबह से लोग गिरजाघरों में जुटने लगे थे. रांची के लोयला ग्राउंड से संत मारिया महागिरजाघर तक खजूर की पत्ती के साथ शोभायात्रा निकाली और प्रार्थना की गयी.

**कांग्रेस का भाजपा पर प्रहार : राजनीतिक दलों को असहाय बनाया जा रहा**

# कांग्रेस पार्टी के पास प्रचार-प्रसार तक के लिए पैसे नहीं हैं : राजेश

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस के सभी अकाउंट को फ्रीज कर दिया गया है. कांग्रेस के पास अब प्रचार प्रसार तक के पैसे नहीं हैं. कांग्रेस पार्टी जनता के सहयोग और प्यार से चुनाव लड़ेगी. वे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे. ठाकुर ने कहा कि 18 वीं लोकसभा के आम चुनाव की घोषणा हो चुकी है. देश का हर नागरिक इसमें भाग लेने के लिए उत्सकु है. भारत पूरी दुनिया में अपने लोकतांत्रिक मूल्यों और आदर्शों के लिए जाना जाता है. किसी भी लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष चुनाव अनिवार्य होता है. लेकिन यहां राजनीतिक दलों को असहाय बनाने का प्रयास किया जा रहा है.

ठाकुर ने कहा कि मालूम ही होगा, ये हाल के दिनों में किन-किन देशों में ऐसा हुआ है. तो ये सत्ताधारी दल द्वारा एक खतरनाक खेल खेला गया है. इसके दूरगामी प्रभाव होंगे. पर यह स्पष्ट है कि इस तरीके से किसी राजनीतिक दल को असहाय बनाकर चुनाव लड़ने में बाधा डालना फ्री एंड फेयर इलेक्शन कभी नहीं कहा जा सकता.

**कांग्रेस को फाइनेंशली पंगु बना दिया गया है :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि ये कोशिश की जा रही है कि फाइनेंशियली कांग्रेस पार्टी को पंगु बना दिया जाए. ये केवल कांग्रेस पार्टी के खातों पर नरेंद्र मोदी सरकार का हमला नहीं है, बल्कि भारत के लोकतंत्र पर हमला है. अगर प्रमुख विपक्षी पार्टी वित्तीय तौर पर पूरी तरके से पंगु हो जाए, कोई कार्य नहीं कर सके, पब्लिसिटी पर पैसे नहीं खर्च कर सके, कैंपेन पर पैसा नहीं खर्च कर सके, अपने कैंडिडेट को पैसे न दे सके, तो फिर चुनाव किस बात का है. पिछले एक महीने से हमारे अपने बैंक खाते में पड़े हुए 285 करोड़ रुपये का हम इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं.

### जनता के सहयोग से लड़ेंगे चुनाव : ठाकुर



### कांग्रेस ने टाइमिंग पर उठाए सवाल

राजेश ठाकुर ने कहा कि 2017-18 के एक केस को लेकर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने सात साल बाद हमारे बैंक के खाते को अब फ्रीज किया है. उन्होंने कहा कि ये सात साल पुराने केस को लेकर कैसे फ्रीज किए जा सकते हैं और टाइमिंग इसका कैसा है. हर पार्टी इनकम टैक्स से एग्जेंप्ट होती है. टाइमिंग देखिए, चुनाव से पूर्व काम शुरू किया जाता है.

### मीडिया भी अब अपनी भूमिका निभाए

ठाकुर ने कहा कि एक महीने से भी ज्यादा समय से हम अपने पैसे, जो हमारे कार्यकर्ताओं ने इकट्ठे किए हैं, उसका इस्तेमाल हम नहीं कर पा रहे हैं. ये कहां की डेमोक्रेसी है. लोकतंत्र कहां रह गया है. हम कहना चाहते हैं कि हमलोग अपनी लड़ाई लड़ेंगे, लेकिन ये मीडिया के लोगों की भी लड़ाई है, देश की जनता की लड़ाई है.

### 210 करोड़ की पेनाल्टी कहां का लोकतंत्र है

ठाकुर ने कहा कि हमारा टोटल जो है 14.40 लाख बनता है, जो 0.07 प्रतिशत है. उसकी वजह से हम पर 210 करोड़ रुपये से भी अधिक का लिएन मार्क करके हमें मेनाल्टी लगाई गयी है. तो आप सोचिए 14 लाख 40 हजार के बदले 210 करोड़ रूपए की पैनेल्टी हमारे उपर लगाई गयी है, ये कहा का लोकतंत्र है. वहीं दूसरी ओर चुनावी इलेक्ट्रॉल बांड के जरिए जबरन वसूली रैकेट भाजपा चलायी है.

### आखिर किस तरह से लोकतंत्र जिंदा रहेगा

अध्यक्ष ने कहा कि हम लोगों को पब्लिसिटी के लिए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में स्लॉट बुक करने हैं. हमें सोशल मीडिया के लिए फंड का इस्तेमाल करना है. हमें पोस्टर छपवाने हैं, हमें पंपलेट छपवाने हैं. अगर हम लोग वो काम भी नहीं कर सकते, तो आखिर किस तरह से लोकतंत्र जिंदा रहेगा.

### कंपनियों को ब्लैकमेल कर चंदा ले रहे

राजेश ठाकुर ने कहा कि कई पार्टियों को चुनावी बांड के माध्यम से धन प्राप्त हुआ, क्योंकि सभी दानदाताओं ने गुमनाम रूप से देना पसंद किया. भाजपा सरकार चला रही हैं. जांच एजेंसियों पर नियंत्रण है. कंपनियों को ब्लैकमेल चंदा उगाही की जा रही है.

### कांग्रेस पार्टी को बदनाम किया जा रहा है

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह का ऑडियो वायरल होने के संबंध में पूछे गए सवाल पर कहा कि कांग्रेस पार्टी कार्रवाई क्यों करेगी. यह सब चुनाव में कांग्रेस पार्टी को बदनाम करने के लिए चलता रहेगा.

### सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा को आईना दिखाया

राजेश ठाकुर ने कहा कि देश में लाखों करोड़ों के घोटाले का खेल का पर्दाफाश हो रहा है. सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा को पूरी तरह से नंगा कर दिया है, सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा को आईना दिखाया है. आप लोग जाकर नरेंद्र मोदी आज भाजपा वाले से सवाल क्यों नहीं पूछते हैं.

## टैक्स भुगतान में कांग्रेस हुई है डिफॉल्टर : भानु



**प्रमुख संवाददाता। रांची।** भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस पर जमकर हमले किए. कहा भारत के हर नागरिक और संस्था के लिए आयकर नियम बराबर है. कांग्रेस घोटालेबाज पार्टी है जो अपने घोटाले पकड़े जाने पर केंद्र सरकार, भाजपा और आयकर विभाग को कटघरे में खड़ा करके झूठी बातें करती है, लेकिन कोर्ट में आने पर बचाव के लिए दलील पेश नहीं कर पाती है. आयकर विभाग ने डिफॉल्टर होने के कारण कांग्रेस की बकाया टैक्स राशि 115 करोड़ के प्रयोग पर ही रोक लगाई गई है, न कि बैंक एकाउंट को फ्रीज किया है. आयकर मामले में कांग्रेस के द्वारा अपने अपने खाते फ्रिज होने की तुलना ''लोकतंत्र की हत्या'' से करना देश का अपमान है.

भानु ने कहा कि कांग्रेस ने 1 लाख 80 हजार करोड़ का कोयला, 1 लाख 76 हजार करोड़ का टूजी स्पेक्ट्रम, 3600 करोड़ का हेलीकॉप्टर, 70 हजार करोड़ का कॉमनवेल्थ गेम्स और 5000 करोड़ का नेशनल हेराल्ड घोटाला किया था. कहा कि राहुल गांधी स्वयं स्टार्टड प्लेन में घूम रहे हैं और कह रहे हैं कि कांग्रेस के पास ट्रेन में आने जाने का भी पैसा नहीं है. विधायक ने कहा कि कांग्रेस ने आयकर मामले में हर न्यायालय और ट्रिब्यूनल का दरवाजा खटखटाया लेकिन उन्हें हर जगह मुंह की खानी पड़ी. कांग्रेस के कई बैंक खाता संचालित हैं और उसके पास एक से अधिक पैन कार्ड भी है. एक से अधिक पैन कार्ड होना स्वयं कांग्रेस के संविधान के विरुद्ध है. कहा कि भारत के हर नागरिक और संस्था को सभी आयकर नियम मानने होंगे. फिर राहुल गांधी और सोनिया गांधी खुद को संविधान से ऊपर क्यों समझती है. प्रेस कांफ्रेंस में प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अशोक बड़ाईक व प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज उपस्थित थे.

**नशीले पदार्थों को होली में खपाने की थी योजना**

# भारी मात्रा में गांजा, शराब और बीयर के साथ तीन गिरफ्तार

**खास बातें**

- पंचेत रोड स्थित तीन नंबर चढ़ाई के पास छापेमारी
- 4.85 किलोग्राम गांजा के साथ देशी शराब भी बरामद

**संवाददाता। मैथन**

चिरकुंडा पुलिस ने शनिवार की रात चिरकुंडा क्षेत्र के पंचेत रोड़ स्थित तीन नंबर चढ़ाई के समीप छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध शराब, गांजा एवं चीलम बरामद किया है. इस संबंध में विकास गोराई, मंगल गोराई एवं लुकन देवी को गिरफ्तार किया है. घटना के संबंध में जानकारी देते हुए डीएसपी मुख्यालय शंकर कामती ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि तीन नंबर चढ़ाई क्षेत्र में उक्त व्यक्तियों द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध रूप से गांजा व शराब की ब्रिकी की जा रही है. सूचना पर चिरकुंडा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी व्यक्तियों के घरों पर छापेमारी की गई, जहां भारी मात्रा में गांजा, शराब, बीयर व चिलम बरामद किया गया है. बरामद सभी समान के साथ मौके से उक्त तीनों व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया.



### ये सामान हुए बरामद

बरामद समान में 4.85 किलोग्राम गांजा, बंगाल की देशी शराब की 50 बोतलें, किंग फिसर बीयर की 32 बोतल व 190 पीस चिलम शामिल है. डीएसपी शंकर कामती ने बताया कि पुलिस के लिए यह बहुत बड़ी कामयाबी है. सभी नशीले पदार्थों को होली में खपाने की साजिश रजी जा रही थी, लेकिन पुलिस ने समय से पहले ही माल के साथ अवैध धंधेबाजों को धर दबोचा है. छापेमारी टीम में थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह के अलावा एसआई कमलजीत चौधरी, एएसआई फगुआ उरांव, शशिप्रभा सिन्हा सहित सशस्त्र बल शामिल थे.

## तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से दो की मौत

**चक्रधरपुर।** रांची-चाईबासा मुख्य मार्ग मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के उलीडीह के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गयी. मरने वालों में एक महिला व एक पुरुष शामिल हैं. घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार होने की कोशिश करने लगा, लेकिन स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया. बताया जाता है कि ऊंचीबिता गांव निवासी रमेश केराई, नरसिंह केराई व एक महिला मोटरसाइकिल पर सवार होकर चक्रधरपुर से चाईबासा की ओर जा रहे थे. उलीडीह के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से बाइक को चपेट में ले लिया. घटना के बाद रमेश केराई व एक महिला ट्रक के नीचे आ गए. मौके पर ही उनकी मौत हो गई. घायल नरसिंह केराई को स्थानीय लोगों के सहयोग से एक ऑटो में अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया. वहां से रिम्स रेफर किया गया.

# पलामू में वर्चस्व की लड़ाई में दो लोगों की गला रेत कर हत्या

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

**खास बातें**

- 2019 में बालू उठाव को लेकर हुआ था विवाद
- पुलिस मामले की जांच में जुटी शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र में अपना वर्चस्व दिखाने को लेकर रविवार की सुबह चाकू से दो लो.गों की हत्या कर दी गयी. दोनों हत्या गला काट कर की गयी है. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची. जानकारी के अनुसार चैनपुर थाना क्षेत्र स्थित सेमरटांड़ निवासी राजेश शाह सुबह कोयल नदी क्षेत्र में गये थे. इसी क्रम में घात लगाये बैठे अपराधियों ने राजेश पर चाकुओं से हमला कर दिया और उसका गला रेत दिया. राजेश की मौके पर ही मौत हो गयी. वहीं आरोपियों ने उनके दोस्त सुजीत भुइयां को सेमरटांड़ से 800 मीटर दूर शहर थाना क्षेत्र स्थित नवाटोली के नदी किनारे गला रेत कर हत्या कर दी. दोनों युवक चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरटांड़ के रहने वाले थे. जानकारी के अनुसार साल 2019 में बालू उठाव को लेकर राजेश शाह और राम और शमा चौधरी के बीच आपसी विवाद हुआ था. 2020 में राजेश शाह ने राम चौधरी को गोली मारी थी. उसके बाद से ही दोनों गुटों के बीच जंग छिड़ गयी और आज आपसी वर्चस्व दिखाने के लेकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया. चैनपुर थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि दोनों गुटों के बीच काफी दिनों से विवाद चल रहा था.

**कार्रवाई** **पुलिस ने अबतक तीन करोड़ 60 लाख रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए गए**

# 44.22 लाख रुपये का डोडा, अफीम व गांजा बरामद

**आशीष टैगोर। लातेहार**

मादक द्रव्यों का उत्पादन, भंडारण व तस्करी रोकने के लिए लातेहार पुलिस लगातार अभियान चला रही है. इसी कड़ी में लातेहार पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है. पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना पर बालूमाथ थाना पुलिस ने करीब 44 लाख 22 हजार रुपये का डोडा, अफीम (अफीम स्ट्रॉ) और गांजा बरामद किया है. एसपी अंजन ने यहां आयोजित एक प्रेस वार्ता में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बालूमाथ थाना के सेमरसोत ग्राम में अवैध रूप से अफीम, डोडा व गांजा का भंडारण खरीद बिक्री के लिए किया जा रहा है. सूचना की सत्यापन के बाद बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम के नेतृत्व में एक छापामारी दल गठन किया गया. छापामारी दल द्वारा सेमरसोत के चौकीदार टोला में इंद्रदेव गंझू व ज्योतिष गंझू के घर में छापामारी की गयी. छापामारी में थाना प्रभारी विक्रांत कुमार व अन्य शामिल थे.



### 46.5 किलो डोडा जब्त किया

छापामारी दल ने उक्त दोनों लोगों के घरों से 46.5 किलोग्राम डोडा बरामद किया. इसके अलावा 32 किलोग्राम गांजा व 4.2 किलोग्राम अफीम बरामद किया गया. एसपी ने बताया कि एनसीबी द्वारा अनुमोदित दर के आधार पर जब्त डोडा कीमत छह लाख 97 हजार रुपये है. जबकि गांजा की कीमत 16 लाख 25 हजार रुपये एवं अफीम की कीमत 21 लाख रुपये है. पुलिस ने दोनो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. एसपी ने बताया कि इस संबंध में बालूमाथ थाना में भादवि की धारा 17(सी), 18 (बी)/ 20 (ए) 20बी (ii)/सी 22एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया है.

### तीन करोड़ 60 लाख के मादक द्रव्य जब्त किए

बता दें कि इससे पहले लातेहार पुलिस ने मादक द्रव्यों के उत्पादन, भंडारण व खरीद-बिक्री पर रोक लगाने के कारण लगातार छापामारी व कार्रवाई की गयी है. साल 2023-24 में पुलिस ने लातेहार जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 118 एकड़ भूमि पर लगी अफीम की खेती को नष्ट किया है. आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद लातेहार पुलिस ने अबतक 85.6 लाख रुपये की 17.120 किलोग्राम अफीम, 21 लाख 57 हजार रुपये की गांजा व दो करोड़ 53 हजार लाख रुपये की डोडा बरामद किया है.

**डुमरिया प्रखंड के खैरबनी पंचायत के नीमडीह की घटना**

# श्राद्ध कर्म का भोजन खाकर 15 बच्चे सहित 25 लोग बीमार

**संवाददाता। डुमरिया**

डुमरिया प्रखंड के खैरबनी पंचायत अंतर्गत दामदीह टोला नीमडीह में श्राद्ध कर्म में भोजन खाने से 15 बच्चे समेत कुल 25 ग्रामीण डायरिया के चपेट में आ गए. रविवार को सभी पीड़ित ग्रामीणों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरिया लाया गया. डॉ विनय भूषण तिवारी और डॉ सुषमा हांसदा ने सभी मरीजों का इलाज किया. डॉ विनय ने बताया कि दूषित भोजन खाने से डायरिया फैलने की आशंका है. पीड़ित मरीजों के परिजनों ने बताया कि शनिवार को गांव में एक श्राद्ध कर्म था. इसमें सभी ग्रामीणों ने खाना खाया था. रात से ही लोगों को उल्टी-दस्त होने लगी थी. सुबह तक अधिकांश ग्रामीणों की तबीयत बिगड़ने लगी. तीन एंबुलेंस से मरीजों को अस्पताल पंहुचाया गया. डॉक्टरों के मुताबिक अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों का इलाज किया गया है. डायरिया पीड़ित सभी मरीजों के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की एक मेडिकल टीम को प्रभावित टोला में भेजा गया है.



## ब्रीफ खबरें

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की हुई मौत

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के टोटो चौक के समीप ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर में बाइक सवार डेवीडीह निवासी 24 वर्षीय अनिल उरांव और 14 वर्षीय सुमित उरांव घायल हो गए. स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने अनिल उरांव को रिम्स रेफर कर दिया. रिम्स ले जाने के दौरान अनिल उरांव की मोत हो गई. जानकारी के अनुसार दोनों युवक अपने बाइक में पेट्रोल लेने टोटो पंप जा रहे थे. टोटो चौक के समीप ऑटो को ओवरटेक करने के दौरान ट्रैक्टर व बाइक के बीच टक्कर हो गया.

### बरवाडीह में सर्पदंश से महिला की मौत

**बरवाडीह (लातेहार)।** प्रखंड के हुकामाड़ पंचायत के मुरु गांव निवासी शिव कुमार सिंह की पत्नी संजोगा देवी (40) की मौत सांप के काटने से हो गयी. शिव कुमार सिंह ने बताया कि पत्नी संजोगा देवी बुधवार को खेतों मे पानी पटा रही थी. इसी दौरान एक विषैले सांप ने उसे डंस लिया. आनन फानन में उसे ईलाज के लिए तुंबागड़ा अस्पताल में भर्ती कराया गया. ईलाज के बाद शनिवार की रात घर उसे घर लाया जा रहा था. लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई. मौके हुकामाड़ पंचायत की मुखिया पूनम देवी, मुखिया प्रतिनिधि कैलाश सिंह, पूर्व मुखिया देवनाथ आदि थे.

### भाईचारगी के साथ सभी मनाएं होली : थाना प्रभारी

**छतरपुर/पलामू।** थाना प्रभारी राजेश रंजन ने क्षेत्र के लोगों को होलिका दहन और रंगो के त्यौहार होली की ढेर सारी शुभकामनाएं दी हैं. उन्होंने कहा है कि छतरपुर पुलिस लोगों की सेवा में हमेशा तत्पर है. होली को शांति और भाईचारगी के साथ मनाएं. किसी को नुकसान देकर होली नही मनाएं. छतरपुर पुलिस की नजर असामाजिक तत्वों पर हमेशा रहेगी. क्षेत्र की सभी जनता को किसी प्रकार की समस्या आए तो वे तुरंत छतरपुर पुलिस को सूचना दें.

### सोसाइटी ने किया होली मिलन सम्मान समारोह का आयोजन

**भवनाथपुर।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी के तत्वावधान में प्रखंड परिसर में होली सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी के सचिव विकास माली, बीडीओ नंदजी राम, मेराल प्रमुख दीपमाला कुमारी, भवनाथपुर मुखिया बेबी देवी व सोसाइटी के भवनाथपुर को-ऑर्डिनेटर अंजू गुप्ता ने संयुक्त रूप फीता काटकर किया. इस दौरान संस्था के सचिव ने पंजीकृत बच्चियों, सोसाईटी के सक्रिय सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों को गमछा देकर सम्मानित किया.

### सिमडेगा में खजूर पर्व धूमधाम से मनाया गया

**सिमडेगा।** शुरूवात खजूर डाली की आशीष की गई तत्पश्चात खजूर जुलूस के साथ शोभा यात्रा निकाली गई साथ ही मिस्सा पूजा अनुष्ठान में मुख्य अनुष्ठाता रहे डीन फा थॉमस सोरेंग,सहायक रहे फादर संदीप कुमार खेस और फा जॉन केरकेट्टा .आज के मिस्सा पूजा अनुष्ठान में कोयर ग्रुप द्वारा स्थानीय महिलाओं,लड़कियों ने अपने गीतों से माहौल को भागतीमय बनाया .इस मौके पर हेड प्रचारक विलियम केरकेट्टा ब्रदर आनंद टेटे, उर्सू लाइन कांवेंट के मदर सिस्टर किरण इक्का,सिस्टर कोरनेलिया डुंगडुंग सभी धर्म बहनें झामु जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना,युवा मोर्चा सचिव राजेश टोप्पो आदि थे.

#### झारखंड के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने भाजपा पर सादा निशाना, लगाये गंभीर आरोप

# भाजपा इलेक्टोरल बांड के नाम पर वसूली रैकेट चला रही है

**संवाददाता।लातेहार**



झारखंड के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा इलेक्टोरल बांड के नाम पर वसूली का रैकेट चला रही है. इस बांड से भाजपा को साढ़े आठ हजार 250 करोड़ रुपये बतौर घूस मिला है. केंद्र की सरकार ने चंदा व घूस लेने के लिए एक नया तरीका निकाला है. ताकि घूस व चंदा देने वालों का नाम सामने नहीं आये. त्रिपाठी रविवार को कांग्रेस जिला कार्यालय में एक प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि भारत सरकार के आयकर विभाग ने कांग्रेस पार्टी का 285 करोड़ रुपये का फंड ब्लाक कर दिया है. इस फंड का इस्तेमाल कांग्रेस पार्टी अब लोकसभा चुनाव में नहीं कर पायेगी. जबकि यह फंड कांग्रेस कार्यकर्ताओं से एक-एक रूपये ले कर जमा किया था. वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार ने चार लाख करोड़ रुपये का ठेका विभिन्न कंपनियों को दिया. उनसे रिश्वत के तौर इलेक्टोरल बांड के माध्यम से चार हजार करोड़ रुपये भाजपा के खाते में ले लिये. जिन दवा कंपनियों के खिलाफ जांच चल रही थी, जो फर्जी थी, उन कपंनियों को घूस ले कर लाइसेंस दे दिया गया. भाजपा की यह सरकार ईडी, सीबीआई व आयकर के माध्यम से 94 कंपनियों को निशाना बनाया है. जिन्होंने इलेक्टोरेल बांड लिया उन पर कार्रवाई नहीं की गयी. साफ है कि यह चुनावी बांड के नाम पर भाजपा चंदा वसूली कर रही है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओ से लिए गये फंड को आयकर विभाग सीज कर देती है, जबकि दूसरी ओर भाजपा के खाते में चुनावी चंदा का हजारो करोड़ रुपया जमा है, उसे सरकार फ्रीज नहीं कर रही है. उन्होंने इस मामले पर देश के सुप्रीम कोर्ट व चुनाव आयोग से जांच कर कार्रवाई की मांग की. मौके पर जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, सुरेंद्र भारती, युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित यादव आदि मौजूद थे.

**खास बातें**

- आयकर विभाग ने कांग्रेस पार्टी का फंड ब्लाक कर दिया
- भाजपा के खाते में चुनावी चंदा का हजारो करोड़ रुपया जमा है

#### कांग्रेस के आरोपों का भाजपा सांसद ने दिया जवाब

# कांग्रेस के तथ्यहीन आरोप भाजपा को बदनाम करने की साजिश : वीडी राम

**संवाददाता।मेदिनीनगर**




कांग्रेस घोटालेबाज पार्टी है जो अपने घोटाला पकड़े जाने पर केंद्र सरकार, भाजपा और आयकर विभाग को कटघरे में खड़ा करके झूठी बातें करती है, लेकिन न्यायालय में अपने बचाव के लिए दलील पेश नहीं कर पाती है. आयकर विभाग ने डिफॉल्टर होने के कारण कांग्रेस की बकाया टैक्स राशि पर ही रोक लगाई है, न कि बैंक अकाउंट को फ्रीज किया है. आयकर मामले में कांग्रेस के द्वारा अपने खाते को 'फ्रीज' होने की तुलना 'लोकतंत्र की हत्या' से करना, देश का अपमान है. कांग्रेस पार्टी का बैंक खाता फ्रीज कराने के आरोप का प्रतिकार करते हुए पलामू के सांसद वीडी राम, भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी व अन्य नेताओं ने इसे जनता को भ्रमित करने वाला और भाजपा को बदनाम करने वाला साजिश करार दिया. सांसद व जिलाध्यक्ष ने कहा कि घोटोला-दर-घोटाला करने वाली कांग्रेस अपनी कमियों को छिपाने के लिए यह कृत्य कर रही है परंतु जनता समझदार है और कोर्ट सबकुछ समझ रही है. लोगों की आंखों में कोई धूल नहीं झोंक सकता. भाजपा के पलामू लोकसभा क्षेत्र के मेदिनीनगर में स्थित प्रधान कार्यालय में रविवार को प्रेस से बातचीत में सांसद, जिलाध्यक्ष व अन्य नेतागण प्रेस से बातचीत में कहा कि कांग्रेस पार्टी का एक ही बैंक एकाउंट नहीं है. एक से अधिक बैंक एकाउंट व पैन कार्ड रखने की अनुमति भी कानून नहीं देती है. किसी भी राजनीतिक दल को 20 हजार रुपये तक चंदा लेने की अनुमति है. राजनीतिक पार्टियों को आयकर के तहत कुछ छूट भी मिली हुई है. परंतु यह छूट तभी मिल सकती है जब अन्य कानून का अनुपालन पार्टी करती है. आईटी एक्ट सामान्य रूप से सभी पार्टी, व्यक्ति समूह या व्यक्ति पर लागू होता है. भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस को भाजपा के खिलाफ आरोप लगाने, प्रेस से बाचीत के दौरान वरीय नेता श्याम नारायण दूब, प्रेम सिंह, विपिन बिहारी सिंह, शिव कुमार मिश्र, जिला पार्षद प्रमोद सिंह, सोमेश सिंह विजय ओझा ,ईश्वरी पांडे ,संजय कुमार ,अभिमन्यु तिवारी ,अलख दुबे आदि विशेष रूप से उपस्थित थे.

### कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज करना लोकतंत्र की हत्या : रामचंद्र सिंह



मेदिनीनगर ।भाजपा पर रविवार को तीखा हमला बोलते हुए मनिका क्षेत्र से विधायक सह पलामू लोकसभा क्षेत्र के लिए कांग्रेस के प्रभारी रामचंद्र सिंह और पलामू जिला कांग्रेस के अध्यक्ष जयेश रंजन पाठक ने कहा कि पार्टी का बैंक एकाउंट फ्रीज कर कांग्रेस को लड़ने लायक नहीं छोड़ने की साजिश रची गई है. राशि के अभाव में कांग्रेस बेहतर तरीके से चुनाव की तैयारी नहीं कर पा रही है, यह मर्डर ऑफ डेमोक्रेसी है. परंतु जनता ने कांग्रेस के पक्ष से लड़ाई लड़ने का संकल्प ले लिया है. भाजपा को सत्ता से भगाने का काम जनता करेगी, वह जवाब देने को तैयार है. कांग्रेस को आजादी की लड़ाई लड़ने का अनुभव है, इस अनुभव का इस्तेमाल भाजपा के खिलाफ लड़ाई में करेगी. पलामू जिला कांग्रेस कार्यालय के विधायक व जिलाध्यक्ष ने कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ईडी, आईटी, सीबीआई आदि केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है. खुद कंपनियों पर दबाव बनाकर पैसे की उगाही कर रहे हैं और प्रतिपक्ष के रास्ते में रोड़ा फैला रहे हैं. इलेक्ट्रोरल बॉड की जानकारी देने के लिए एसबीआई समय मांग रहा था जब सुप्रीम कोर्ट से कड़ाई हुई तब तत्काल रिपोर्ट समर्पित कर दिया.

### अवैध विदेशी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**धुरकी।** धुरकी पुलिस ने छापामारी कर रविवार सुबह अवैध विदेशी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. उनके पास से काफी मात्रा में विदेशी शराब भी बरामद किया गया है.जानकारी देते हुए धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि उन्हें दो लोगों द्वारा अवैध विदेशी शराब को बोरा में भर कर टाटीदिरी गांव के रास्ते कहीं लेकर जाने की गुप्त सूचना मिली थी.उन्होंने बताया कि तुरंत एफएसटी टीम के साथ समन्वय कर छापामारी की गई. इस दौरान मैगडॉवल्स के हाफ 6 बॉटल 2.250 लीटर, इंपीरियल ब्लू के हाफ 12 बॉटल 4.50 लीटर, गॉड फादर बीयर 24 बॉटल को जप्त करते हुए इसमें शामिल नगर उंटारी निवासी हीरालाल राम के पुत्र अभिषेक कुमार तथा मझिआंव निवासी स्व. राम विलास सिंह के पुत्र धनंजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया.

### रमना में बेखौफ जारी है अवैध बालू का कारोबार

**रमना।** प्रखंड में बालू का अवैध परिवहन और विक्रय का खेल खुलेआम हो रहा है. शासन-प्रशासन मौन बन कर बैठा हुआ है. अवैध बालू परिवहन और उंचे मूल्य पर क्षेत्र में हो रहे विक्रय का पता क्या प्रशासनिक पदाधिकारियों को नहीं है. यदि उन्हें पता नहीं तो उनका खुफिया तंत्र क्या कर रहा है. प्रशासनिक व्यवस्था के नाक के नीचे यह अवैध कारोबार लंबे समय से फल फूल रहा है. फिर भी खनन विभाग के अधिकारी व प्रशासनिक पदाधिकारी अनजान बनी हुई है. अवैध बालू कारोबारी चतुराई से रात के अंधेरे में बालू का अवैध खनन और परिवहन करते हैं, जो सुबह 4-5 बजे तक चलता है. ग्रामीणों में यह चर्चा है कि बालू का अवैध कारोबार प्रशासनिक मिलीभगत से हो रहा है. प्रतिदिन अवैध बालू लदे दर्जनों ट्रैक्टर एक साथ निकलती है.

## फाउंडेशन ने बेहतर कार्य करने वाली छात्राओं को किया सम्मानित



**संवाददाता।बरवाडीह (लातेहार)**

स्वयंसेवी संस्था पिंकी फाउंडेशन की ओर से प्रखंड क्षेत्र के धार्मिक और पर्यटन स्थलों में स्वच्छता अभियान और पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है. इस अभियान में बेहतर कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को शनिवार को प्रखंड परिसर में संस्था के द्वारा सम्मानित किया गया. जिला परिषद के सदस्य संतोषी शेखर ने उन्हें प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया. संस्था के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य अपने क्षेत्र के पर्यावरण की रक्षा करना और अपने आसपास के सभी स्थानों को स्वच्छ और सुंदर बनाना व समाज को जागरूक करना है. आने वाले दिनों में जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए कपड़ा बैंक की स्थापना की जाएगी. मौके पर शुभम अग्रवाल, चेतन वर्मा, ऋषभ किशोर, विष्णु कुमार, अमीषा अग्रवाल, सिंपल कुमारी, सिकंदर सिंह व प्रथम सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे.

### सीसीएल ने किया फॉगिंग और ब्लीचिंग का छिड़काव

**बालूमाथ (लातेहार)।** सेंट्रल कोल फील्ड लिमिटेड द्वारा संचालित मगध-संघमित्रा ने अपने सीएसआर के तहत डेंगू व मलेरिया जैसे संक्रामक रोगों से बचने के लिए परियोजना एवं प्रभावित अन्य 20 गांवों में कीटनाशक फॉगिंग किया. इसके अलावा 100 से अधिक जल स्त्रोतों एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया. जानकारी देते हुए मगध के परियोजना पदाधिकारी एस सत्यनारायण सदाला ने बताया कि मौसम में बदलाव के साथ मच्छरों से होने वाले संक्रमण से बचने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों में फॉगिंग और ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव का कार्यक्रम चलाया जा रहा है. ताकि समय रहते कीटाणुओं से बचाव हो सके. उन्होंने कहा कि नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए जायेगें.

## केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के होली मिलन समारोह में उड़े गुलाल



**संवाददाता।लातेहार**

केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन जिला कमेटी के द्वारा शहर के होटल सेलिब्रेशन इन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विनोद बिहारी गुप्ता और संचालन जिला सचिव विजय कुमार ने किया. जिलाध्यक्ष ने कहा कि होली दोस्ती व भाईचारा का त्योहार है. इसे मिलजुल कर मनाना चाहिए. सचिव विजय कुमार ने कहा कि होली असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है.

**मौके पर ये लोग रहे मौजूद**

मौके पर उमाशंकर चैतन्य, अमित कुमार, रमेश प्रसाद गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद, संतोष चंद्र गोस्वामी, चंद्रकांत प्रसाद, बलवंत सिंह, संजीत गुप्ता, ताराचंद प्रजापति, रवि शंकर प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद, अशोक कुमार, प्रदीप साव, बिरेंद्र यादव, पवन यादव, ओम गुप्ता, अमर कुमार, मुरली शर्मा, प्रकाश यादव उमेश साव समेत कई लोग मौजूद थे.

**आयोजन** भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव की शहादत दिवस पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

# जनवादी गीतों के साथ कलाकारों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**संवाददाता।मेदिनीनगर**



ये फैसला का वक्त है तू आ कदम मिला, ये इम्तिहान सख्त है तू आ कदम मिला... आनंद क्रांतिवर्धन द्वारा लिखित इस गीत के बोल के साथ कलाकारों ने युवाओं की एकजुट का आह्वान देश और समाज की एकता के संदेश के साथ किया. मौका था शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या का. शनिवार को शहीदों की याद में शहादत समारोह समिति ने अंबेडकर पार्क में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया, जहां जनवादी गीतों, लोकगीतों और होली गीतों की प्रस्तुति के साथ शहीदों को सलाम पेश किया गया. इसके पूर्व शहादत समारोह समिति की ओर से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर सामूहिक रूप से माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया. इसके बाद सांस्कृतिक संध्या का आगाज इप्टा के कलाकारों ने शहीदों को नमन करते हुए फांसी का झूला झूल गया मस्ताना भगत सिंह, दुनिया को सबक दे गया दीवाना भगत सिंह गीत के साथ किया. इसके बाद लोक कलाकार पंकज निराला ने कबीर के कई गीतों को नए अंदाज में गाकर सबको झूमने पर विवश कर दिया. पंकज ने मौजूदा दौर में बढ़ रहे सांप्रदायिक हिंसा के खिलाफ कबीर का संदेश मोको कहां ढूंढे रे बंदे मैं तो तेरे पास में जनता को जागृत करने के लिए पेश किया, वहीं होशियार रहना रे नगर में चोर आवेगा और मन लागो यार फकीरी में सरीखे गीतों के जरिये समाज मे गैरबराबरी और नफरत के खिलाफ प्रेम का संदेश दिया. सांस्कृतिक संध्या के दौरान लोक गायिका और आकाशवाणी की उद्घोषिका शालिनी श्रीवास्तव ने सबसे पहले भगत सिंह के जीवनगाथा पर आधारित स्वलिखित रचना की शानदार प्रस्तुति दी इसके बाद सबको होली गीतों के रंगों से सराबोर कर दिया. शहादत समारोह समिति के तमाम सदस्यों समेत दर्शकों ने होली गीतों पर खूब तालियां बजाई और जमकर झूमे भी. कार्यक्रम का संचालन प्रेम प्रकाश व रविशंकर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया. अंत में धन्यवाद ज्ञापन इप्टा के पलामू जिला अध्यक्ष प्रेम भसीन ने किया. संगीत के दौरान ऑर्गन पर राजा सिन्हा, पैड पर बुलबुल कुमार और नाल पर भूपेश कुमार शर्मा संगत कर रहे थे. इप्टा के गायक कलाकरों में संजीत दुबे, शशि पाण्डेय, संजू ठाकुर, अमित कुमार भोला, समरेश सिंह, अजीत ठाकुर, प्रेम प्रकाश व रवि आदि शामिल थे. दर्शकों में अविनाश देव, बृजेश शुक्ला, पंकज श्रीवास्तव, जुगल पाल, चंदा झा, शालिनी श्रीवास्तव, संजू शुक्ला, अजीत पाठक, सैकत चटर्जी, उपेंद्र मिश्रा, शैलेंद्र कुमार, शब्बीर अहमद, आलोक वर्मा, गोविंद कुमार, ललन प्रजापति, नुदरत नवाज, अमर कुमार भांजा, प्रिंस सिंह, मो नसीम समेत काफी संख्या में महिला, पुरुष व बच्चे उपस्थित थे..

**खास बातें**

- यह फैसले का वक्त है तू आ कदम मिला...
- गीत के साथ कबीर के पद को किया गया प्रस्तुत

## न्यूज अपडेट

### पांकी पुलिस ने अवैध कोयला लदा हाइवा जब्त किया



**पांकी (पलामू)।** पांकी पुलिस ने रविवार को पांकी स्टेट हाईवे रोड स्थित मंगलपुर गांव से अवैध कोयला लदे एक हाइवा को जब्त किया है. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध कोयला लोड एक हाइवा जा रहा है. पुलिस ने ग्राम मंगलपुर में हाइवा वाहन को रोका. चालक से जब कोयला से संबंधित वैध कागजात की मांग की गई तो वह नहीं दिखा सका. हाइवा में करीब 25 टन कोयला लोड था, जिसे हाइवा समेत पुलिस ने जब्त कर लिया. उक्त संबंध में वाहन के मालिक व चालक के विरुद्ध पांकी थाना सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है. वहीं चालक एलेक्सिस डोडराय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है. चालक एलेक्सिस डोडराय खूंटी के तोरपा थाना क्षेत्र का रहनेवाला है.

### बस स्टैंड में नहीं हैं यात्री सुविधाएं, पसरी है गंदगी



**चंदवा (लातेहार)।** चंदवा बस स्टैंड में किसी प्रकार की कोई यात्री सुविधा नहीं रहने के कारण लोग परेशान हैं. चारो ओर गंदगी पसरी है. जिला परिषद के द्वारा सिर्फ यहां से राजस्व की वसूली की जाती है. सैरात लेने वाले ठेकेदारों के द्वारा यहां यात्रियों को कोई सुविधा नहीं दी जा रही है. बस स्टैंड में शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं है. इस कारण यात्री खासे परेशान होते हैं. खास कर महिलाओं को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. हालांकि जिला परिषद ने यहां शौचालय का निर्माण कराया गया है लेकिन उसे चालू नहीं किया गया है. स्टैंड में आने वाले यात्रियों के अलावा स्थानीय लोग भी परिसर में ही मल व मूत्र त्याग कर गंदगी फैलाते हैं.

### जिला वॉलीबॉल संघ का होली मिलन समारोह आयोजित



**गढ़वा।** गढ़वा जिला वॉलीबॉल संघ के तत्वावधान में रविवार को संघ के कार्यकारी अध्यक्ष नवीन पाठक के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इस दौरान संघ से जुड़े सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर होली की बधाई दी. मौके पर संघ के सचिव ओम प्रकाश तिवारी ने कहा कि होली आपसी सौहार्द का त्यौहार है. इसमें सभी लोग एक दूसरे को गीले शिकवे भुलाकर आपस में गले से गले मिलकर होली मनाते है.मौके पर संघ के संयुक्त सचिव संजीव कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष श्याम नारायण पाण्डेय, पंकज मिश्र, ओमप्रकाश चौबे, कोषाध्यक्ष प्रणव कुमार, मीडिया प्रभारी राजकमल तिवारी, अंशु दुबे, समर कुमार आदि लोग उपस्थित थे.

### जायन्ट्स सहेली ने किया होली मिलन समारोह



**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप का गढ़वा सहेली ने के तत्वावधान में रंगारंग होली मिलन समारोह का आयोजन किया. इस दौरान सहेली सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी. साथ ही होली के गीत गाकर एवं नृत्य कर होली का आनंद लिया. मौके पर सहेली सदस्यों ने कहा कि होली रंगों का त्यौहार है. इसमें आपसी दुश्मनी, शिकवा शिकायत भूल कर एक दूसरे को गले लगाना चाहिए. होलिका दहन में जिस प्रकार बुराई जल जाती है, उसी प्रकार हम सबको अपने अन्दर की बुराई को भी जला देनी चाहिए एवं भाईचारा का माहौल बना कर अच्छे समाज का निर्माण करना चाहिए. होली में प्राकृतिक रंग का प्रयोग करना चाहिए.

### जायन्ट्स ने किया रंग, पिचकारी, अबीर गुलाल का वितरण



**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में जिले के खजुरी ग्राम के बिंद टोला स्थित कैलाश पर्वत के छोटे-छोटे बच्चे, बच्चियों और ग्रामीणों के बीच रंग, पिचकारी, अबीर गुलाल, टॉफी एवं बिस्कुट का वितरण किया गया. मौके पर जायन्ट्स पदाधिकारियों ने कहा कि होली सौहार्द्र का पर्व है. सभी लोगों को होली मिलजुलकर मनाना चाहिए. यदि साल भर में कभी किसी से मनमुटाव या दुख तकलीफ हो तो उसको भी भूला कर सबको गले लगाना चाहिए. मौके पर जायंट्स वेल्फ़ेयर फ़ाउंडेशन फ़ेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, फ़ेडरेशन उपाध्यक्ष मनोज केशरी, जायन्ट्स गढ़वा के वर्तमान अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष विनोद गुप्ता,पंचायत के मुखिया श्रीकांत दुबे आदि लोग उपस्थित थे.

### होली को लेकर सजा बाजार,उमड़ी लोगों की भीड़



**लातेहार।** होली त्योहार को लेकर जिले के विभिन्न प्रखंडों में बाजार सज गया है. शहरी व ग्रामीण क्षेत्रो में होली को ले कर उत्साह का माहौल देखा जा रहा है. बाजारों में रंग, अबीर गुलाल व पिचकारी व पटाखों की दुकानें सजी है.बाजार में 20 रुपये ले कर एक हजार रूपये तक कि पिचकारी उपलब्ध हैं. दुकानों में विभिन्न प्रकार के मुखौटा और सिर में लगाने के लिए विग उपलब्ध हैं. हालांकि महंगाई का असर बाजार में देखा जा रहा है. हालांकि होली किस दिन होगी, इसे ले कर संशय अवश्य है. मनोकामना सिद्धी हनुमान मंदिर के पुजारी त्रिभुवन पांडेय, सोमेश्वर शिव मंदिर के पुजारी संतोष मिश्र . यह रात 11:13 मिनट से शुरू होकर रात 12 बजकर 27 मिनट तक रहेगा.

### चुनाव व त्योहारों को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च

**मेदिनीनगर।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर एवं अनुमंडल पदाधिकारी सदर अंचल के नेतृत्त्व में होली पर्व के मद्देनजर शहर थाना क्षेत्र के अस्पताल चौक, कनीराम चौक कुंद मोहल्ला, कसाई मोहल्ला, पंचमुहान चौक एवं अन्य कई क्षेत्र में निकल गया फ्लैग मार्च. जिसमें शहर थाना प्रभारी, सशस्त्र बल एवं पुलिस केंद्र से आए सशस्त्र बल उपस्थित रहे. लोकसभा चुनाव और होली पर्व को लेकर विश्रामपुर इंस्पेक्टर राम आशीष पासवान के नेतृत्व में आज ऊंटारी रोड व रेहला, पाण्डु और विश्रामपुर थाना के सयुंक्त तत्वावधान में फ्लैग माच निकाला गया. इस दौरान रेहला थाना क्षेत्र के अति संवेदनशील क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण भी किया गया. रविवार के दोपहर में रेहला थाना से होते हुए विश्रामपुर, ऊंटरी रोड, पांडु बाज़ार सहित अन्य क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया और बूथो का निरीक्षण किया गया. इंस्पेक्टर राम आशीष पासवान ने बताया कि लोकसभा चुनाव एवं होली तथा रमजान पर्व को लेकर थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाली गया है.

### भाजपा के होली मिलन कार्यक्रम में उड़े रंग गुलाल



**गुमला।** गुमला के बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में रविवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. होली खेले रघुबीरा अवध में ... रंग बरसे ..जैसे गीतों में महिला व पुरुष कार्यकर्ता जमकर गुलाल उठाएं और एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली उत्सव मनाया. जिला भाजपा के अध्यक्ष शिव प्रसाद साहु ने भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का स्वागत किया और होली की अग्रिम शुभकामना देते हुए होली का पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने की अपील की. लोकसभा चुनाव में लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी समीर उरांव ने होली मिलन कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की. गले लगकर कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया. इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष अनूप चन्द्र अधिकारी, सविन्द्र कुमार सिंह, मिशिर कुजूर सत्यनारायण पटेल, भूपन साहु, मुनेश्वर साहु, किसान मोर्चा के नेता मंगल सिंह भोगता, निर्मल गोयल, यशवंत सिंह, किरण बाड़ा, रामेश्वरी उरांव, सोनामनी उरांव, गोपाल केसरी, संदीप प्रसाद, विकास कुमार सिंह, अभिषेक चन्द्र पाहन, प्रदीप प्रसाद, पायल तिवारी, सतवंती देवी, अशोक उरांव आदि शामिल थे.

## ब्रीफ खबरें

### बड़ाजामदा : नए थाना प्रभारी ने पदभार संभाला

**नोवामुंडी।** बड़ाजामदा के नये थाना प्रभारी विकास कुमार ने बड़ाजामदा थाना में योगदान दिया. उन्होंने बताया की हमारी पहली प्राथमिकता आगामी लोक सभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना है. थाना क्षेत्र की आम, सभ्य एवं शांतिप्रिय जनता की विश्वास पर खरा उतरना, उनकी समस्याओं का समाधान तथा छोटे-बडे. अपराधों पर नियंत्रण हमारी प्रमुखता में रहेगी.साथ ही उन्होंने कहा कि शराब माफिया पर भी पैनी नजर रहेगी.क्योंकि कोई भी अपराध नशा के कारण हीं होता है.विकास कुमार इससे पहले जमशेदपुर में कई थानों में एसआई के पद पर रह चुके हैं.

### चाईबासा एसपी ने चेकपोस्ट का निरीक्षण कर निर्देश दिए

**किरीबुरु।** लोकसभा चुनाव को लेकर चाईबासा पुलिस ने अंतरराज्यीय झारखण्ड-ओडिशा सीमा पर चेक पोस्ट का गठन कर निगरानी बढ़ाई गई है. पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी सिंहभूम, आशुतोष शेखर के द्वारा मझगांव और जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में पड़ने वाले अंतरराज्यीय चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया गया एवं उपस्थित दंडाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों को कई आवश्यक निर्देश दिए गए. चुनाव को लेकर शराब की तस्करी, अवैध नकदी, मादक पदार्थ, हथियार की जब्ती को लेकर चेकनाकों पर विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है.

### जाति-आय प्रमाण पत्र बनाने में बरती जा रही लापरवाही : आजसू

**चाईबासा।** आजसू पार्टी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष राम रतन महतो व विस प्रभारी संजय जारिका ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि खरसावां में आय प्रमाण पत्र व जाति प्रमाण पत्र बनने में काफी विलंब हो रही है. इसका खामियाजा विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है. इसकी जिम्मेवारी कौन लेगा. उन्होंने जिला के प्रशासनिक पदाधिकारियों से इस मामले में संज्ञान में लेकर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की.आजसू नेताओं ने आरोप लगाया गया कि खरसावां के दर्जनों एसटी व ओबीसी छात्र-छात्रायें समय पर जाति व आय प्रमाण पत्र नहीं बन पाने के कारण कल्याण विभाग के ई-कल्याण छात्रवृति फार्म नहीं भर पाये.

### होली पर हुड़दंगियों पर रहेगी नजर पूर्व संध्या पर निकला फ्लैग मार्च

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में होली को लेकर जिला पुलिस कड़ी सतर्कता बरत रही है. होली के पूर्व संध्या पर एसएसपी किशोर कौशल ने साकची सीसीआर परिसर में पीसीआर और टाईगर मोबाइल के जवानों को होली में लगातार गश्त करते रहने का निर्देश दिया और साथ ही बताया कि हुड़दंगियों पर खास नजर रखे. रैश ड्राईविंग करने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई करे. इसके बाद एसएसपी ने सीतारामडेरा थाना क्षेत्र में पैदल मार्च किया. शहर के अन्य थाना क्षेत्रों में संबंधित डीएसपी और थानेदारों ने फ्लैग मार्च किया.

### बहरागोड़ा: हरिनाम संकीर्तन की तैयारियां युद्धस्तर पर

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के खांडामौदा पंचायत अंतर्गत पांचरुलिया गांव में सोलोह प्रहरव्यापी हरिनाम संकीर्तन की तैयारियां जोरों पर हैं. रविवार की शाम को अधिवास होगा. जिसके लिए ग्रामीण काफी उत्साह के साथ हरि मंडप को सजाने में लगे हुए हैं. अधिवास समाप्त होते ही ब्रह्म मुहूर्त में हरिनाम संकीर्तन प्रारंभ हो जाएगा. फिर सोमवार को नाम संकीर्तन के साथ मंगलवार दधि महोत्सव के साथ उत्सव समापन होगा. इसके लिए पश्चिम बंगाल के कई कीर्तन पार्टियां बुक की गई हैं.

---

### मिथिला संकीर्तन मंडली के होली मिलन समारोह में शामिल हुए अर्जुन मुंडा

# जमकर उड़े अबीर-गुलाल,फाग गीतों का उठाया आनंद

**संवाददाता। आदित्यपुर**

सरायकेला- खरसावां जिले की सामाजिक संस्था मिथिला संकीर्तन मंडली की ओर से आदित्यपुर में शनिवार की रात होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ. जिसमें केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भाजपा नेत्री सह सिंहभूम सांसद गीता कोड़ा, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, कांग्रेस नेता नट्टू झा, मिथिला सांस्कृतिक परिषद से सुजीत झा, ललित नारायण मिश्र सामाजिक संस्था से शंकर पाठक, परमहंस लक्ष्मीनाथ गोस्वामी समिति से मानस मिश्रा, भाजपा नेता रमेश हांसदा कांग्रेस नेता सुरेशधारी, दिवाकर झा, अंबुज कुमार, स्वप्निल



सिंह, राकेश मिश्रा, के अलावे विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के लोग शामिल हुए. होली मिलन में मिथिला के खास होली का आनंद लिया. बता दे कि दशकों से मिथिला संकीर्तन मंडली की ओर से होली मिलन का आयोजन किया जा रहा है. इसमें आम से लेकर खास तक शिरकत करते हैं और मिथिला की होली का आनंद लेते हैं. विदित हो कि मिथिला खान- पान और मिठास के लिए प्रसिद्ध है. इनके होली में परंपरा और मिठास का आज भी समावेश नजर आता है. यही वजह है कि हर साल होली के मौके पर यहां सैकड़ो की संख्या में भाषा- सम्प्रदाय और राजनीति से ऊपर उठकर लोग यहां आते हैं और मिथिला के होली का आनंद लेते हैं. संस्था के अध्यक्ष रंजीत नारायण मिश्र ने बताया कि पूर्वजों के परंपरा का हम आज भी निर्वहन कर रहे हैं इसे सफल बनाने में मंडली के अशोक झा प्रेमी, राजेश रंजन, लक्ष्मण झा, त्रिलोक मिश्रा, शंकर ठाकुर, पंकज मिश्रा, सुमन झा आदि की अहम भूमिका रही.

**खास बातें**

- होली मिलन में मिथिला के खास होली का आनंद लिया
- मिथिला के खान–पान और गान का लोगों ने लुत्फ उठाया

---

### स्वास्थ्य मंत्री ने केंद्र की मोदी सरकार पर लगाये कई गंभीर आरोप

# लोकतंत्र व विपक्ष को पंगु बनाना चाहती है भाजपा : बन्ना

**मुख्य संवाददाता। जमशेदपुर**

भाजपा नीत केंद्र सरकार लोकतंत्र को पिंजरे में कैद और विपक्ष को पंगु बना कर फिर से सत्ता हथियाना चाहती है. केंद्र सरकार इतनी भयभीत हो चुकी है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल भेज दिया. लोकतंत्र में वैचारिक मतांतर का स्थान होता है विद्वेष मतांतर का स्थान नहीं होता. होता बावजूद भाजपा की मोदी सरकार वैचारिक के बजाय विद्वेष मतांतर की नीति अपना कर विपक्षियों को परेशानी कर रही है, ताकि कांग्रेस समेत विपक्षी दल न तो चुनाव सामग्री खरीद सकें, न प्रचार प्रसार कर सकें और न ही चुनावी मैदान में उम्मीदवार उतार सकें. यह बात राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कही. वह यहां बिष्टुपुर स्थित तिलक पुस्तकालय में जिला कांग्रेस की ओर से आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि जहां पर केंद्र सरकार के पक्ष में सत्ता और शासन नहीं होता है, वहां वह संवैधानिक एजेंसियों का इस्तेमाल कर विरोधियों को बेवजह परेशान करती है. बदनाम और अपदस्थ करने की नीति अपनाती है.

**चुनावी समर में निहत्था करना चाहती है केंद्र सरकार :** मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार हमें लोकतांत्रिक अस्त्र-शस्त्र से निहत्था कर सत्ता पर काबिज होना चाहती है. लोकतंत्र में चुनावी समर में किसी भी दल का अस्त्र-शस्त्र पैसा होता है, जिसे चुनाव आयोग द्वारा तय सीमा के अंदर खर्च करना होता है. उन्होंने कहा कि इसी नीति के तहत केंद्र सरकार ने कांग्रेस पार्टी के लगभग 285 करोड़ रुपये फ्रीज कर दिया है, जबकि वह एक नंबर की राशि है.



**मुख्य बातें**

- कहा–16 हजार 508 करोड़ के इलेक्ट्रॉल बांड में से 8 हजार 252 करोड़ भाजपा को मिले
- सर्वोच्च न्यायालय पर पूरा विश्वास, भाजपा का भ्रष्टाचार उजागर होगा
- 14 लाख रुपये टैक्स के लिए कांग्रेस के 285 करोड़ रुपये केंद्र सरकार ने फ्रीज किये
- एजेंसियों का दुरुपयोग कर फिर से सत्ता पर काबिज होना चाहती है भाजपा
- चुनाव आयोग आसन्न लोकसभा स्वच्छ तरीके से कराना सुनिश्चित करे
- केंद्र सरकार इतनी भयभीत हो गयी है कि दो मुख्यमंत्रियों को जेल भेज दिया

#### दूध का दूध और पानी का पानी होगा

मंत्री बन्ना गुप्ता ने मोदी सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए सर्वोच्च न्यायालय का आभार जताया. उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने इलेक्ट्रॉल बांड मामले में संज्ञान लेते हुए इसे प्रकाश में लाया. हालांकि एसबीआई इस मामले में जांच आरंभ करने को लेकर टाल–मटोल कर रहा था. बावजूद सर्वोच्च न्यायालय ने गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू करने का आदेश दिया है. अत: निकट भविष्य में दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा.

#### जिनकी दो करोड़ की हैसियत नहीं उन्होंने दिये 200 करोड़

मंत्री ने इलेक्ट्रॉल बांड की बात करते हुए कहा कि कुल 16 हजार 518 करोड़ के इलेक्ट्रॉल बांड में से 8 हजार 252 करोड़ भाजपा को मिले हैं. इलेक्ट्रॉल बांड में कई ऐसे दानदाता हैं, जिनकी हैसियत दो करोड़ की भी नहीं है और उन्होंने 200 करोड़ दिया है. इसमें ऐसी कई कंपनियां हैं, जिनका न कोई कार्यालय है और न ही बोर्ड और न कोई पहचान. इसके माध्यम से ऐसे कई लोगों को करोड़ों रुपये लाभ पहुंचाने का कार्य किया गया है.

#### एकाधिकार स्थापित करने का प्रयास

मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार लोकतंत्र के इस महापर्व में एकाधिकार व अधिपत्य कायम करना चाहती है. उन्होंने सवाल उठाया कि कांग्रेस के 285 करोड़ रुपये फ्रीज करने के पीछे क्या कारण है, इसे स्पष्ट किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसका मतलब यह है कि केंद्र की भाजपा सरकार नहीं चाहती है कि देश में निष्पक्ष व निर्भीक चुनाव हो और मतदाता भी स्वेच्छा से मतदान न कर सकें.

### ओडिशा पुलिस ने पहले तीन हजार का चालान काटा, अन्ना को पीटा

**किरीबुरु।** लोक सभा चुनाव के मद्देनजर हिल्टौप, किरीबुरु स्थित झारखण्ड-ओडिशा सीमा पर वाहन जांच के क्रम में ओडिशा पुलिस ने किरीबुरु निवासी राकेश महतो उर्फ अन्ना की न सिर्फ तीन हजार रुपये का चालान काटा, गाली देते हुये जमकर पिटाई भी कर दी. पुलिस की पिटाई से अन्ना के गर्दन व शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें भी आयी है. इस घटना से अन्ना के परिवार वालों में भारी आक्रोश है. अन्ना ने बताया कि वह अपनी बोलेरो वाहन से ओडिशा से किरीबुरु आ रहा था. इसी दौरान 23 मार्च की रात ओडिशा पुलिस ने हिल्टॉप में वाहन जांच कर रही थी. सीट बेल्ट नहीं पहनने के एवज में एक हजार रुपये तथा वाहन पर स्टीकर से बच्चों का नाम लिखे होने के एवज में दो हजार अर्थात कुल 3 हजार रुपये का चालान काट रही थी. हमने फाइन नहीं काटने का आग्रह किया, जिसके बाद ओडिशा पुलिस गाली देते हुये मारने लगी.

### वाहन के धक्के से टूटी स्कूल की बाउंड्री

**किरीबुरु।** नवागांव स्थित प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री को लाइन ट्रक ने वाहन को बैक करने के क्रम में धक्का मार तोड़ा इससे ग्रामीण नाराज हैं. इस बाबत चन्द्रराम मुंडा ने बताया कि बडाज़ामदा का उक्त लाइन ट्रक कुछ समान लेकर नवागांवा आया था. स्कूल के पास वाहन को बैक कर रहा था तभी वाहन के धक्के से बाउन्ड्री टूट गई. वाहन चालक को बाउंड्री मरम्मत कराने को कहा गया लेकिन वह वाहन लेकर भाग गया.


---

### यूट्यूब पर रिलीज के बाद से लोगों की पसंद बना भजन

# चक्रधरपुर के नन्हें गायक युवान शर्मा का आया फागुन आया भजन मचा रहा धूम

**संवाददाता। चक्रधरपुर**

रींगस से खाटू जाएंगे...एक निशान उठाएंगे...बाबा को चढ़ायेंगे... यह गाना इन दिनों चक्रधरपुर में होली पर्व के दौरान धूम मचा रहा है.चक्रधरपुर के नन्हें भजन गायक युवान शर्मा के इस गीत को खूब पसंद किया जा रहा है. यूट्यूब के यूकी म्यूजिक पर इस भजन को रिलीज किया गया है,जिसके बाद से ही यह लोगों की पसंद बन गया है.चक्रधरपुर के अलावे अन्य जगहों पर भी बाबा खाटू श्याम के भक्त इस भजन को खूब पसंद कर रहे हैं.चक्रधरपुर के बाटा रोड में रहने वाले सात वर्षीय युवान का पहला भजन रिलीज किया गया है.खाटू श्याम व बालाजी के होने वाले कार्यक्रम में भी युवान भजन गाया करता है.युवान चक्रधरपुर के संत जेवियर्स इंग्लिश मीडियम स्कूल का छात्र है.कम उम्र ही युवान अपने भजनों से हर किसी का चहेता बन बैठा है.आया फागुन आया




भजन में ट्वींकल..ट्वींकल लीटिल स्टार हमको बुलाये लखदार भजन के इन पंक्तियों को लेकर बच्चों के बीच भी यह भजन लोकप्रिय बना हुआ है.इस भजन के गीतकर व संगीतकार कोलकाता के नीतेश शर्मा है. जबकि वीडियो एडटिंग दिल्ली के दीपक क्रिएशन की ओर से किया गया है. वहीं इस भजन के वीडियो को छत्तीसगढ़ के रायगढ़ व अन्य स्थानों पर शूट किया गया है. युवान के पिता अमित शर्मा ने बताया कि इंस्टाग्राम पर युवान के इस भजन के रिल्स छह लाख से अधिक बार देखा गया है.

# श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र का 136वां जन्मोत्सव मनाया गया

**संवाददाता। नोवामुंडी**

गुवा क्लब परिसर में बड़ाजामदा सत्संग विहार सत्संगी के नेतृत्व में श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र का 136 वां अविर्भाव दिवस सह जन्मोत्सव पूरे श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई. करीब एक हजार से ज्यादा लोगों की एकजुटता में एक सुंदर झलक में रूपांतरित जय गुरु श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र ,श्री श्री बड़ मॉ,श्री श्री बडदा एवं श्री श्री आचार्य देव को दर्शन के लिए श्रद्धालु लालायित दिखे. गुवा में नोवामुंडी, जोड़ा, बड़बील, भद्रासाई, बामेबारी, मनोहरपुर चिड़िया, सोनुआ, झींकपानी, बड़ाजामदा व अन्य आसपास के दर्जनों श्रद्धालु एकजुट दिखे. कार्यक्रम की शुरुआत में प्रातः कालीन प्रभात फेरी,संवेदक प्रार्थना,ग्रंथ पाठ,जन्म लग्न प्रार्थना की गई.कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एसपीआर जोडा के नारायण चंद्र रथ एवं बोलानी सह प्रति ऋत्विक भवानी शंकर मैती ने श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र के भाव को श्रद्धालुओं के समक्ष रखा. बेहतर सेवा,त्वरित सहयोग व जनकल्याण के लिए परम प्रेममय पिता श्री श्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र के बनाए मार्ग पर चलने के लिए सबों को प्रेरित किया गया. मानव में मानवीय गुणो का संचार करने व जन कल्याण के लिए सदैव अग्रसर रहना चाहिए. सेल गुवा महाप्रबंधक आरके सिन्हा ने कहा कि ईश्वर के आदेश का पालन करने वाला एवं जन कल्याण के कार्य करने वाला व्यक्ति सदैव ईश्वर से जुड़ा हुआ होता है. मनुष्य को मानव शरीर बहुत ही सौभाग्य से प्राप्त हुआ है. सत्संगी को यजन एवं याजन का महत्व बताते हुए उसे अनुकरण करने के लिए उन्होंने प्रेरित किया. ऋत्विक अमरनाथ ठाकुर ने कहा कि अनुकूल चंद्र जी के भाव को घर घर में पहुंचना जरूरी है. युग पुरुषोत्तम के बताए मार्ग के द्वारा जीवन में शांति स्थापित की जा सकती है.



**खास बातें**

- भक्तों के बीच श्री श्री ठाकुर के वचनों को सुनाया गया
- सत्संगी को यजन एवं याजन का महत्व बताया गया

---

**जागरूकता**

### खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने जिले की मिठाई दुकानों में चलाया जांच अभियान

# आधा दर्जन दुकानों की मिठाई के नमूने जांच के लिए भेजे गये

**संवाददाता। चाईबासा**

जिला उपायुक्त के निर्देशानुसार होली पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अभिषेक आनंद ने चाईबासा शहर स्थित मंगला हाट के किराना दुकान, चिकन - मीट दुकान एवं शहर के मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया. मिठाई प्रतिष्ठानों में राजस्थान स्वीट्स, स्वीट इंडिया, अन्नपूर्णा मिष्ठान एवं आम्रपाली स्वीट्स का निरीक्षण कर नमूना संग्रहित किया गया. मंगला हाट स्थित चिकन एवं मीट दुकानों में फूड लाइसेंस नहीं पाया गया. चिकन एवं मीट दुकानों को खुले में मांस नहीं लटकाने, स्टील का चाकू प्रयोग करने



और साफ सफाई रखने का कड़ा निर्देश दिया गया. मंगला हाट के किराना दुकानों में बेचे जा रहे अखाद्य तेल को खाद्य तेल से अलग रखने और पेकेज्ड मसाला पर फसाई लेबल अंकित हो सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया. सभी खाद्य कारोबारियों को फूड लाइसेंस प्रदर्शित करने, मिठाई खुले में बिक्री नहीं करने, मिठाई - नमकीन आदि में अखाद्य रंग का प्रयोग नहीं करने एवं पैकेज खाद्य सामग्री पर एफएसएसएआई के नियमानुसार लेबल लगाने का निर्देश दिया गया. खाद्य कारोबारियों को चेतावनी दी गई कि प्रामाणिक मात्रा में फूड कलर का इस्तमाल करें. गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री की बिक्री करें, साफ सफाई रखें और डिस्प्ले काउंटर को पारदर्शी प्लास्टिक से ढक कर रखें ताकि मक्खी और धूल गर्दा से बचाव हो सके. होली को देखते हुए होटल, रेस्टोरेंट एवं ढाबा को विशेष सतर्कता और साफ सफाई पर ध्यान देने का निर्देश दिया गया है. पनीर, खोआ, मसाला, मैदा, बेसन आदि भरोसेमंद सप्लायर से ही खरीदने और पक्का बिल प्राप्त करने का निर्देश दिया गया. खाद्य कारोबारियों को एक्सपायर खाद्य पदार्थ का बिक्री नहीं करने का निर्देश दिया गया है. पैकेज खाद्य सामग्री पर एफएसएसएआई लाइसेंस नंबर, निर्माण की तिथि, बैच नंबर, एक्सपायरी डेट, निर्माता का पूरा पता अंकित हो सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया. जांच के क्रम में अगर पैकेज खाद्य पदार्थ पर एफएसएसएआई लाइसेंस नंबर अंकित नहीं पाया गया तो उसे जब्त कर लिया जाएगा.

**खास बातें**

- चेतावनी दी गई प्रामाणिक मात्रा में फूड कलर का इस्तेमाल करें
- डिस्प्ले काउंटर को पारदर्शी प्लास्टिक से ढक कर रखें

### सीएनआई चर्च में खजूर पर्व मनाया गया

**घाटशिला।** मऊभंडार स्थित सीएनआई चर्च में रविवार को (पाम संडे) खजूर पर्व मनाया गया. इस मौके चर्च के फादर फादर जॉन कांडुलन अन्य सदस्य खजूर की डाली लेकर पूरे चर्च की परिक्रमा किया गया. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार प्रभु यीशु का यरूशलम पहुंचना ईसाइयों के लिए बहुत खुशी का मौका था उसे समय उनके पास साज सजावट के लिए कुछ खास चीज नहीं थी. इसीलिए वहां के लोगों ने प्रभु यीशु का स्वागत खजूर के पत्तों और डोलियों से किया था. इसीलिए उसी दिन से खजूर पर्व मनाया जा रह है. क्षेत्र की सुख शांति के लिए सभी सदस्यों ने प्रार्थना की गई. इसके उपरांत ही ईसाई धर्म के लोग गुड फ्राइडे तथा ईस्टर संडे मनाएंगे. इस अवसर पर आर बाजराई, बी कश्यप, राजन बाजराई, निखिल, गुलशन, राजन आदि उपस्थित थे.

---

## न्यूज अपडेट

### आरसी चर्च में मसीही विश्वासियों ने मनाया खजूर पर्व




**नोवामुंडी।** आरसी चर्च में कलिसिया समाज के लोगों ने रविवार को खजूर पर्व मनाया.इस दौरान आरसी चर्च के फादर रोहित बेक के द्वारा प्रभु यीशु के जीवनी पर संदेश दिया और कहा कि आज पूरी कलिसिया खजूर का पर्व मना रही है. यह विशेषकर यीशु ख्रीस्त का दुख भोग की यादगारी मैं यीशु यह जानते हुए भी उन्हें येरुसलेम में दुख उठाना पड़ेगा. वे येरुसलेम में गए जहां येरुसलेम निवासी रास्ते पर कपड़े और खजूर की डालियों को बिछाकर उनका स्वागत किया. दाऊद के पुत्र की होसन्ना गाते हुए प्रभु यीशु का स्वागत किया. खजूर पर्व रविवार के इस सप्ताह के साथ ही कैथोलिक कलिसिया चलीसा काल के सबसे महत्वपूर्ण सप्ताह में प्रवेश करते हैं. जिसे हम सभी पुण्य सप्ताह या पवित्र सप्ताह के नाम से जाना जाता है. इस मिस्सा बलिदान में चर्च में उपस्थित लोग ओलिवर तिर्की,हाबिल आइंद, दीपिका लकड़ा, राजू समद, अल्बर्ट डाहांगा,मोना ग्रांट, सीलबिना होरो, सुचिता किस्पोट्टा, जॉर्ज सुरीन, बसंती होरो, सुमन लकड़ा, सुप्रिया लकड़ा, जेवियर भेंगरा, अरुण कुजुर, निर्मला लकड़ा, ऊषा तिर्की, मुक्त मिंज सहित अन्य मौजूद थे.

### होली मिलन में गीतों पर जमकर थिरके अधिवक्ता



**आदित्यपुर।** आदित्यपुर अधिवक्ता संघ के होली मिलन में रविवार को जमकर होली गीत और जोगिड़ा का आयोजन हुआ. सारे अधिवक्ता होली के गीतों पर जमकर थिरके और एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी. मौके पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद, मुख्य संरक्षक ओम प्रकाश, संरक्षक एस के स्वाइन, कृष्ण जी प्रसाद, रवि शंकर पासवान, अरुण सिंह, सिद्धार्थ झा, राजेश प्रसाद, डीएन ओझा, मनोज दुबे, मनोज सिंह, डीएन शर्मा, आशुतोष कुमार झा, संजीव झा, नाईकी हेम्ब्रम, आकाश कुमार आदि मौजूद रहे.

### बाबा बड़भाग सिंह जी का होला मेला हर्षोल्लास के साथ मना



**किरीबुरु।** फाल्गुन पूर्णिमा के दिन सीख समुदाय के लोगों ने बाबा बड़भाग सिंह जी की होला मेला त्योहार हर्षोउल्लास के साथ मनाया. यह कार्यक्रम चर्च रोड स्थित बाबा बड़भाग सिंह जी की धार्मिक स्थल पर आयोजित की गई. कार्यक्रम का शुभारम्भ धर्मगुरु द्वारा बाबा जी की पाठ एवं किर्तन कर किया गया. तत्पश्चात साभी को गुलाल, अबीर लगाते हुये प्रसाद वितरण किया गया. इसके बाद लंगर का आयोजन किया गया जिसमें सभी धर्म व समुदाय के लोग शामिल हुये. कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग व गुलाल लगाकर जमकर होली खेली. इस दौरान प्रतिमा सिंह, संतोष सिंह, सोनु सिंह, दीपा कौर, रीमा कौर, निक्कू सिंह, शन्नी सिंह, आयुशी कौर आदि काफी तादाद में लोग शामिल थे. यह कार्यक्रम चर्च रोड स्थित बाबा बड़भाग सिंह जी की धार्मिक स्थल पर आयोजित की गई.

### ऑटो चालकों ने बगैर नशा किए ऑटो चलाने की ली शपथ



**आदित्यपुर ।** पात्रा कंपलेक्स आदित्यपुर परिसर में रविवार की सुबह शिक्षित बेरोजगार टेंपो चालक यूनियन कोल्हान प्रमंडल ने होली मिलन समारोह आयोजित किया. जिसमें यूनियन के पदाधिकारी और करीब 100 टेम्पो चालक शामिल हुए. बैठक की अध्यक्षता यूनियन अध्यक्ष केपी तिवारी ने की. बैठक में सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी एवं संगठन को मजबूत करने पर चर्चा भी की. बैठक में सभी ऑटो चालकों से अनुरोध किया गया. बैठक में उपस्थित लोगों में इंटक सरायकेला खरसावां के जिला अध्यक्ष केपी तिवारी, सुनील सिंह, सुशील सिंह, उपेंद्र सिंह, अरुण कुमार सिंह, गौतम झा, रामानंद शर्मा, उमेश सिंह, चंद्रजीत, अशोक सिंह, अरुण कुमार, अमरेश कुमार सिंह, अशोक सिंह, मुकेश सिंह,संजय कुमार आदि मौजूद रहे.

### बड़ाजामदा पुलिस ने अवैध शराब भट्ठियों को तोड़ा



**नोवामुंडी।** बड़ाजामदा पुलिस ने गुवा के हिरजीहाटिंग स्थित कारो नदी के पार बड़ाजामदा क्षेत्र में अवैध शराब भट्ठी को ध्वस्त कर दिया. जानकारी के अनुसार बड़ाजामदा पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बड़ाजामदा क्षेत्र के गुवा के हिरजीहाटिंग स्थित कारों नदी के दूसरे छोर पर अवैध शराब की भट्ठी शराब कारोबारी के द्वारा निर्माण किया जा रहा है. सूचना मिलने पर किरीबुरू एसडीपीओ अजय केरकेट्टा के दिशा निर्देशन में बड़ाजामदा थाना प्रभारी विकास कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया. उसके बाद अवैध शराब की चुलाई कर रहे घटनास्थल पहुंचकर अवैध शराब की भाटयों को ध्वस्त कर दिया. दूर से हीं पुलिस को आता देख सभी अवैध शराब कारोबारी फरार हो गया.

### सूर्या नर्सिंग कॉलेज में होली मिलन समारोह का आयोजन



**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर की सूर्या नर्सिंग कॉलेज में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर कॉलेज की छात्राओं ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी. वहीं अपने शिक्षकों व शिक्षिकाओं के पैर पर गुलाल डालकर होली की शुभकामनाएं दी. इस दौरान होली के गीतों पर छात्राएं जमकर थिरकी. इस मौके पर हेल्थ सोसाईटी के सचिव सह सूर्या नर्सिंग कॉलेज के डायरेक्टर गौरी शंकर महतो ने कहा कि होली खुशियों व आपसी भाईचारगी का त्योहार है. इस त्योहार में लोग गिले शिकवे मिटाकर खुशहाली के साथ पर्व मनाते हैं.इसी तरह होली से पूर्व होने वाले होलिका दहन से ही हमें कई सीख मिलती है.

### तीरंदाज रीता सावैयां झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे



**चाईबासा।** 22-23 मार्च 2024 को जिला खूंटी, झारखंड में आयोजित खेलो इंडिया एनटीपीसी ईस्ट जोनल ओपन आर्चरी टूर्नामेंट मे तुरतुंग तीरंदाजी प्रशिक्षण केन्द्र, सिकुरसाई, चाईबासा के तीरंदाज रीता सावैयां ने झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए रिकर्व राउंड के व्यक्तिगत ओलम्पिक राउंड 70 मीटर की दूरी मे कांस्य पदक सहित 10,000/- जीता. यह प्रतियोगिता भारतीय तीरंदाजी संघ एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में प्रायोजित हेतु झारखंड तीरंदाजी संघ एवं जिला तीरंदाजी संघ, खूंटी द्वारा आयोजित किया गया था. प्रतियोगिता में कुल पांच राज्य भाग थी जिसमें उड़ीसा, छत्तीसगढ़, पशि्चम बंगाल, बिहार एवं झारखंड आदि.

### किरीबुरु ने मेघाहातुबुरु को हराकर जीती ट्रॉफी



**किरीबुरु।** सेल की मेघाहातुबुरु खदान प्रबंधन के तत्वावधान में आयोजित सेल, अंतर खान वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में किरीबुरु ने मेघाहातुबुरु को सीधे दो सेट में 28-27 और 25-14 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया. मेघाहातुबुरु के खिलाड़ी प्रफुल्ल मंडल को बेस्ट स्मेसर, इंतखाब आलम को बेस्ट डिफेंडर, किरीबुरु के खिलाड़ी सूरज सिंह को बेस्ट लिफ्टर का पुरस्कार दिया गया. इस प्रतियोगिता में सेल की किरीबुरु, मेघाहातुबुरु एवं गुआ की टीम भाग ली थी. विजेता व उप विजेता टीम को मुख्य अतिथि सीजीएम आर पी सेलबम, विशिष्ट अतिथि सीजीएम कमलेश राय ने ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया.

### होली मिलन कार्यक्रम में बच्चों का डांस, कपल डांस, हाउजी और सरप्राइज गेम का आयोजन किया गया था

# होली सतरंगी समरसता का त्योहार है : विनय ढांढनिया

संवाददाता | रामगढ़





रांची के रांची क्लब परिसर में रोटरी रांची द्वारा रंगारंग होली महोत्सव का आयोजन किया गया. बच्चों और महिलाओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई. सभी ने एक-दूसरे को रंग, अबीर लगाकर होली मिलन समारोह में धूम मचाई. साथ ही एक-दूसरे को बधाई देकर भाईचारे के साथ जीने की बात कही. क्लब अध्यक्ष विनय ढांढनिया ने कहा कि होली समाज में सतरंगी समरसता का त्योहार है. जहां सभी लोग हिंदू, मुस्लिम, सिख और इसाई मिलकर भाईचारे का मिसाल पेश करते हैं. होली एक ऐसा त्योहार है जिसे हर वर्ग और जाति के लोग मिलजुलकर मनाते हैं. इस दिन लोग आप से दुश्मनी भूलकर एक दूसरे के गले मिलकर मिठाई खिलाकर अपने मन का द्वेष दूर करते हैं. क्लब सचिव ललित त्रिपाठी ने कहा कि होली खुशियों और रंगों का त्योहार है. हम सभी को मिलजुल कर हर त्योहार मनाना चाहिए. होली हमें भाईचारे से रहना और मिलना सिखाता है. होली मिलन कार्यक्रम में बच्चों और महिलाओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए. जिनमें सभी ने बच्चों के डांस, कपल डांस, होली गीत, हाउजी और सरप्राइज गेम का भरपूर आनंद उठाया. रोटेरियंस और महिलाएं लाइव बैंड पर होली गीतों पर जमकर थिरकीं. बच्चों ने भी खूब मस्ती की. सभी ने फूलों की होली का आनंद लिया. मौके पर सुधा ढांढनिया, जीसी सिंह, राजीव चड्ढा, जोगेश गंभीर, अनिल सिंह, राजीव मोदी, संजय कश्यप, सुमित अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, संदीप मुंजाल, अतुल अग्रवाल, शीतल, रेखा सिंह, सुरेश साबू, मंजु गंभीर, डाक्टर आंनद सिन्हा, सुषमा सिन्हा, मुकेश तनेजा, अमित अग्रवाल, ख्याती मुंजाल, अंकुर अनिल सिंह, कान्ता मोदी, दीपक श्रीवास्तव, शालिनी सिंघानिया, निशि जायसवाल, पवन जायसवाल, रमेश धरनिधरका, अजय साबु, एनके मखीजा, जशदीप सिंह, रितिका लाखोटिया, सुमन साबु और शिखा अग्रवाल मौजूद थे.

**रंगारंग कार्यक्रम**

- कार्यक्रम में सभी ने फूलों की होली का आनंद लिया
- होली हमें भाईचारे से रहना और मिलना सिखाता है

# राधा मंदिर में ब्रज की तर्ज पर खेली गई फूलों की होली

संवाददाता | विष्णुगढ़



प्रखंड अंतर्गत भुताही मुरगांवों के श्री राधा श्याम सुंदर मंदिर में शनिवार को गौर पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया. इस मौके पर नगर संकीर्तन, गौर निताई भगवान का महाअभिषेक और पुष्प होली समेत विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इस आयोजन में गांव की छोटी-छोटी बच्चियों ने नृत्य प्रस्तुत किये. बच्चियों ने अपने प्रदर्शन से लोगों को मोहित कर दिया. इस मौके पर इस्कॉन के वरिष्ठ ब्रह्मचारी हिज ग्रेस, डॉ केशवानंद दास प्रभु तथा उनके साथ इस्कॉन ग्रुप ने नगर संकीर्तन0 किया. इसके बाद श्रीमद भागवतकथा हुई. गौर निताई भगवान का महाभिषेक के उपरांत ब्रज क्षेत्र की तर्ज पर पुष्पों की होली खेली गई. सैकड़ों भक्तों के बीच महाप्रसाद वितरण किया गया. इस अवसर पर महाभारत दास प्रभु, राधा पति दास, प्रभु श्री गोविंद दास, भवग्रही कृष्ण दास, भीष्म देवदास प्रभु, सीताराम प्रभु, अमर प्रभु, विक्रम प्रभु, दिलीप प्रभु, जीवन प्रभु, अमर प्रभु, विक्की प्रभु, रितेश प्रभु, पवन प्रभु, अमन प्रभु, राजू प्रभु,अभिषेक प्रभु, रंजित प्रभु, सोनू प्रभू, आशीष प्रभू और विवेक प्रभु समेत अन्य श्रद्धालु मौजूद थे.

**ब्रीफ खबरें**

### लापता युवक का शव गांव के डोभा से बरामद

**बरकट्ठा** | प्रखंड क्षेत्र के ग्राम घसकोडीह से लापता युवक 17 वर्षीय मनोज कुमार का शव रविवार को गांव के ही नजदीक एक खेत में निर्मित डोभा से बरामद किया गया. विदित हो कि अपने पुत्र की गुमशुदगी को लेकर मेघी महतो ने बीते दिन बरकट्ठा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी. बताया था कि मेरा पुत्र शुक्रवार को 12 बजे के करीब अपने घर से लापता हो गया है. रविवार सुबह जब लोग खेत तरफ गये तो गड्ढे में जमे पानी में शव को देखा. शव को बाहर निकालने पर आंख और कान से खून निकल रहा था.

### रंगदारी मांगने वालों को पुलिस ने दबोचा

**टंडवा (चतरा)** | एनटीपीसी के अधीन कार्यरत जीडीसीएल नामक कंपनी से पांच लाख की रंगदारी मांगने वालों को टंडवा पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. डीएसपी प्रभात रंजन ने बताया कि शिकायत पर पुलिस द्वारा गहन अनुसंधान किया जा रहा था. इसी में हजारीबाग जिले के केरेडारी निवासी जुबेर अंसारी व जितेंद्र महतो को गिरफ्तार किया गया. बता दें कि आठ दिनों पूर्व उक्त कंपनी के सुपरवाइजर नवलेश से पांच लाख की मांगी गई रंगदारी के मामले में कांड संख्या 81/24 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था.

### घर में छिपाकर रखी गई अंग्रेजी शराब जब्त

**चौपारण** | होली के पहले सरकारी शराब दुकानों से भारी मात्रा में अवैध शराब तस्करी कर बिहार बेचे जाने की गुप्त सूचना चौपारण थाना प्रभारी को मिली थी. उन्होंने इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को दी. बताया कि ग्राम भगहर में संजय केशरी के घर में भारी मात्रा में अवैध रुप से तस्करी करने के लिये अंग्रेजी शराब एवं बीयर छिपाकर रखी गई है तथा रात में बिहार ले जाकर तस्करी करने की योजना है. इस पर त्वरित कार्रवाई के लिए एक छापामारी दल का गठन किया गया. टीम में दीपक कुमार सिंह थाना प्रभारी चौपारण सशस्त्र बल के साथ छापामारी के लिए भगहर स्थित संजय के घर पहुंचे और तलाशी ली.

### एंटी क्राइम ऑर्गेनाइजेशन का होली मिलन समारोह

**हजारीबाग** | एंटी क्राइम आर्गेनाइजेशन ने रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया. मौके पर झारखंड के डायरेक्टर विपिन कुमार ने समस्त देशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा कि होली रंगों का, खुशियों का प्रेम और सौहार्द का त्योहार है. इसमें कहीं भी अपराध और भ्रष्टाचार की कोई जगह नहीं है. संगठन भ्रष्टाचार को कम करने और एक स्वच्छ समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है. जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर दयाल ने इस अवसर पर लोगों से निवेदन किया कि समाज का कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के अपराध और भ्रष्टाचार का शिकार होता है तो संगठन से बिना डरे मदद लें.

### सहायक अध्यापिका के घर में हुई चोरी

**बरही** | बरही के न्यू कॉलोनी में बंद आवास का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया. पीड़िता बबिता सिन्हा सहायक अध्यापिका हैं. वह न्यू कॉलोनी में स्थित बिनोद सिन्हा के घर के नीचे तल्ला में कई साल से किराये पर रह रही हैं. वह चतरा के मयूरहंड की रहनेवाली हैं. होली की छुट्टी में वह शनिवार को ही ताला बंद कर अपने घर मयूरहंड गई थीं. इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके आवास का ताला तोड़कर घर में रखे जेवरात और नकद राशि की चोरी कर ली. घटना की जानकारी उन्हें रविवार की सुबह फोन पर मिली.

### हजारीबाग लोस के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल बोले

# कांग्रेस घोटालेबाज पार्टी है

संवाददाता | हजारीबाग





भारतीय जनता पार्टी, हजारीबाग द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह के नेतृत्व में भाजपा के हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के चुनाव कार्यालय से एक प्रेस वार्ता किया गया. इसमें राष्ट्रीय स्तर के भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने मीडिया को संबोधित किया. बताया कि कांग्रेस ने आयकर मामले में अपने खाते फ्रिज होने की तुलना देश में लोकतंत्र की हत्या से की है, जो कि बेहद शर्मनाक है.

कांग्रेस घोटालेबाज पार्टी है जो अपने घोटाले पकड़े जाने पर केंद्र सरकार आयकर विभाग और भाजपा को कटघरे में खड़ा करके झूठी बातें करती है लेकिन न्यायालय में अपने बचाव पक्ष के लिए दलील पेश नहीं कर पाती है. मनीष जायसवाल ने बताया कि कांग्रेस के कार्यकर्ता इस मामले को लेकर जनता को बरगलाने में जुटे हैं लेकिन मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि आयकर विभाग ने डिफाल्टर होने के कारण कांग्रेस की बकाया टैक्स राशि 115 करोड़ रुपये पर रोक लगाई है, न कि बैंक अकाउंट को फ्रिज किया है.

एक और कांग्रेस के लोग कह रहे हैं कि उनके पास ट्रेन में आने जाने का पैसा नहीं है, जबकि उनके नेता राहुल गांधी स्वयं चार्टर्ड प्लेन में घूम रहे हैं. सारे प्रावधानों की जानकारी होने के बावजूद भी कांग्रेस ने 14 लख रुपए नगद चंदा लिया. 105 करोड़ रुपये का टैक्स बकाया होने के बावजूद मात्र 2.5 करोड़ रुपये जमा कराया. कांग्रेस ने उस समय कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की कि हमारे साथ अन्याय हो रहा है.

क्योंकि कांग्रेस इस बात से सहमत थी कि 105 करोड़ रुपये का आयकर वैध है. कांग्रेस ने आयकर मामले में हर न्यायालय और ट्रिब्यूनल का दरवाजा खटखटाया लेकिन उन्हें हर जगह मुंह की खानी पड़ी. मनीष जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस के कई बैंक खाता संचालित हैं. कांग्रेस के पास एक से अधिक पैन कार्ड भी है. एक से अधिक पैन कार्ड होना स्वयं कांग्रेस के संविधान के विरुद्ध है. उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि भारत के हर नागरिक और संस्था को सभी आयकर नियम मानने होते हैं फिर राहुल गांधी और सोनिया गांधी खुद को संविधान से ऊपर क्यों समझते हैं. यह जनता को समझने की जरूरत है.

भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने कहा कि हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से भाजपा पार्टी ने हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र से लगातार दो बार विधायक रहे मनीष जायसवाल को अपना प्रत्याशी घोषित किया है. उनके प्रत्याशी घोषित होने के बाद ही उनका लगातार हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में तूफानी दौरा जारी है. भाजपा के कार्यकर्ता सिपाही की तरह चुनावी जंग के मैदान में कमर कस चुके हैं. विवेकानंद ने कहा कि चुनाव में करीब 55 दिनों का समय बाकी है और भाजपा कार्यकर्ता जहां एक-एक दरवाजे तक दस्तक देंगे वहीं हमारे पार्टी के प्रत्याशी मनीष जायसवाल हर एक पंचायत के गांव-गांव तक पहुंच कर जनसंपर्क अभियान चलाएंगे. उन्होंने कहा कि अब तक के तूफानी दौरे में पूरे लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के पक्ष में लहर दिख रही है.

**सबसे बड़ा मुद्दा विस्थापन है: मनीष**

वहीं पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में करीब 25 से 30 वर्षों तक भाजपा के सांसद रहे हैं. सभी ने हजारीबाग को ऊपर उठाने का सकारात्मक कार्य और प्रयास किया है. 1980 के हजारीबाग और वर्तमान 2024 के हजारीबाग में कोई अंतर है तो उसमें भाजपा के सभी सांसदों का योगदान भी है. समस्या कभी भी खत्म नहीं होगी, लेकिन हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के समस्याओं से पूर्व से ही मैं अवगत हूं और निश्चित रूप से लगातार हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का दौरा करने के बाद यह बखूबी प्रतीत हो रहा है कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का सबसे बड़ा मुद्दा या समस्या विस्थापन, पलायन, रेल परिचालन में कमी, प्रदूषण, ट्रैफिक जाम की समस्या है. इसके अतिरिक्त अलग-अलग क्षेत्र के अलग-अलग मुद्दे हैं. मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बड़कागांव, मांडू, रामगढ़ और हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र में विस्थापन का दर्द सबसे कठिन है. हजारीबाग और रामगढ़ क्षेत्र से पैसेंजर ट्रेन की कमी लोगों को खलती है. यहां से दक्षिण भारत, महाराष्ट्र, दिल्ली और कोलकाता के लिए सीधे ट्रेन का परिचालन होना जरूरी है. चौपारण क्षेत्र में वर्षों से अधूरा पड़ा फ्लाई का निर्माण भी जरूरी है.

**प्रेस वार्ता**

- कांग्रेस पार्टी ने 14 लाख रुपये नगद चंदा लिया है
- कांग्रेस के कार्यकर्ता जनता को बरगलाने में जुटे हैं
- टैक्स राशि 115 करोड़ रुपये पर रोक लगी है

# बेडम में महायज्ञ की तैयारी जोरों पर

संवाददाता | टाटीझरिया



प्रखंड के डुमर पंचायत अंतर्गत बेडम में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में श्री श्री 1008 हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की तैयारी जोरों पर है. यहां पांच दिनों तक धार्मिक अनुष्ठान के साथ श्रद्धा व भक्ति की बयार बहेगी, जिसे लेकर लोगों में उमंग है. तैयारी को लेकर लोग पूरे तन मन धन के साथ लगे हुए हैं. वहीं श्रमदान से यज्ञ मंडप सहित पूरे परिसर को सजाया जा रहा है. मंडप परिसर सहित आसपास की साफ-सफाई और सुंदरीकरण का कार्य जोर-शोर से चल रहा है. वहीं नवनिर्मित हनुमान मंदिर की वास्तुकला की सुंदरता और हनुमान जी की प्रतिमा श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा. कार्यक्रम को लेकर यज्ञ कमेटी के सदस्यों ने बताया कि महायज्ञ का कार्यक्रम 11 अप्रैल से 15 अप्रैल तक होगा. इसमें 11 अप्रैल को कलश यात्रा, पंचाग पूजन, मंडप प्रवेश, संध्या आरती, 12 अप्रैल को वेदी पूजन, सायं जलाधिवास, अग्निमंथन, संध्या आरती, प्रवचन, 13 अप्रैल को फलाधिवास, अन्नाधिवास, वस्त्राधिवास, संध्या आरती, प्रवचन, 14 अप्रैल को नगर भ्रमण, शय्याधिवास, संध्या आरती, प्रवचन और 15 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा सह भंडारा का कार्यक्रम शामिल है. इस कार्यक्रम में यज्ञाचार्य वृंदावन से लोकेश कुमार पंडित, वाराणसी से रूपेश कुमार पांडेय और उपाचार्य विष्णुगढ़ के रवींद्र कुमार पांडेय हैं.

**कलश यात्रा**

- श्रमदान कर पूरे परिसर को सजाया -संवारा जा रहा है
- नवनिर्मित हनुमान मंदिर की वास्तुकला देखने लायक है

### अवैध शराब रखने के आरोप में महिला को किया गया गिरफ्तार

**टाटीझरिया** | टाटीझरिया थाना क्षेत्र के बेडमक्का में घर पर अवैध शराब बेचने व भंडारण करने के आरोप में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया. महिला का नाम संगीता देवी पति स्व. दिनेश्वर प्रसाद है. पुलिस ने उसके घर से 375 एमएल की पांच बोतल, 180 एमएल की 19 बोतल अंग्रेजी शराब, 500 एमएल की 44 बोतल बीयर और करीब 10 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया है. थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने बताया कि अवैध रूप से शराब बेचने व घर में भंडारण करने की सूचना पर छापेमारी की गई. इस दौरान महिला के घर में अवैध रूप से रखे भारी मात्रा में शराब जब्त की गई है. टाटीझरिया थाना में इसको लेकर मामला भी दर्ज किया गया है.

# कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने किया जिला कमेटी का विस्तार

संवाददाता | हजारीबाग

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने हजारीबाग जिला अध्यक्ष साजिद अली खान की सूची को स्वीकृति प्रदान कर दी है जो कि तत्काल प्रभाव से लागू है. जिला कमेटी की स्वीकृति प्रदान करने के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने आशा व्यक्त किया कि कांग्रेस पार्टी के आदर्श पर चलते हुए प्रदेश प्रभारी उमैर खान, राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खरगे एवं देश के भावी प्रधानमंत्री राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करेंगे !हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष साजिद अली खान ने कमेटी का विस्तार करते हुए कहा कि कमेटी में ज्यादातर युवाओं को मौका दिया गया है. इनमें कई ऐसे युवा साथी हैं, जो लगातार वर्षो से कांग्रेस पार्टी के लिए कार्य कर रहे थे. परंतु इन्हें पार्टी में कोई पद प्राप्त नहीं था. ऐसी स्थिति में हजारीबाग अल्पसंख्यक विभाग ने विभिन्न पदों पर पदस्थापित कर सम्मान देने का कार्य किया है. इसका लाभ निश्चित तौर पर पार्टी को प्राप्त होगा. साजिद अली ने जिला के पदाधिकारी एवं प्रखंड अध्यक्ष से कहा कि कांग्रेस पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों से समन्वय स्थापित कर पार्टी को सशक्त और मजबूत बनाने का सार्थक प्रयास करें.

# डीआईजी ने दी कानूनी जानकारी

संवाददाता | चतरा



हजारीबाग रेंज के डीआईजी सुनील भास्कर रविवार को चतरा पहुंचे. उन्होंने चतरा एसपी ऑफिस में एसपी, डीएसपी और जिले के सभी थाना प्रभारी के साथ समीक्षा बैठक की. डीआईजी ने 26 मार्च शाम तक कुर्की वारंट की पेंडेंसी को शून्य करने का निर्देश दिया. साथ ही सीसीए, एनडीपीएस के तहत कार्रवाई और अवैध शराब, हथियार, मादक पदार्थों और प्रतिबंधित पदार्थों की अधिकतम बरामदगी के लिए भी निर्देश दिए. समीक्षा बैठक में डीआईजी ने सभी थाना प्रभारी को संगठित अपराध की रोकथाम के लिए क्या-क्या कार्रवाई की जानी चाहिए, विधि व्यवस्था की समस्या से निपटने के टिप्स और कई कानूनी जानकारियां दी. बैठक में डीआईजी ने सभी थाना प्रभारी को लंबे समय से लंबित चले आ रहे कांडों को जल्दी निपटाने के लिए लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए. वाहन चोरी की घटना को रोकने के लिए गश्ती पार्टियों को लगातार गश्ती करने का निर्देश दिया. महिला सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए. बता दें कि डीआईजी ने मादक पदार्थ के खिलाफ लगातार अभियान चलाने का निर्देश एसपी को दिया था. इसी दौरान रविवार को पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर वशिष्ठनगर थाना क्षेत्र के राजगुरु गांव में छापामारी की थी. यहां से पुलिस ने 28 किलो गीला अफीम बरामद किया. जिसका बाजार मूल्य 1.40 करोड़ आंका गया. साथ ही अफ़ीम से ब्राउन सुगर बनाने वाला एक मशीन भी बरामद किया गया. इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो लोगों गिरफ्तार किया. जिसमें देवनंदन गंझू और पंकज कुमार शामिल हैं. दूसरी ओर हथियार के साथ एक अपराधी भी गिरफ्तार किया गया.

**बोले डीआईजी**

- विधि व्यवस्था की समस्या से निपटने के दिये टिप्स
- वाहन चोरी रोकने के लिए पुलिस को दिये निर्देश

### अगलगी में लाखों का इंडक्शन चूल्हा जला

**हजारीबाग** | हजारीबाग सदर थाना क्षेत्र के बजरंगी चौक के पास रविवार को शॉर्ट सर्किट से एक घर में आग लग गई. आग इतनी भयंकर थी कि आसपास अफरा-तफरी मच गई. मुहल्ले के लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड और बिजली विभाग को आग लगने की सूचना दी. सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची. काफी मशक्कत से लगभग चार घंटे के बाद आग पर काबू पाया जा सका. इस दौरान आसपास के लोग दहशत में थे. अगलगी की यह घटना कारोबारी रमेश अग्रवाल के घर में हुई. रमेश ने बताया कि वह पूरे झारखंड में इंडक्शन चूल्हा और पंखा की सप्लाई करते हैं. घर में लाखों रुपये का इंडक्शन चूल्हा और पंखा रखा था. अगलगी की इस घटना में करीब 10 लाख का चूल्हा और पंखा जलकर राख हो गया. उन्होंने बताया कि रविवार को दिन के लगभग 11:00 बजे शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक घर में आग लग गई. देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया.

# बरही में अधिवक्ताओं ने गुलाल लगाकर दी होली की शुभकामना



संवाददाता | बरही

बार एसोसिएशन बरही में शनिवार को बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकानाएं दी. अध्यक्ष झारखंडी साहा ने नशामुक्त और सूखी होली के लिए लोगों को प्रेरित किया.

सचिव राजकुमार प्रसाद ने युवाओं से सोशल मीडिया के दुरुपयोग और भ्रांतियों से दूर रहने की बात कही. संयुक्त सचिव रामचंद्र प्रसाद ने कहा कि वर्तमान आदर्श आचार संहिता के कारण धारा 144 लगाया जा चुका है. रमजान का भी पाक माह चल रहा है. लोगों को अफवाहों से हटकर कानूनी डंडों से बचकर शांति व सौहार्द वातावरण में होली मनाने की बात कही. कहा कि खुद सुरक्षित रहें व औरों को सुरक्षित रहने में सहयोग करें. अंत में सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर गुलाल लगाया और होली की शुभकामनाएं दी. कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष आशीष ओझा, कोषाध्यक्ष राधेलाल चौधरी, कार्यकारिणी सदस्य सुजीत प्रधान, सुशील सिंह, रामचंद्र चौधरी, बैजनाथ प्रसाद, रामकृत सिंह, राजेश चौधरी, आरके नटवर, कुंजल साव, रविशंकर कुमार, मणिलाल चौधरी, सौरभ कुमार सिन्हा मौजूद थे.

### विहिप झारखंड प्रांत की तीन दिवसीय बैठक

**हजारीबाग** | विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत की तीन दिवसीय बैठक देवघर में हुई. इसमें हजारीबाग जिले की नवीन दायित्व की घोषणा की गई. इसमें हजारीबाग जिले के विश्व हिंदू परिषद उपाध्यक्ष विनोद कुमार साहू, सहमंत्री मनोज कुमार मेहता, प्रचार प्रसार प्रमुख राजीव रंजन सिंह, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, विशेष संपर्क प्रमुख नरेंद्र कुमार, सेवा प्रमुख उदय कुमार, मंदिर अर्चक पुरोहित प्रमुख रवि पांडे, मातृशक्ति प्रमुख नील देवी, जिला सह संयोजक अजय कुमार मेहता, निधि प्रकोष्ठ सह प्रमुख संदीप पांडे, सह सेवक प्रमुख वरूण कुमार, सोशल मीडिया प्रमुख मिथिलेश श्रीवास्तव, जिला कार्यसमिति सदस्य अमित मिश्रा, सुनील कुमार सिन्हा, आशीष कुमार, सौरव कुमार सिन्हा एवं सुशांत सोनी को नियुक्त किया गया. मौके पर उक्त नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के नवीन दायित्व के प्रति आभार जताया. साथ ही नवीन दायित्व पर सदैव खरा उतरने का संकल्प लिया. उक्त जनकारी जिला मंत्री अरविंद मेहता ने दी.

**गड़बड़ी**

### चौपारण के महराजगंज से चयकला के लेढिया नदी तक बनाई गई है पीसीसी सड़क

# दो माह भी ठीक से नहीं हुए और दिखने लगी सड़क की गिट्टी

संवाददाता | चौपारण



प्रखंड के महराजगंज से चयकला के लेढिया नदी तक 3.2 किमी तक पीसीसी ढलाई सड़क वर्षो बाद बनी है. यह बरही विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला के अथक प्रयास से बना है. इस सड़क का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा किया गया है. जिसकी अनुमानित लागत लगभग दो करोड़ अठारह लाख बतायी जा रही है. सड़क निर्माण के लगभग एक से दो माह भी ठीक से नहीं हुए और सड़क की गिट्टी दिखने लगी है.

धीरे धीरे उखड़ना भी शुरू हो गया है. जिसपर सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगा है. ग्रामीणों ने कहा कि एक तरफ जहां विधायक अकेला पूरे क्षेत्र में विकास की नई किरण पहुंचाने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं. वहीं ठेकेदार के घटिया कार्य के कारण उनके मेहनत पर पानी फिरता दिख रहा है. जिसका कई ग्रामीण वीडियो बनाकर सड़क के घटिया निर्माण की पोल खोल रहे हैं और कई सवाल भी खड़े कर रहे हैं. इस संबंध में आरईओ विभाग के जेई रतनेश कुमार से पूछने पर उनके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया नहीं दिया गया. चयकला पंचायत के पूर्व मुखिया मो सफाउद्दीन निजामी ने सड़क निर्माण में गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए कहा कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी से सड़क का निर्माण के साथ ही टूटने का सिलसिला शुरू हो गया है. सरकार भले ही आम लोगों की सुविधा और सहूलियत के लिए पक्की सड़क का निर्माण कराने के लिए लाखों करोड़ों रुपये खर्च की गई हो पर सरकारी राशि का ठेकेदार द्वारा बड़ा दुरुपयोग व बंदरबांट किया गया है. जिसका अंदाजा सड़क निर्माण से ही लगा सकते हैं. वहीं चयकला पंचायत के जेएमएम पंचायत अध्यक्ष इजहारुल अमीन उर्फ गुड्डू व एहसान ड्राइवर सहित गांव के अन्य कई ग्रामीणों ने कहा कि सड़क की ढलाई में शर्तों का पालन नहीं हुआ. प्राक्कलन के अनुसार गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया. लोगों ने निर्माण कार्य की जांच कराने की मांग करते हुए ठेकेदार पर कार्रवाई करने की मांग की है. आगे कहा कि चयखुर्द से लेकर लेढिया नदी तक अबतक सड़क के दोनों किनारों में मिट्टी भी नहीं भरा गया है. जहां मिट्टी डाला गया है वहां पर अबतक रोलर भी नहीं चला है.

**सड़क खराब**

- दो करोड़ अठारह लाख से बनायी गयी है सड़क
- सड़क की गुणवत्ता पर उठने लगे हैं कई सवाल
- ग्रामीण वीडियो बनाकर घटिया निर्माण की खोल रहे पोल

# नावाडीह गांव में दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता प्रारंभ



संवाददाता | कटकमदाग

प्रखंड के नावाडीह गांव में रविवार को दल शाही सुथर शाही दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ. होली के अवसर पर आयोजित होनेवाले इस दो दिवसीय प्रतियोगिता की शुरुआत शंखनाद और घंटा ध्वनि के साथ की गई. इस दौरान सभी खिलाड़ियों ने एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर होली की शुभकामना दी. इस मौके पर प्रतियोगिता के संरक्षक अधिवक्ता रविन्द्र कुमार ओझा ने कहा कि खेल से मानसिक शारीरिक और आध्यात्मिक विकास होता है. जरूरत है कि सभी खिलाड़ी ईमानदारी और भाईचारगी के साथ खेले. उन्होंने कहा कि पूर्वजों के नाम से आयोजित इस प्रतियोगिता में गांव के छोटे से बडे बुजुर्ग तक भाग लेते हैं. प्रतियोगिता के व्यवस्थापक समिति के अध्यक्ष सर्वजीत ओझा ने बताया कि प्रतियोगिता में चार टीमों ने भाग लिया है. इसमें शुभारंभ मैच जितेंद्र एकादश और मनेन्दर एकादश के बीच खेला गया.

## लोकसभा चुनाव की बज चुकी है रणभेरी, वोटों की सेंधमारी में जुटे हैं राजनीतिक दल

# झारखंड में जातिगत समीकरण का भी रहेगा असर

रवि भारती। रांची

लोकसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है. सभी राजनीतिक दल वोटों की सेंधमारी में जुटे हुए हैं. समीकरण पर समीकरण बनाए जा रहे हैं. लेकिन झारखंड में जातिगत समीकरण भी अहम भूमिका में रहेगा. दरअसल लोकसभा के बीते दो चुनावों में भाजपा का पलड़ा भारी रहा है. सीएम रहे हेमंत सोरेन के जेल जाने से झामुमो संकट में है. पहली बार राज्य की सत्ता सोरेन परिवार के इतर दूसरे हाथों में है. यूपीए आदिवासी अस्मिता को मुद्दा बना रहा है. वहीं, बाबूलाल मरांडी की घर वापसी को भाजपा फायदे के रूप में देख रही है. जहां तक मुद्दों की बात है, तो इस बार घुसपैठ, जातिगत जनगणना, पलायन, सरकारी नौकरी सहित दर्जन भर मुद्दों का शोर रहनेवाला है. इसके साथ ही कानून व्यवस्था का मुद्दा भी छाया रहेगा.

### हर दल का अपना बैंक वोट होने का दावा

झारखंड आदिवासी बहुल राज्य है. यह राज्य भी जातियों से अछूता नहीं है, यहां भी धर्म-जाति के नाम पर लोगों को रिझाने की कोशिश की जाती रही. हर पार्टी का एक खास वोटबैंक बना हुआ है और उसी के आधार पर हार-जीत के दावे-प्रतिदावे किये जाते रहे हैं. झारखंड में ओबीसी समाज काफी निर्णायक माना जाता है. 55 फीसदी के करीब राज्य में इनकी आबादी है. राज्य की सभी 14 सीटों पर इनकी अहम भूमिका रहती है. यहां कुर्मी समुदाय का वोट निर्णायक माना जाता है. भाजपा, जेएमएम और कांग्रेस, सभी के पास इस वोट बैंक से कुछ समर्थन मिलता रहता है. जब से पूर्व सीएम हेमंत सोरेन द्वारा ओबीसी समाज का आरक्षण बढ़ाकर 77 फीसदी किया गया है, धरातल पर समीकरण बदले हैं.

### 26 फीसदी आदिवासी के बिना राजनीति संभव नहीं

झारखंड की राजनीति सबसे ज्यादा इसी वोटबैंक के इर्द-गिर्द घूमती है. ये अलग बात है कि ओबीसी की आबादी ज्यादा है, लेकिन आज भी आदिवासी समाज के बिना यहां की राजनीति संभव नहीं. झारखंड में आदिवासी समाज की उपस्थिति 26 फीसदी के करीब बैठती है. वहीं 11 प्रतिशत दलित की आबादी है. भाजपा को इस आबादी का झारखंड बनने के बाद से ही अच्छा खासा वोट मिला है. इसका कारण ये भी माना जाता है कि जेएमएम को एक आदिवासी समर्थक पार्टी के रूप में ज्यादा मान्यता मिली हुई है, इसी वजह से लगता है कि दलित वोटरों का झुकाव भाजपा की ओर रहता है.

### मुस्लिम और हिंदू वोटर भी निर्णायक की भूमिका में

झारखंड में मुस्लिम और हिंदुओं की आबादी भी निर्णायक भूमिका रहती है. राज्य में मुस्लिमों की आबादी 14.5 फीसदी के करीब है. लेकिन सत्ता में इस समुदाय की भागीदारी काफी कम रहती है. लेकिन आंकड़ों में बात करें तो सात विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं, जहां इनकी संख्या 22 % से लेकर 38 % तक दर्ज की जाती है. हिंदुओं में ब्राह्मण, राजपूत, भूमिहार, कायस्थ शामिल हैं. यादव, कुर्मी और बनिया भी कम आबादी में ही सही, अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराते हैं.

## झारखंड जिम्नास्टिक टीम ने जम्मू में लहराया परचम

संवाददाता। रांची/ जम्मू

**खास बातें**

- प्रतियोगिता की शुरुआत से ही झारखंड टीम का रहा दबदबा
- पदक जीत राज्यवासियों की होली की खुशी दोगुनी की

जिम्नास्टिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा जम्मू में आयोजित नेशनल एरोबिक्स जिमनास्टिक चैंपियनशिप में झारखंड टीम के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एरोबिक्स जिम्नास्टिक में दो कांस्य पदक जीत कर जिम्नास्टिक में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी. ज्ञात हो झारखंड जिम्नास्टिक संघ की टीम लगातार तीन वर्षों से इस प्रतियोगिता में भाग ले रही है और विगत वर्षों में चौथे व पांचवें स्थान पर रही थी. अपनी पिछली उपलब्धियों को पीछे छोड़ते हुएजीनियर एरो डांस इवेंट में तृतीय स्थान और सीनियर पी-टाइट्स में भी तीसरा स्थान प्राप्त किया. इसके अतिरिक्त खिलाड़ियों ने अन्य प्रतियोगिता में भाग लेते हुए शानदार प्रदर्शन किया. प्रतियोगिता में झारखंड की 23 सदस्यों की टीम ने भाग लिया.

**खिलाड़ियों की सूची:** अमित गोप, राजवीर केरकेट्टा,सूरज केसरी, करण कुमार, राहुल टोप्पो, साहिल कच्छप, रोहित मुंडा, प्रिया यादव, नयन कच्छप,टोनू गोपाल, अनुराग कुमार, प्रिया कुमारी, सपना कुमारी, सृष्टि कुमारी राय, दशमी कुमारी, रितु कुमारी व प्रशिक्षक सह कप्तान पुरुष



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष:** रोग भाव में चंद्रमा केतु है. चिंता तथा तनाव रहेंगे. फालतू खर्च होगा. कुसंगति से बचें. वाहन सावधानी से चलायें, चोट व रोग से बचें. विवाद न करें. कार्य होगा और नए कार्य की आवश्यकताएं बढ़ेंगी. आर्थिक तंगी हो सकती है. हनुमान चालीसा का पाठ करें.

**वृषभ:** समय बहुत ही अनुकूल है. नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे. बकाया वसूली होगी. व्यवसाय ठीक चलेगा. किसी कार्य को लेकर के विवाद न करें. नेत्र पीड़ा की संभावना. कुछ लाभ. कोई बड़ी यात्रा के योग टलेंगे.

**मिथुन:** माता को कुछ मानसिक तनाव होगा. जायदाद वृद्धि के योग बनेंगे. विरोधी सक्रिय होंगे. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. यात्रा के योग बनेंगे. लाभ होगा. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. योजना फलीभूत होगी.

**कर्क:** समय बहुत ही अच्छा है. आपके प्रभाव से आपका पराक्रम बढ़ेगा. विजय मिलेगी, गर्व न करें. राजकीय सहयोग प्राप्त होगा. धर्म-कर्म में रुचि रहेगी. व्यवसाय ठीक चलेगा. शनि के गलत प्रभाव को कम करना चाहिए.

**सिंह:** नेत्र में कोई बिकार हो सकता है. आय के लिए किया गया प्रयास फलीभूत होगा. पर शाम के बाद खर्च बढ़ेंगे. कर्ज लेना पड़ सकता है. धनागम के अवसर बनेंगे. अकारण भय बना रहेगा. व्यापारी सोच-समझकर निर्णय लें.

**कन्या:** समय बहुत ही अनुकूल है. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी. प्रयास से धन प्राप्ति सुगम होगी. हानि, भय, कष्ट का वातावरण बनेगा. कुछ लाभ के आसार दिखेंगे. गाय को रोटी दे. अन्न के साथ साथ जल का दान करें.

**तुला:** किसी सामाजिक कार्य में खर्च होगा. साथ ही संपत्ति के कार्य लाभ देंगे. थकान महसूस होगी. रोजगार में वृद्धि होगी. प्रसन्नता रहेगी. कष्टों में वृद्धि के योग हैं. कुछ नए कार्य की संभावना सिद्ध होगी.

**वृश्चिक:** आय के लिए किया गया प्रयास लाभ देगा. मन अशांत होगा. रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे. स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा. व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा. रोग घेरेंगे. चिंताएं बढ़ेंगी. शत्रु शांत होंगे.

**धनु:** सरकारी कार्य से लाभ होगा. दौड़-धूप अधिक होगी. बुरी सूचना मिल सकती है. विवाद न करें. स्वास्थ्य कमजोर रहेगा. धनलाभ के अवसर होंगे. अकारण भय व्याप्त होगा. शत्रु शांत होंगे. जल और अन्न का दान करें.

**मकर:** धर्म में मन लगेगा. कोई बड़ा कार्य होगा. मातृपक्ष से परेशानी होगी. दुर्घटना की संभावना. धन मिलने की परिस्थिति निर्मित होगी. अंतर-प्रेरणा से कार्य करें. धनागम के अवसर बढ़ेंगे. प्रमाद का त्याग करना होगा.

**कुंभ:** शत्रु शांत रहेंगे. लाभ-हानि बराबर रहेंगे. प्रमाद बढ़ेगा. भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी. आपके प्रयास से कार्य सफल होगा, जिससे उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी. व्यवसाय ठीक चलेगा. शत्रु शांत होंगे.

**मीन:** व्यापार में हानि का संभावना है. सतर्क रहें. पर किया गया कार्य लाभ देगा. नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे. अप्रत्याशित लाभ होगा. प्रसन्नता रहेगी. प्रमाद न करें. शुभ समाचार की आशा बंधेगी. शत्रु षड्यंत्र रचेंगे.

## सड़क पर उतरे एसपी, जांच में कार से मिले तीन लाख कैश, जब्त

**लातेहार।** आदर्श आचार संहिता लागू होते हुए लातेहार पुलिस सक्रिय हो गयी है. अंतर जिला स्तरीय चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस कप्तान अंजनी अंजन स्वयं सड़कों पर उतर गये हैं. शनिवार की रात उन्होंने एनएच-75 पर मनिका थाना के चेकनाका के पास एक कार (जेएच 01 ईएन-4483) से दो लाख 99 हजार 500 रुपए कैश बरामद किया है. एसपी ने बताया कि कार से पैसा बरामद किया गया है. जांच के लिए आयकर विभाग को भेजा गया है. पैसा कहां से लाया जा रहा था और कहां भेजा जाना था, इसकी जांच चल रही है. उन्होंने कहा कि आसन्न लोकसभा चुनाव के कारण जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है. ऐसे में भारी रकम एक साथ नहीं ले जाना है.

**लोकसभा चुनाव 2024**

**कुल मतदाता 15,70,380**

| महिला | पुरुष |
|---|---|
| 7,80,716 | 7,89,657 |

ट्रांसजेंडर : 07

## दुमका संसदीय सीट : झामुमो का पारंपरिक संसदीय सीट रहा है

# शिबू सोरेन ने आठ बार जीता है चुनाव

प्रवीण कुमार। रांची

दुमका संसदीय क्षेत्र में जमताड़ा, दुमका और देवघर जिले के विधानसभा क्षेत्रों को समाहित किया गया है. यह क्षेत्र झारखंड राज्य की उप राजधानी है. झारखंड की उप राजधानी दुमका झामुमो का पारंपरिक संसदीय सीट माना जाता रहा है. दुमका लोकसभा से शिबू सोरेन 11 बार चुनाव लड़े. आठ बार विजयी रहे, जबकि तीन बार हार का सामना करना पड़ा. दुमका सीट सोरेन परिवार के लिए काफी महत्वपूर्ण और आसान सीट भी मानी जाती है. हालांकि दुमका से कई बार झारखंड मुक्ति मोर्चा को झटका भी लगा है. 2024 के लिए एक बार फिर चुनावी सरगर्मी बढ़ रही है, भाजपा ने सुनील सोरेन को उम्मीदवार बनाया है. वहीं उस सीट से हेमंत सोरेन की चुनाव लड़ने की बात सामने आ रही है. हालांकि झामुमो ने उम्मीदवार के नाम की औपचारिक घोषणा नहीं की है.शिबू सोरेन की बड़ी बाहू सीता सोरेन हाल ही में भाजपा में शामिल हुईं हैं और चर्चा है कि भाजपा सुनील सोरेन का टिकट वापस कर सीते को भी यहां से मैदान में उतार सकती है. ऐसे में फिलहाल दुमका सीट राज्य की सबसे हॉट सीट बनी हुई है.

### 1957 के चुनाव में सुरेश चंद्र चौधरी जीते

1957 में हुए लोकसभा चुनाव में दुमका से झारखंड पार्टी के सुरेश चंद्र चौधरी ने जीत दर्ज की थी. इन्हें 25.6% वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस को 16.6 %वोट मिले थी.

### 1962 चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी विजयी हुए थे

1962 के चुनाव में कांग्रेस को इस सीट पर जीत मिली थी और सत्यचंद्र बेसरा यहां से चुनाव जीते थे. कांग्रेस प्रत्याशी को 35.8 %, जबकि झारखंड पार्टी के प्रत्याशी को 35 % वोट मिले थे.

### 1967 कांग्रेस ने फिर जीती चुनाव

1967 के चुनाव में कांग्रेस ने फिर से यहां चुनाव जीता और सत्य चंद्र बेसरा को 37 % वोट मिले. जबकि कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया को 29.6 % वोट मिले थे.

### 1971 के चुनाव में फिर कांग्रेस ने दर्ज की जीत

1971 के चुनाव कांग्रेस के सत्य चंद्र बेसरा ने जीत दर्ज की. इस बार कांग्रेस पार्टी को 34.2 % वोट मिले. जबकि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को 28 % वोट मिले.

### 1977 का चुनाव लोकदल ने जीता था

1977 के चुनाव में दुमका से भारतीय लोकदल के बटेश्वर हेम्ब्रम ने जीत दर्ज की थी. इन्हें कुल 48.8 % वोट प्राप्त हुए थे. कांग्रेस पार्टी ने पृथ्वी चंद्र किस्कू को चुनावी मैदान में उतारा था. कांग्रेस को 25.2 % वोट मिले थे.

### 1980 का चुनाव निर्दलीय प्रत्याशी शिबू सोरेन जीते थे

1980 के चुनाव में यहां से शिबू सोरेन निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़े और जीत हासिल की. यहां इन्हें कुल 36.8 %वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस को 35 % वोट मिले.



### 1984 के चुनाव में शिबू सोरेन को मिली हार

1984 के चुनाव में कांग्रेस ने सीट पर कब्जा किया. कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार पृथ्वी चंद्र किस्कू को 52.4 % वोट मिले, जबकि झारखंड मुक्ति मोर्चा से चुनाव लड़े शिबू सोरेन को 26.9 % वोट मिले.

### 1989 में फिर जीते शिबू सोरेन

1989 के चुनाव में इस सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कब्जा जमा लिया. शिबू सोरेन यहां से विजयी हुए. इस बार झामुमो को 59.4 %वोट मिले, जबकि कांग्रेस को 33.5 फीसदी वोट प्राप्त हुए.

### 1991 में शिबू सोरेन जीते, बाबूलाल मरांडी हारे

1991 के चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के शिबू सोरेन फिर से इस सीट से विजयी हुए. उन्हें 57.5 % वोट मिले, जबकि भाजपा के बाबूलाल मरांडी को 27.8 % वोट मिले थे.

### 1996 में शिबू ने जीत की हैट्रिक लगाई थी

1996 के चुनाव में भी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इस सीट पर कब्जा जमाया. इस सीट पर शिबू सोरेन तीसरी बार विजयी हुए. इन्हें 31.3 %वोट मिले, जबकि भाजपा के बाबूलाल मरांडी को 30.3 % वोट मिले.

### 1998 में शिबू सोरेन हारे, बाबूलाल जीते चुनाव

1998 में इस सीट पर बदलाव हुआ और भाजपा के बाबूलाल मरांडी इस सीट से विजयी हुए. भाजपा को 46.5 % वोट मिले थे, जबकि झारखंड मुक्ति मोर्चा को 44 % वोट मिले थे.

### 1999 में भी बाबूलाल मरांडी ही चुनाव जीते थे

1999 में हुए लोकसभा चुनाव में फिर से इस सीट से भाजपा के बाबूलाल मरांडी जीते. उन्हें 36.3 % वोट मिले, जबकि इस बार झारखंड मुक्ति मोर्चा की रूपी सोरेन चुनाव लड़ी थीं. उन्हें 35.5 % वोट मिले थे. कांग्रेस को 34.3 % वोट प्राप्त हुए थे.

**लोकसभा के विधानसभा क्षेत्र किसके कब्जे में**

झामुमो : शिकरीपाड़ा,नाला ,दुमका
कांग्रेस : जामताड़ा
भाजपा : सारठ
जामा : सीता सोरेन के इस्तीफे के बाद रिक्त

### बंटवारे के बाद शिबू सोरेन ने जीती सीट

2004 के चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के खाते में यह सीट चली गई और झारखंड मुक्ति मोर्चा से शिबू सोरेन को 54.3 % वोट मिले. भाजपा के उम्मीदवार सोनेलाल हेंब्रम को 35.5 % वोट मिले थे.

### 2009 में फिर जीते शिबू सोरेन

2009 के चुनाव में भी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने चुनाव जीता था. झामुमो के शिबू सोरेन 35.5 % वोट के साथ विजयी रहे, जबकि भाजपा के सुनील सोरेन को 30.5 %वोट मिले थे. बाबूलाल मरांडी की पार्टी झारखंड विकास मोर्चा प्रजातांत्रिक को 10.4 % वोट मिले थे.

### 2014 में शिबू सोरेन जीते चुनाव

2014 के चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के शिबू सोरेन ही विजयी हुए. शिबू सोरेन ने कुल 37.02 % मत प्राप्त किए, जबकि भाजपा के सुनील सोरेन को 32.9 % वोट मिले. बाबूलाल मरांडी झारखंड विकास मोर्चा प्र. के बैनर तले दुमका से चुनाव लड़े और उन्हें 17.5 % वोटन मिले.

### 2019 में झामुमो को मिली हार

2019 के चुनाव में भाजपा के सुनील सोरेन ने कुल 47.3 %वोट लाकर चुनाव जीता, जबकि झारखंड मुक्ति मोर्चा के शिबू सोरेन को 42.6 % वोट मिले.

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने दिया फॉर्म- 6 प्राप्त करने की प्रक्रिया में गति लाने का सख्त निर्देश

# मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का अंतिम मौका

संवाददाता। रांची

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म- 6 प्राप्त करने की प्रक्रिया में गति लाने का सख्त निर्देश दिया है. उन्होंने डोर -टू -डोर सर्वे के दौरान छूटे हुए मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए पंचायत/वार्ड स्तर पर उपलब्ध मानव संसाधन के बेहतर इस्तेमाल का निर्देश दिया. मतदान केंद्र जागरूकता समूह एवं वोलेंटियर को सक्रिय किए जाने पर भी बल दिया. समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने ये निर्देश दिए.

बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा, रांची के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, ओएसडी गीता चौबे व रांची जिले के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे. मतदाता सूची में नाम जुड़वाने को लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अलग-अलग लोकसभा क्षेत्र में फॉर्म छह प्राप्त करने के लिए अलग-अलग तिथि तय की है. एक अप्रैल को अहर्ता तिथि मानते हुए 18 वर्ष और उससे अधिक आयुवर्ग के छूटे हुए अन्य योग्य नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने हेतु फॉर्म छह भरकर जमा कर सकते हैं.



**किस लोकसभा क्षेत्र में किस तिथि को भरा जाएगा फार्म छह**

10-सिंहभूम,11-खूंटी, 12-लोहरदगा एवं 13- पलामू लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 15 अप्रैल तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से संबंधित फॉर्म छह प्राप्त किया जाएगा.

4-चतरा, 5- कोडरमा एवं 14-हजारीबाग के लिए 23 अप्रैल तक फॉर्म छह प्राप्त किये जा सकेंगे.

6-गिरिडीह, 7-धनबाद, 8- रांची एवं 9-जमशेदपुर के लिए 26 अप्रैल तक फॉर्म छह प्राप्त किया जाएगा.

1-राजमहल, 2-दुमका एवं 3-गोड्डा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए 4 मई तक फार्म 6 प्राप्त किये जा सकेंगे.

### चुनाव प्रबंधन में किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो

रवि कुमार ने कहा कि चुनाव प्रबंधन के संबंध में हर स्तर के लिए जिम्मेदारियां तय हैं. निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी पदाधिकारी/कर्मी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का शत- प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें. मतदान की तैयारी में कोई कसर नहीं रहनी चाहिए. जानकारी की कमी से कहीं भी मतदाताओं को परेशानी नहीं होनी चाहिए. निर्वाचन संचालन के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बीएलओ से लेकर निर्वाची पदाधिकारी तक के लिए स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं. किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए. किसी भी स्तर पर शिथिलता की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए.

### कम प्रतिशत वाले मतदान केंद्र के क्षेत्र में डोर टू डोर सर्वे कराएं

के. रवि कुमार ने कहा है कि राज्य के जिन-जिन मतदान केंद्रों पर पूर्व के चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा है, वैसे चिह्नित मतदान केंद्रों के क्षेत्र में डोर टू डोर सर्वे कराकर मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम का मिलान करें और मतदाताओं की उदासीनता को दूर करने के लिए उन्हें जागरूक करें . साथ ही मतदाताओं को पूर्व में यदि कोई असुविधा हुई हो, तो उसका तत्काल निराकरण करते हुए उन्हें मतदान हेतु प्रेरित करने के प्रयास किए जाने चाहिए.

## सिर्फ झूठ का पुलिंदा खड़ा कर रही है कांग्रेसः विद्युत वरण

मुख्य संवाददाता। जमशेदपुर

कांग्रेस पार्टी की ओर उसके बैंक खातों को फ्रीज किए जाने की बात कहे जाने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पलटवार किया है. जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा है कि कांग्रेस का कोई बैंक अकाउंट फ्रीज नहीं हुआ है. वह सिर्फ झूठ का पुलिंदा खड़ा कर रही है. कांग्रेस के कई बैंक खाते हैं और बकाया टैक्स का भुगतान नहीं करने की वजह से उनमें से केवल तीन-चार खातों को ही आयकर विभाग ने अटैच किया है. ये खाते फ्रीज नहीं हैं. लोकसभा चुनाव में अपनी निश्चित हार को देखते हुए कांग्रेसी नेता जनता को गुमराह करने वाली झूठी बयानबाजी कर रहे हैं. सांसद विद्युत वरण महतो रविवार को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहेग थे. इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री सह जमशेदपुर लोकसभा प्रभारी नंदजी प्रसाद, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा उपस्थित थे. सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज नहीं किए गए हैं, ये चालू हैं. आयकर विभाग ने नियमानुसार कांग्रेस के अकाउंट में से मात्र 115 करोड़ रुपये फ्रीज किए और सिर्फ इसी राशि के प्रयोग पर रोक लगाई है.

## इलेक्टोरल बांड 2018 से अब तक 8252 करोड़ भाजपा को मिला, जो कुल बांड का 50 फीसदी : संजीव श्रीवास्तव

# भाजपा ने ईडी, सीबीआई को नगद पैदा करने वाली मशीन बना रखा है: कांग्रेस

संवाददाता। आदित्यपुर

प्रदेश कमेटी के निर्देश पर आज प्रेस वार्ता के माध्यम से कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार के कार्य कलापों की निंदा की. प्रेसवार्ता में सरायकेला जिले के प्रभारी संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि देश में जो परिस्थितियां बनी हैं वह विकट है. भारत लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए जाना जाता रहा है. आज 2017-18 के वित्तीय मामलों को लेकर इनकम टैक्स विभाग ने कांग्रेस पार्टी के कुल खाते को फ्रीज कर दिया है.

इनकम टैक्स ने 14 लाख 40 हजार रुपये टैक्स के लिए ऐसा किया है. जिसके वजह से पैसे के अभाव में बैनर पोस्टर छापने के लिए पैसे नहीं हैं. जबकि खाते में 2 सौ 85 करोड़ रुपये है. ऐसे में जो केंद्र सरकार के इशारे पर जो काम इनकम टैक्स विभाग ने किया है वह लोकतांत्रिक मूल्यों का ह्रास है. मामला न्यायालय में लंबित है. यह लोकतंत्र को कुचलने का प्रयास है. भाजपा अकेले चुनाव लड़ना चाहती है. इलेल्ट्रोल बांड में 2018 अब तक 8252 करोड़ भाजपा को मिला है जो कुल बांड का 50 फीसदी है.




**क्या कहा**

- 4000 करोड़ चंदा के एवज में 40 लाख करोड़ का ठेका दिए गए हैं
- देश में जो परिस्थितियां बनी हैं वह विकट है

केंद्र सरकार पहले धमकाने के लिए छापेमारी की बाद में 94 कंपनियों से चंदा वसूली है. 30 कंपनियों ने छापेमारी के बाद चंदा दिया है. इसके बाद इन्हें अरबों रुपए का ठेका भी दिया गया है. 4000 करोड़ का चंदा के एवज में 40 हजार करोड़ का ठेका दिया गया. कई दवा कंपनियों को इसमें लाभ पहुंचाया गया. 19 कंपनियों को जिसे निगरानी में रखा गया था उसे पीएमएलआई से छूट दे दी गयी. आज ईडी, सीबीआई को शस्त्र बनाकर नगद पैदा करने वाली मशीन बनाकर रखा गया है. ऐसी अराजक स्थिति में कांग्रेस के खाते फ्रिज कर उसे खुलकर चुनाव लड़ने से वंचित करने की साजिश हो रही है. प्रेसवार्ता में कांग्रेस पार्टी जिला सरायकेला खरसावां, प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी संजीव श्रीवास्तव के साथ कार्यकारी जिलाध्यक्ष अम्बुज कुमार, सचिव सुरेश धारी, उपेंद्र शर्मा, प्रमोद सिंह, मुकेश श्रीवास्तव, गंभीर सिंह, प्रकाश मंडल शामिल थे.

## नक्सलियों ने लेवी की रकम छुपा रखी थी, पुलिस ने बरामद किया



शैलेश सिंह। चाईबासा

जंगल में नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गये भारी संख्या में लेवी का रूपया बरामद हुआ है. 22 मार्च को गिरफ्तार हुए राजेश देवगम और जयपाल देवगम नाम के नक्सलियों की निशानदेही पर पुलिस की टीम ने टोन्टो थाना क्षेत्र के जिम्की, इकीर और राजाबासा के जंगल से लेवी का 10.50 लाख रूपया बरामद किया है. यह रूपया शीर्ष नक्सलियों द्वारा छुपाकर रखा गया था. लेवी के रूपया के अलावा पुलिस ने लेवी प्राप्त करने वाला लेवी रसीद, संदिग्ध विस्फोटक सामग्री, तीन वायरलेस समेत कई अन्य सामान बरामद किया है. गौरतलब है कि भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है.

# प्रदूषण के सवाल पर खामोशी

आखिर क्यों प्रदूषण का मुद्दा राजनीतिक मुद्दे के रूप में अनुपस्थित है. कोई राजनीतिक दल प्रदूषण कम करने को अपने एजेंडे में नहीं रखता है और न ही किसी बड़े राजनीतिक दल के चुनावी घोषणापत्र में स्वच्छता के अधिकार का विचार शामिल है. अर्थव्यवस्था को इसकी बड़ी कीमत चुकानी होती है. विश्व बैंक के मुताबिक प्रदूषण से जुड़ी समय पूर्व मौतों आदि के कारण 2019 में 37 अरब डॉलर की आर्थिक क्षति हुई. स्पष्ट है कि इस विषय पर तत्काल नीतिगत कदम उठाने की जरूरत है. भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में गौरवान्वित होता रहा है, लेकिन दुनिया के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में से एक होने की छवि उस पर कहीं अधिक भारी पड़ रही है. स्विस संगठन आईक्यू एयर द्वारा विश्व स्तर पर हवा की गुणवत्ता को लेकर जो रिपोर्ट जारी की जाती है, उसके मुताबिक बांग्लादेश और पाकिस्तान के बाद भारत दुनिया का तीसरा सबसे प्रदूषित देश है. यह रैंकिंग हवा में 2.5 माइक्रॉन या उससे कम के पर्टिकुलेट मैटर (पीएम 2.5) के घनत्व पर आधारित है. यह फेफड़ों और दिल की बीमारियों के अलावा कैंसर की बीमारी तथा समयपूर्व मृत्यु के मामलों से संबंधित है. वर्ष 2023 में भारत का वार्षिक पीएम 2.5 घनत्व 54.4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा, जो बांग्लादेश के 79.9 एमजी प्रति घन मीटर और पाकिस्तान के 73.7 एमजी प्रति घन मीटर से कम है. भारत की रैंकिंग के बारे में चौंकाने वाली बात यह है कि वह 2022 में आठवें नंबर से 2023 में तीसरे स्थान पर आया है. यह बात भी ध्यान देने वाली है कि अन्य दो देशों के उलट भारत का पीएम 2.5 घनत्व 2021 से कम हुआ है. उस समय यह 58.1 एमजी प्रति घन मीटर था. इसके बावजूद दुनिया के 50 सबसे प्रदूषित शहरों में से 42 भारत में हैं. नई दिल्ली लगातार दूसरे वर्ष दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी के रूप में उभरी है और उसका प्रदर्शन 2022 से लगातार खराब हो रहा है. यह आंकड़ा उन लोगों के लिए कतई चौंकाने वाला नहीं है, जो शहरी भारत में रहते हैं और जिन्हें सांस लेने की तकलीफ के कारण आए दिन चिकित्सकों के पास जाना होता है अथवा जो लगातार शहरों के प्रदूषित वातावरण में रहते हैं. आईक्यू एयर रिपोर्ट के मुताबिक 1.36 अरब भारतीय यानी कुल आबादी से थोड़े ही कम लोग ऐसे वातावरण में रहते हैं, जहां पीएम 2.5 घनत्व विश्व स्वास्थ्य संगठन के पांच एमजी प्रति घन मीटर के दिशानिर्देश से कम हो. इस सूची में बिहार का बेगूसराय शीर्ष पर है. 2022 में यह शहर इस सूची में शामिल नहीं था, लेकिन वहां सालाना औसत पीएम 2.5 घनत्व 118 प्रति घन मीटर से अधिक आंका गया है. गुवाहाटी में यह 2022 के स्तर से दोगुना हो चुका है. चूंकि जीवाश्म ईंधन को जलाया जाना पीएम 2.5 का प्रमुख स्रोत है, इसलिए देश में हवा की खराब गुणवत्ता यह भी दिखाती है कि नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने को लेकर पर्याप्त प्रयास नहीं किए जा रहे हैं.

> आईक्यू एयर रिपोर्ट के मुताबिक 1.36 अरब भारतीय यानी कुल आबादी से थोड़े ही कम लोग ऐसे वातावरण में रहते हैं, जहां पीएम 2.5 घनत्व विश्व स्वास्थ्य संगठन के पांच एमजी प्रति घन मीटर के दिशानिर्देश से कम हो.

## सुभाषित

**क्षमा बलमशक्तानाम् शक्तानाम् भूषणम् क्षमा।**
**क्षमा वशीकृते लोके क्षमयाः किम् न सिद्ध्यति॥**

जिनके पास बल नहीं है, यानी कमजोर हैं उनका सबसे बड़ा बल क्षमा है. वहीं क्षमा बलवानों का आभूषण है, जो उनके मान-सम्मान में बढ़ोतरी करता है. अपनी क्षमता के बल पर क्षमा ने इस विश्व को वश में किया हुआ है, क्षमा से कौन सा कार्य सिद्ध नहीं हो सकता है.

# परिवारवाद पर भाजपा ले रही दोहरे मजे

**परिवारवाद के खिलाफ बिगुल बजा कर भाजपा दोहरे मजे ले रही है. भाजपा एक तरफ तो जनता में सियासी परिवारों के वंशवाद को मुद्दा बना रही है. दूसरी तरफ देश के सियासी परिवारों में कलह होने पर परिवार के एक हिस्से को अपना कर भाजपा उन्हें खुला समर्थन भी देती दिख रही है. भाजपा की इस नीति की चपेट में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता आ चुके हैं. कुल मिला कर भाजपा किसी न किसी विपक्षी का घर फूटने का लाभ उठाने में लगी है.**



**देश-काल**



बृजेंद्र दुबे

केंद्रीय मंत्री रहे लोजपा नेता पशुपति पारस ने एनडीए में कोई सीट न मिलने और लोजपा चिराग गुट को तवज्जो मिलने को अपने साथ अन्याय बताते हुए एनडीए छोड़ दिया है. रामविलास पासवान के परिवार में भाजपा ने पहले चाचा पशुपति पारस के कंधे पर हाथ रखा और अब लोकसभा चुनाव में भतीजे चिराग पासवान के साथ चुनावी समझौता करके भाजपा ने वक्त के हिसाब से अपनी राजनीतिक पसंद जाहिर कर दी है. दूसरी तरफ झारखंड में शिबू सोरेन परिवार में भी आपसी कलह का फायदा उठाते हुए भाजपा ने इस परिवार में भी पहली बार सेंधें लगाने में सफलता हासिल कर ली है. गुरुजी की बड़ी बहू तो सीता सोरेन को भाजपा ने अपने पाले में लाकर यह साफ संदेश दिया है कि वह सियासी परिवारों की कलह में मूकदर्शक नहीं रहेगी. बता दें कि सियासी पारिवारिक कलह केवल इन दो परिवारों तक ही सीमित नहीं है. पारिवारिक कलह का शिकार महाराष्ट्रक ठाकरे और पवार परिवार भी हुआ है और ऐसी ही खबर बंगाल की ममता बनर्जी के परिवार से भी आई है. सबसे पहले भाजपा ने कांग्रेस की भी पारिवारिक कलह का फायदा उठाया था, जब मेनका गांधी और वरुण गांधी को मिला लिया था. अब सवाल उठता है कि ऐन लोकसभा चुनावों के समय इन परिवारों में उभरती कलह से किसका फायदा होने वाला है? एक सवाल यह भी है कि इन परिवारों में कलह किसी रणनीति का हिस्सा तो नहीं है? इस पर विस्तार से चर्चा लाजिमी है.

पासवान परिवार की लड़ाई में अक्सर पशुपति पारस का शून्य के तौर पर आकलन होता है. पर ऐसा नहीं है. चाचा-भतीजे के झगड़े में नुकसान तो लोजपा के दोनों गुटों का ही होने वाला है. पशुपति की सामर्थ्य समझने के लिए हमे थोड़ा पासवान परिवार के इतिहास में जाना होगा. रामविलास पासवान अपने भाई राम चंद्र पासवान जो कि प्रिंस राज के पिता हैं, को केंद्रीय राजनीति में रखते थे, जबकि पशुपति पारस को वे अपने गृह क्षेत्र अलौली से विधायक बनवाते थे. ताकि उनके सहारे प्रदेश की राजनीति पर भी पकड़ बनी रहे. यही कारण था कि रामविलास राष्ट्रीय और पशुपति प्रदेश अध्यक्ष हुआ करते थे. वर्ष 2000 में जब नीतीश सात दिन के सीएम बने, तब उनके साथ सुशील मोदी और पशुपति पारस ही मंत्री बने थे. मतलब रामविलास के सियासी वारिस तब पारस ही थे. 2017 में भी जब नीतीश राजद का साथ छोड़ भाजपा के साथ आए तो पारस फिर नीतीश सरकार में मंत्री बने थे.

रामविलास पासवान अपने छोटे भाई पशुपति को कितना मानते थे, यह तब सामने आया, जब 2019 में जब खुद राज्यसभा गए तो पशुपति को हाजीपुर की सेफ सीट दी. इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि वे चाहते तो बेटे चिराग को हाजीपुर से सांसद बना सकते थे. रामविलास पासवान के निधन के बाद जब चिराग ने विधानसभा चुनाव में एनडीए से अलग होकर नीतीश के खिलाफ उम्मीदवार उतारने की रणनीति बनाई, तो पारस नाराज हो गए. इस चुनाव में चिराग ने 143 उम्मीदवार उतारे इनमें से 45 ने जदयू उम्मीदवारों को हराने में अहम रोल निभाया. जब चिराग बॉलीवुड में पैर जमाने की कोशिश कर रहे थे, तब पार्टी पारस ही चला रहे थे. ऐसे में पशुपति को कमजोर समझना भारी भूल होगी. यह कुछ वैसे ही चूक है जैसे उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव ने शिवपाल की उपेक्षा करके की थी. जिसका फल समाजवादी पार्टी आज तक भुगत रही है. जाहिर है कि दोनों अगर एक साथ रहते, तो ज्यादा मजबूत होते. दोनों की आपसी लड़ाई का नुकसान लोजपा को भी हो सकता है. अगर पशुपति पारस महागठबंधन की ओर से हाजीपुर संसदीय सीट से चुनाव लड़ जाते हैं, तो चिराग के लिए मुश्किल भी हो सकती है. इसी तरह झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन की बहू और भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की भाभी विधायक सीता सोरेन भी अपने परिवार से नाराज हो गयीं. सीता सोरेन ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे कर कमल थाम लिया. सीता की नाराजगी उस समय से ही जब सोरेन परिवार का उत्तराधिकारी उन्हें न बना कर हेमंत सोरेन को बना दिया गया था. दरअसल परिवार के असली राजनैतिक उत्तराधिकारी सीता सोरेन के पति दुर्गा सोरेन थे.

दुर्गा अपने पिता के साथ झारखंड आंदोलन में कदम से कदम मिला कर चलते रहे. बाद में संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई. उसके बाद सीता सोरेन ने राज्य की राजनीति में कदम रखा. हेमंत सोरेन राजनीति के लिए अनिच्छुक बताए जाते थे. जिस तरह गांधी फैमिली में संजय गांधी की मौत के बाद राजीव गांधी को जबरन राजनीति में आना पड़ा, कुछ वैसा ही हेमंत सोरेन के साथ हुआ. सीता सोरेन ने हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद चंपाई सोरेन को सीएम बनाने का भी विरोध किया था. तब किसी तरह उन्हें मना लिया गया था. जाहिर है कि वे अब भाजपा में शामिल हो चुकी हैं तो ऐसे में झामुमो का नुकसान होना तय है. फायदा तो सिर्फ भाजपा का ही दिखाई दे रहा है. हालांकि इसके उलट झारखंड के आदिवासी समाज में हेमंत सोरेन के पक्ष में सहानुभूति की लहर और मजबूत भी हो सकती है. इसका आकलन लोकसभा चुनाव के बाद ही हो सकेगा.

महाराष्ट्र की बात करें, तो बाला साहब ठाकरे परिवार और शरद पवार के परिवार में कलह का फायदा भी भाजपा ही उठा रही है. एनसीपी तो पारिवारिक कलह के चलते बंट चुकी हैं. शिवसेना में राज ठाकरे ने बहुत पहले ही अपनी राह अलग पकड़ ली थी. अब एनसीपी भी परिवार के विवाद में खत्म होने के कगार पर है. शिवसेना की आपसी लड़ाई का फायदा भाजपा ने पहले ही उठाया है. अब जैसा दिख रहा अगर राज ठाकरे एनडीए में आ गये, तो शिवसेना की खास सीटों पर उनके कैंडिडेट्स को लड़ाया जा सकता है. अब पवार परिवार की लड़ाई का मजा भी भाजपा को लोकसभा चुनावों में भरपूर उठाना है. ऐसा ही कुछ पश्चिम बंगाल में देखने को मिल रहा है. वहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अपने भाई बबून से नाराज हो गई हैं. हाल ही में उन्होंने यहां तक बयान दिया कि उन्होंने अपने भाई से सभी तरह का रिश्ता तोड़ लिया है. उनके भाई ने भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है. वहां भी भाजपा हर कोशिश करेगी कि ममता बनर्जी के भाई की नाराजगी का हर संभव फायदा उठाया जाए.

**बोधि-वृक्ष** श्रीश्री रविशंकर



## होली के रंगों का रहस्य

होली भारत का बहुत ही लोकप्रिय और हर्षोल्लास से परिपूर्ण त्योहार है. लोगों का विश्वास है कि होली के चटक रंग ऊर्जा, जीवंतता और आनंद के सूचक हैं. होली की पूर्व संध्या पर बड़ी मात्रा में होलिका दहन किया जाता है और लोग अग्नि की पूजा करते हैं. प्रह्लाद से जुड़ी एक किंवदंति के अनुसार तभी से होली का त्योहार आरंभ हुआ था. प्रह्लाद ईश्वर को समर्पित एक बालक था, परन्तु उसके पिता ईश्वर को नहीं मानते थे. वह बहुत घमंडी और क्रूर राजा थे. तो कहानी कुछ इस तरह से आगे बढ़ती है कि प्रह्लाद के पिता एक नास्तिक राजा थे और उनका ही पुत्र हर समय ईश्वर का नाम जपता रहता था. इस बात से आहात हो कर वह अपने पुत्र को सबक सिखाना चाहते थे. उन्होंने अपने पुत्र को समझाने के सारे प्रयास किए, परन्तु प्रह्लाद में कोई परिवर्तन नहीं आया. जब वह प्रह्लाद को बदल नहीं पाए तो उन्होंने उसे मारने की सोची. इसलिए उन्होंने अपनी एक बहन की मदद ली. उनकी बहन को यह वरदान प्राप्त था कि यदि वह अपनी गोद में किसी को भी लेकर अग्नि में प्रवेश करेगी तो स्वयं उसे कुछ नहीं होगा परन्तु उसकी गोद में बैठा व्यक्ति भस्म हो जाएगा. राजा की बहन का नाम होलिका था. होलिका ने प्रह्लाद को जलाने के लिए अपनी गोद में बिठाया, परन्तु प्रह्लाद के स्थान पर वह स्वयं जल गई और "हरि ओम्" का जाप करने एवं ईश्वर को समर्पित होने के कारण, प्रह्लाद की आग से रक्षा हो गई और वह सुरक्षित बाहर आ गया. कुछ गावों में लोग अंगारों पर से हो कर गुज़र जाते हैं और उन्हें कुछ भी नहीं होता. उनके पैरों में छाले/फफोले भी नहीं पड़ते! विश्वास में बहुत शक्ति होती है. जीवन में विश्वास का बड़ा योगदान होता है. आने वाले मानसून पर होलिका दहन का प्रभाव पड़ता है. होलिका भूतकाल के बोझ का सूचक है जो प्रह्लाद की निश्छलता को जला देना चाहती थी. परन्तु नारायण भक्ति से गहराई तक जुड़े हुए प्रह्लाद ने सभी पुराने संस्कारों को स्वाहा कर दिया और फिर नए रंगों के साथ आनंद का उद्गम हुआ. जीवन एक उत्सव बन जाता है. भूतकाल को छोड़ कर हम एक नई शुरुआत की तरफ बढ़ते हैं. हमारी भावनाएं आग की तरह हमें जला देती हैं, परन्तु जब रंगों का फव्वारा फूटता है तब हमारे जीवन में आकर्षण आ जाता है. अज्ञानता में भावनाएं एक बोझ के समान होती हैं, जबकि ज्ञान में वही भावनाएं जीवन में रंग भर देती हैं. सभी भावनाओं का संबंध अलग अलग रंगों से होता है जैसे कि -लाल रंग क्रोध से, हरा इर्ष्या से, पीला पुलकित होने या प्रसन्नता से, गुलाबी प्रेम से, नीला रंग विशालता से, श्वेत शान्ति से और केसरिया संतोष या फिर त्याग से एवं बैंगनी ज्ञान से जुड़ा हुआ है. त्योहार का सार जान कर ज्ञान में होली का आनंद उठाएं.

# रंग बिरंगी गारंटियों के वायदों का बाजार

**• सियासत**

**विश्वनाथ सचदेव**

चुनाव आयोग द्वारा आम-चुनाव की घोषणा के साथ ही चुनावी दंगल शुरू हो चुका है. जुलूस, नारे, नेताओं के बयान, रोड शो आदि का शोर जोरों से सुनाई देने लगा है. इस सबको चुनाव की विधिवत शुरुआत भले ही कह लें, पर हकीकत यह है कि अब हमारे देश में चुनाव शुरू नहीं होते, चलते रहते हैं. एक अनवरत प्रक्रिया बन गये हैं चुनाव और इस प्रक्रिया के बनने में सबसे बड़ा योगदान सत्तारूढ़ दल भाजपा और हमारे प्रधानमंत्री का है. देखा जाए तो यह स्थिति अपने आप में कुछ ग़लत भी नहीं है, आखिर चुनाव जनतंत्र का उत्सव होते हैं, और ईमानदारी से लड़ी गई चुनावी लड़ाई जनतंत्र की सफलता और सार्थकता को ही प्रमाणित करते हैं. पर हमारी हकीकत यह भी है कि चुनाव में सब कुछ कहने-करने को स्वीकार्य मान लिया गया है. सिद्धांतहीन राजनीतिक समझौते और आधारहीन दावे और खोखले वादे दुर्भाग्य से हमारे जनतंत्र की एक पहचान बनते जा रहे हैं. इसलिए ज़रूरी है कि जनता इन दावों-वादों, गारंटियों की पड़ताल करती रहे.ऐसा ही एक दावा विकास का है. इसमें कोई संदेह नहीं कि विकास के मोर्चे पर हमने कई सफलताएं अर्जित की हैं. देश में सड़कों का निर्माण जिस गति से हो रहा है, वह अपने आप में किसी उपलब्धि से कम नहीं है. रेल- मार्गों का विकास और रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि भी ऐसी ही एक सफलता है. रक्षा और वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में भी हम लगातार तरक्की कर रहे हैं. चंद्रमा और मंगल तक की हमारी उड़ानें किसी भी भारतीय के मन में गर्व का अहसास जगा सकती है. विकास के इस संदर्भ में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े भरोसा दिलाने वाले हैं. लगभग साढ़े आठ प्रतिशत जीडीपी का आंकड़ा बहुत कुछ कहता है. लेकिन विकास की सार्थकता तभी बनती है जब यह विकास बेहतर जिंदगी में परिवर्तित हो. बेहतर जिंदगी का मतलब है हर क्षेत्र में आज बीते हुए कल से बेहतर दिखाई दे और आने वाले कल के लिए उम्मीदें जगाने वाला हो. यह सही है कि हमारा जीडीपी एक सम्मानजनक स्तर पर है. यह भी सही है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के संदर्भ में हम दुनिया के अनेक देशों से कहीं आगे हैं. आज हमारी अर्थ-व्यवस्था दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थ-व्यवस्था है. हमारा लक्ष्य पांचवें से तीसरे पायदान पर पहुंचने का है. पर सवाल वही है—विकास की यह गति बेहतर जिंदगी में परिवर्तित हो रही है या नहीं? जनवरी, 2024 में हमारी बेरोजगारी दर 6.8 प्रतिशत थी. फरवरी में यह प्रतिशत बढ़कर आठ हो गया. थोड़ा-सा और खंगालें तो पता चलता है इस संदर्भ में ग्रामीण क्षेत्र की स्थिति और बुरी है. वहां

> रक्षा और वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में भी हम लगातार तरक्की कर रहे हैं. चंद्रमा और मंगल तक की हमारी उड़ानें किसी भी भारतीय के मन में गर्व का अहसास जगा सकती है. विकास के इस संदर्भ में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े भरोसा दिलाने वाले हैं. लगभग साढ़े आठ प्रतिशत जीडीपी का आंकड़ा बहुत कुछ कहता है.

बेरोज़गारी का प्रतिशत क्रमशः 5.8 और 7.8 था. इसमें कोई संदेह नहीं कि शहरी क्षेत्र में इस दौरान यह आंकड़ा 8.9 प्रतिशत से कम होकर 8.5 प्रतिशत हो गया था. पर हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि हमारा दो-तिहाई क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्र में आता है. महंगाई के आंकड़े भी कुछ ऐसा ही चित्र प्रस्तुत करते हैं. इस संदर्भ में जिंदगी की कठिनाइयां कम नहीं हो रहीं, उल्टे बढ़ती जा रही हैं.महंगाई और बेरोज़गारी का यह मुद्दा आम-चुनाव का बड़ा मुद्दा बनना चाहिए था. पर अभी तक विपक्ष इसे बड़ा मुद्दा बनाने में सफल नहीं हो पाया है. वास्तविकता तो यह है कि चुनावी मुद्दों के नाम पर अनावश्यक मुद्दे उछाले जा रहे हैं. एक उदाहरण देखें—मुंबई की एक सभा में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने 'एक शक्ति' का मुकाबला करने की बात कही. उनका आशय ग़लत ताकतों से लड़ने का रहा होगा. पर दूसरे ही दिन सत्तारूढ़ पक्ष ने इस 'शक्ति' को 'शक्ति की देवी' से जोड़ दिया. प्रधानमंत्री ने दक्षिण भारत की एक चुनावी सभा में घोषणा कर दी कि वे नारी-शक्ति की रक्षा के लिए अपनी जान तक न्योछावर कर देंगे. उन्हें महारत हासिल है इस तरह के मुद्दे लपकने में और इसका लाभ उठाने में. पिछले दो आम-चुनावों में हमने देखा था कि कैसे 'चायवाला' और 'नीच' शब्द उनके लिए चुनावी-वरदान बन गया था. होना तो यह चाहिए कि चुनाव में सत्तारूढ़ पक्ष अपनी उपलब्धियों का लेखा-जोखा मतदाता के समक्ष रखे और विपक्ष सत्तारूढ़ पक्ष की कमियों-असफलताओं को उजागर करके बेहतर नीतियों के आधार पर वोट मांगे, लेकिन हो यह रहा है कि आकर्षक वादों और आधारहीन दावों के बल पर चुनाव लड़ा-लड़ाया जा रहा है. ऐसे में मतदाता का दायित्व बनता है कि वह सत्ता के लिए लड़ने वाले राजनेताओं और राजनीतिक दलों से उनके दावों-वादों के आधार के बारे में पूछे. उनसे कहे कि आकर्षक शब्दों और लोक-लुभावन शैली से उसे भरमाने की कोशिश नहीं होनी चाहिए. और न ही राजनीतिक दलों को यह मानना चाहिए कि मतदाता उनकी मुट्ठी में है.

# चुनावी राजनीति में निर्णायक हो सकेगा सीएए?

**• सामयिकी**

**एन.बनर्जी**

पहली नज़र में 2019 का विवादास्पद नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) पूरी तरह से मानवीय प्रतीत हो सकता है. यह सरकार को 2014 से पहले बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे पड़ोसी मुस्लिम देशों से भारत आये गैर-मुस्लिम प्रवासियों - जिनमें हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, ईसाई और पारसी शामिल हैं - के लिए नागरिकता प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए एक विशेष प्रावधान प्रदान करता है. हालांकि, राष्ट्रीय चुनाव से ठीक पहले इसके कार्यान्वयन के लिए चुना गया समय इसे काफी उत्तेजक बनाता है. इस तथ्य को देखते हुए यह राजनीति से प्रेरित प्रतीत होगा कि संशोधित नागरिकता कानून ने पहले देशव्यापी राजनीतिक विरोध प्रदर्शनों को आमंत्रित किया था, जिसके कार्यान्वयन में लगभग साढ़े चार साल की देरी हुई थी. लोकसभा चुनाव की घोषणा से कुछ दिन पहले 11 मार्च को सरकारी अधिसूचना के खिलाफ विपक्षी दलों के नये विरोध प्रदर्शन को देखकर कुछ लोग आश्चर्यचकित हैं. जैसा कि अपेक्षित था, भारतीय मुसलमान नाराज़ हैं. देश में मुस्लिम आबादी लगभग 18 करोड़ है, जो इंडोनेशिया और पाकिस्तान के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आबादी है. कश्मीर के अलावा, पश्चिम बंगाल, केरल, असम, बिहार, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड और बांग्लादेश की सीमा से लगे उत्तर-पूर्वी राज्यों के कुछ हिस्सों में मुस्लिम आबादी अच्छी-खासी है. विपक्षी दल स्वाभाविक रूप से नाराज़ हैं क्योंकि सीएए विशेष रूप से 2014 से पहले मुस्लिम प्रवासियों को लक्षित करता है. बहुत से लोग सरकार की इस प्रतिक्रिया को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं कि 'सीएए प्राकृतिककरण कानूनों को रद्द नहीं करता है. इसलिए, भारतीय नागरिक बनने की इच्छा रखने वाले किसी भी विदेशी देश से मुस्लिम प्रवासियों सहित कोई भी व्यक्ति मौजूदा कानूनों के तहत इसके लिए आवेदन कर सकता है. गृह मंत्रालय ने जोर देकर कहा कि यह अधिनियम 'किसी भी मुस्लिम को, जो इस्लाम के अपने संस्करण का पालन करने के लिए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में सताया गया है, मौजूदा कानूनों के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने से नहीं रोकता है.'इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) पहले ही सरकारी अधिसूचना को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट जा चुकी है और इस बात पर जोर दे रही है कि यह अधिनियम 'प्रथम दृष्टया असंवैधानिक' है. आईयूएमएल इस अधिनियम को चुनौती देने वाली सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष रिट याचिका दायर करने वाले समूह में एक प्रमुख याचिकाकर्ता है. इस अधिनियम की वैधता को इस आधार पर चुनौती देने वाली 237 अलग-अलग याचिकाएं हैं कि यह धर्म के आधार पर नागरिकता देने में भेदभाव करता है. अधिनियम का भाग्य अब पूरी तरह से सर्वोच्च न्यायालय पर निर्भर करता है. दिलचस्प बात यह है कि सीएए को अंततः राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने से पहले, 2019 में सरकार द्वारा की गयी कार्रवाइयों की एक श्रृंखला यह धारणा दे सकती है कि अन्य प्रशासनिक निर्णयों के साथ इस अधिनियम का इस्तेमाल अवैध मुस्लिम प्रवासियों के खिलाफ एक हथियार के रूप में किया जा सकता है. उदाहरण के लिए, जून 2019 में, सरकार ने देश में विदेशी न्यायाधिकरणों की स्थापना को सक्षम बनाया. इसमें राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के तहत सभी भारतीय नागरिकों की एक सूची बनाने की घोषणा की गयी. एनआरसी अपडेट का मतलब 1971 तक की मतदाता सूची के आधार पर नागरिकों के नाम सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया है. एनआरसी1951 में बनाया गया था. अज्ञात कारणों से, असम को छोड़कर, जहां 41 लाख निवासी थे, एनआरसी देश के अधिकांश हिस्सों में अप्रभावी रहा और अभी तकये निवासी रजिस्टर में दर्ज नहीं हैं. नये नियमों ने जमीन पर जिला कलेक्टरों द्वारा नागरिकता के आवेदनों की स्वतंत्र और स्तरीय जांच को खत्म कर दिया है और आवेदकों को नागरिकता देने की बुद्धिमत्ता के बारे में राज्य सरकारों की सिफारिशों को भी खत्म कर दिया गया है. 2009 के नागरिक नियमों के तहत, केंद्र सरकार को नागरिकता प्रदान करने की प्रक्रिया में राज्य सरकारों से परामर्श करना आवश्यक था. सीएए से पहले, देशीयकरण के माध्यम से भारतीय नागरिकता चाहने वाले किसी भी विदेशी नागरिक को पात्र बनने के लिए भारत में 11 साल बिताने की आवश्यकता होती थी. संशोधित अधिनियम 31 दिसंबर, 2014 से पहले मुस्लिम-बहुल बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न से भागकर भारत आने वाले धार्मिक विश्वासों के एक चुनिंदा समूह के लिए नागरिकता आवेदन में तेजी लाता है.

> एनआरसी अपडेट का मतलब 1971 तक की मतदाता सूची के आधार पर नागरिकों के नाम सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया है. एनआरसी1951 में बनाया गया था. अज्ञात कारणों से, असम को छोड़कर, जहां 41 लाख निवासी थे, एनआरसी देश के अधिकांश हिस्सों में अप्रभावी रहा और अभी तकये निवासी रजिस्टर में दर्ज नहीं हैं.

**मीडिया में अन्यत्र**

## एमआईआरवी से लैस अग्नि-पांच

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया के माध्यम से एक ही मिसाइल पर कई परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम देशों के एक छोटे समूह में भारत के शामिल होने का एलान किया है. यह उपलब्धि रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा 'मिशन दिव्यास्त्र' के तहत 'मल्टीप्ल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल' (एमआईआरवी) तकनीक से लैस 5,000 किलोमीटर से अधिक दूरी की मारक क्षमता वाली भारत की सबसे लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 के पहले उड़ान परीक्षण के साथ हासिल की गई. अप्रैल 2012 में अपने पहले परीक्षण के बाद से, अग्नि-5 की हैंडलिंग और संचालन को और ज्यादा आसान बनाने के लिए 'कैनिस्तराईजेशन' सहित कई परीक्षण और विकास हुए हैं. एमआईआरवी प्रणाली के स्वदेशी वैमानिकी (एवियोनिक्स) प्रणाली और उच्च सटीकता वाले सेंसर पैकेज यह सुनिश्चित करते हैं कि पुनः प्रवेश करने वाले वाहन (री-एंट्री व्हीकल) लक्ष्य बिंदुओं तक सटीक तरीके से पहुंचें. डीआरडीओ ने कहा कि इस मिशन ने निर्धारित किए गए सभी मापदंडों को पूरा किया. यह परीक्षण 'मिशन शक्ति' के तहत भारत के पहले एंटी-सैटेलाइट (एसैट) परीक्षण के पांच साल बाद हुआ है. दिनांक 27 मार्च, 2019 को, बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली के एक संशोधित इंटरसेप्टर का इस्तेमाल करके लगभग 300 किलोमीटर की ऊंचाई पर पृथ्वी की निचली कक्षा में एक जीवित उपग्रह को मार गिराया गया था. यह एक महत्वपूर्ण तकनीकी सफलता है, जो भारत के परमाणु हथियार कार्यक्रम को आगे बढ़ाती है और दोबारा हमले की क्षमता को मजबूत करती है. यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण इसलिए भी है, क्योंकि भारत का परमाणु सिद्धांत पहले इस्तेमाल न करने की नीति, विश्वसनीय न्यूनतम प्रतिरोध और पहली बार हमला होने की स्थिति में बड़े पैमाने पर जवाबी कार्रवाई पर आधारित है. इस सिद्धांत को 1998 के परमाणु परीक्षणों के बाद 2003 में अपनाया गया था. अग्नि-5 पर एमआईआरवी, जो तीन चरणों वाले ठोस ईंधन पर आधारित एक इंजन है, का विकल्प इसलिए उल्लेखनीय है, क्योंकि इसके दायरे के मद्देनजर यह चीन की ओर केंद्रित है और इसके विविध हथियार इसे मिसाइल रक्षा कवच को भेदने की क्षमता प्रदान करते हैं.



**(द हिंदू)**

**शब्द चर्चा** डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## विश्लेषण/विवेचन/समीक्षा

**यह** आलेख कई बार पढ़ने और ध्यानपूर्वक विश्लेषण के योग्य है. अच्छी तरह से विवेचन के बाद ही किसी बात की सत्यता स्वीकार करनी चाहिए. आइए, कुछ प्रमुख योजनाओं की समीक्षा कर लें. इन वाक्यों में तीन समानार्थी शब्दों का प्रयोग हुआ है-विश्लेषण, विवेचन और समीक्षा. इन तीनों का प्रयोग पत्रकरिता, साहित्य और विज्ञान, तीनों में अपने ढंग से किया जाता है. इन्हें समानार्थी शब्द इसीलिए कहा जा रहा है कि वर्धा हिंदी शब्दकोश में तीनों शब्दों के अर्थ काफी हद तक एक दूसरे से मिलते हैं. जैसे विश्लेषण का मतलब तत्वसंधान, विवेचन, छानबीन, जांच, परीक्षण, अलग करना, अध्ययन, विवेचन का मतलब अच्छे बुरे का विचार करने की क्रिया, वैचारिक विवरण, आलोचनात्मक अध्ययन, मूल्यांकन, तर्क-वितर्क, समीक्षा, मीमांसा तथा समीक्षा का मतलब अच्छी तरह देखने कीक्रिया, छानबीन या जांच पड़ताल, गुण-दोषों का अध्ययन, परीक्षण, खोज, अनुसंधान, रचना, पुस्तक आदि का विवेचन या समालोचना बताया गया है. अब हम विचार करते हैं कि इनमें अंतर क्या है? विश्लेषण का अर्थ होता है किसी वस्तु या विषय वस्तु के संघटक तत्वों को अलग-अलग करके, उनकी जांच या परीक्षा करके उसका वर्णन करना, जिससे उसमें निहित तत्वों का भी भलीभांति ज्ञान हो जाये. विश्लेषण एक वैज्ञानिक परीक्षण प्रक्रिया है. इसे अंग्रेजी में एनालिसिस कहते हैं. भौतिक या रासायनिक शास्त्र (विज्ञान) में विश्लेषण के अतिरिक्त इसका भाषा या साहित्य में प्रयोग भी विषय वस्तु के सभी तत्वों की अच्छी परख को दर्शाता है. समीक्षा का अर्थ होता है अच्छे से देखना. सम+ईक्षा में सम का अर्थ अच्छे से एवं संतुलित रूप से देखना अर्थात् गहरी पैनी नज़र से देखना है, जिससे उसके सभी गुण दोषों का वर्णन किया जा सके. समीक्षा का प्रयोग वैज्ञानिक विश्लेषण से अलग सभी विषय वस्तु, यथा, साहित्यिक कृतियों, फिल्मों इत्यादि के विवेचन में ही विशेषतः होता है.

# बुरा न मानो होली है!

**• तीर-तुक्का**

**रवि प्रकाश**

जिस किसी ने भी यह नारा दिया है कि बुरा न मानो होली है, वह बहुत बुद्धिमान व्यक्ति रहा होगा. उसे पता है कि दूसरे व्यक्ति के साथ कुछ ऐसा किया जा रहा है, जो उसे बुरा लगेगा. इसलिए होली के अवसर का लाभ उठाते हुए पहले तो उसको भड़का दिया और फिर उसके बाद जब भड़कने पर आया, तब उसके सामने यह कहने लगे कि बुरा न मानो होली है. यानी बुरा मानने की परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं. अच्छे खासे धुले हुए, प्रेस किए हुए कपड़े पहनकर आदमी ससुराल जाता है और वहां पर सालियां उसके नए रेडीमेड कपड़े रंग में पोत देती हैं. बेचारा बुरी तरह से लाल-पीला होना चाहता है, लेकिन तभी यह स्वर उठता है, "जीजा जी ! बुरा न मानो होली है." अर्थात होली के अवसर पर बुरा नहीं माना जाता. बेचारा जीजा मुस्कुराकर रह जाता है. थोड़ा आगे बढ़ता है. खाट पर बैठता है. नीचे धड़ाम से गिर जाता है. खाट खाली है. अर्थात बिना बुनी हुई है. केवल चादर बिछी थी. फिर गुस्से में लाल- पीला होता है. मगर फिर यही सुनने को मिलता है "बुरा न मानो होली है." हालत तो तब खराब होती है, जब व्यक्ति को भोजन में भांग मिला दी जाती है और भरपेट खिला दिया जाता है. दिन भर सोता रहता है और जब उठता है, तब सोचता है कि आज कौन सा दिन है? तब उसको बताया जाता है कि होली तो बीत गई. वह बुरा मानता है, लेकिन फिर वही आवाज उसके कानों में पड़ती है -"बुरा न मानो होली है." कई लोगों को तो सड़क पर जाते-जाते उनकी रिक्शा-कार—स्कूटर आदि रोककर लोग रंग से पोत देते हैं. वे बेचारे पता नहीं किस काम से जा रहे होते हैं. कई बार आवश्यक कार्य भी होता है, लेकिन क्या कर सकते हैं? लोग- बागों ने पहले पोता और उसके बाद शोर मचा दिया "बुरा न मानो होली है." कई लोग गुब्बारे अपने घर की छतों से दूसरे घरों की छतों पर फेंकते हैं. सड़कों पर फेंकते हैं. आते—जाते व्यक्तियों को निशाना बनाते हैं. किसी को चोट लग जाए तो भी उन्हें क्या ! उन्हें तो केवल एक ही नारा आता है -"बुरा न मानो होली है." होली वाले दिन किसी के कपड़े फाड़ दो और फिर कह दो "बुरा न मानो होली है", तो काम चल जाता है. अर्थात होली वाले दिन सॉरी अथवा माफ कीजिए अथवा क्षमा कीजिए आदि शब्दों के स्थान पर "बुरा न मानो होली है" यह शब्द-प्रयोग प्रचलन में आ गया है. अगर कोई कहे "बुरा न मानो होली है" तो इसका मतलब है कि जरूर कोई ऐसा काम हुआ है या हो रहा है या होने वाला है, जिसमें बुरा लगना आवश्यक है. तो क्यों न हम ऐसा काम करें, जिसमें व्यक्ति को बुरा लगे ही नहीं . उसको सुंदर – सुंदर पकवान खिलाओ. दहीबड़े खिलाओ. इसमें कहने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी कि "बुरा न मानो होली है." किसी व्यक्ति को केमिकल रंगों के स्थान पर फूलों की वर्षा करो , तब फिर कौन कहेगा "बुरा न मानो होली है".



# सुकून

## कोने-कोने में रंग-उमंग

*होली के रंग और उमंग तो जगजाहिर हैं, गर यह घर की सजावट में भी ये बयां हों तो रौनक दोगुनी हो जाती है. आइए आज होली थीम पर घर को सजाने के कुछ आसान और क्रिएटिव अंदाज से रू-ब-रू हों-*



डोरंडा, नॉर्थ ऑफिस पाड़ा स्थित अर्श हाइट निवासी उषा बहल ने सखियों को जब होली मिलन के लिए घर बुलाया तो घर की सजावट भी अलग अंदाज में की. पर्दे के वुडन पेलमेट पर रंगीन साड़ियों, दुपट्टों के साथ पॉम पॉम का भी खूबसूरत उपयोग किया. साथ लगी सैटी पर भी जब दुपट्टे और साड़ियां ही बिछा दीं तो वही जगह बन गई सेल्फी सेंटर.

### मुख्य दरवाजे की सजावट

त्योहार की रौनक घर के मुख्य दरवाजे से ही नजर आने लगे तो क्या कहना! अपने घर के मुख्य दरवाजे को कलरफुल पर्दे से सजा सकते हैं. जरुरत पड़े तो रंगीन साड़ी, दुपट्टे की मदद भी लें. ताजे फूलों की लड़ी अपनी खूबसूरती है और महक से फिजा को उत्सवी बना देगी. हालांकि आर्टिफिशल फूलों से भी सेल्फी में त्यौहार के रंग नजर आएंगे. मुख्य दरवाजे पर रोशनी भी खास हो. आमतौर पर हम रंगोली दीवाली के मौके पर ही बनाते हैं. इस बार होली थीम पर रंग-बिरंगी रंगोली बनाएं और आगंतुकों की तारीफ बटोरें.

### पेपर क्राफ्ट का जादू

घर को सजाने के लिए आप घर पर वेस्ट मटेरियल व पेपर की मदद से क्राफ्ट बनाएं. यू-ट्यूब पर ढेरों आइडिया उपलब्ध हैं. आप अपनी सुविधा और पसंद के अनुसार रंग-बिरंगे पेपरक्राफ्ट बना कर दीवारों को, दरवाजे-खिड़कियों पर पेपर क्राफ्ट सजाएं. घर में अगर पांच साल या ऊपर के बचे हैं तो उनकी मदद भी लें. घर की सुंदरता में तो चार चांद लगेंगे ही, बच्चों की प्रतिभा देख कर मन बाग-बाग हो जाएगा.

### फूलों की सजावट



होली पर फूलों की सजावट माहौल को पल भर में उत्सवी बना देती है. सेंटर टेबल, साइड टेबल या कॉनर टेबल पर ताजे रंगीन फूलों का गुलदस्ता गजब रौनक देता है. लिविंग रूम में कॉनर्र में फूलों की छोटी सी रंगोली और साथ में दीए-कैंडल रंग, गंध और रोशनी की यह जुगलबंदी मन मोह लेगी.

### वॉल पेपर की रंगीनी

घर में झटपट माहौल में रंगीनी लाने का ख्याल है तो कलरफुल वॉल पेपर एक बेहतर विकल्प है. आपकी जेब और पसंद के हिसाब से कई ऑप्शन मार्केट में उपलब्ध हैं. इसे लगाने के लिए प्रोफेशनल्स भी सहजता से मिल जाते हैं और कुछ वाल पेपर तो ऐसे होते हैं जिन्हें आप खुद लगा सकते हैं.

### पर्दे और कुशन कवर



होली का माहौल बनाने में पर्दे और कुशन भी जादू सा असर दिखाते हैं. ऐसे में फ्लोरल प्रिंट या एब्स्ट्रेक्ट प्रिंट वाले पर्दे चुनना आपके लिए अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है. अगर आपके पास उपलब्ध हैं नहीं तो जाहिर है कि अब इतने कम समय में आप बाजार से लेकर नहीं तैयार करवा सकते. ऐसे में घर में मौजूद रंग-बिरंगी साड़ियों व दुपट्टे के साथ कुछ क्रिएटिव सोचें. यकीनन कुछ नया सामने आएगा. रंग-बिरंगी बेडशीट, कुशन कवर और कर्पेट बिछाकर भी घर को आकर्षक बनाया जा सकता है.

### रंग-बिरंगे गुब्बारे

कलरफुल गुब्बारों को घर के मेन गेट, खिड़कियों और दीवारों पर लगाकर आप होली की सजावट बिना अधिक तामझाम के कर सकते.



होली मिलन समारोह के लिए साहित्यकार सारिका भूषण ने कई तरह के व्यंजन बनाए और उन्हें इस खास अंदाज में परोसा.

*अंबर ने ओढ़ी है तन पर चादर नीली-नीली/हरित धरित्री के आंगन में सरसो पीली-पीली/ सिंदूरी मंजरियों से है अंबा शीश सजाए, रोलीमय संध्या ऊषा की चोली है / तुम अपने रंग में रंग लो तो होली है... कितनी सारगर्भित हैं हरिवंश राय बच्चन की ये पंक्तियां. कभी अपने रंग को पहचानना तो कभी औरों के रंग में रंग जाना तो कभी अपने रंग में सराबोर कर देना, जिंदगी की सार्थकता इसी में तो है. होली तो बहाना है रंगों को समझने का. रंगों में उतरने का.*



### जिंदगी के कैनवास को कीजिए रंगों से सराबोर

# तुम अपने रंग में रंग लो तो होली है!

जिंदगी खूबसूरत रंगों से सजी है. रंग ऐसे कि सब अलहदा. लाल गुलाब भी है और लालिमा सूर्योदय की भी...पर कितना जुदा है दोनों का सौन्दर्य. कभी फुर्सत में निहारें तो कितना नया सा लगता है. दरअसल प्रकृति के इन सुंदर रंगों को देख कर हम ठिठकना भूल गए हैं. याद कीजिए आप पिछली बार कब इत्मीनान से तारों से भरे नीले आकाश को निहारे थे! वैसे रंग तो हमारे भीतर भी हैं, एक दूसरे से जरा सा जुदा. होली एक मौका है जो हमें संदेश देता है कि भागमभाग भरी जिंदगी में प्रकृति के रंगों को देखकर जरा तो ठिठकें. अपने रंग में दूसरों को सराबोर कर दें और खुद रंग जाएं दूसरों के रंग में.

### ठिठकिए कि होली है

कभी काम का बहाना तो कभी समस्याओं का. पर सच तो यह है कि सूर्योदय-सूर्यास्त के समय धरती-आसमान के सुंदर रंगों तक से हम अंजान हो रहे. प्रकृति ने कितने खूबसूरत रंगों से सजा रखी है धरती. कहीं दूर तक नीला आसमान तो कहीं पेड़ों की हरितिमा. पक्षियों के पंखों से फूलों की पंखुड़ियों तक कितने सुंदर और विलक्षण रंग. पलाश-टेसू से ट्यूलिप-यलो एलडर तक. प्रकृति के कैनवास पर पसरे इन रंगों को समझने, उस पर मुग्ध होने के लिए दौड़ती भागती जिंदगी से कुछ पल ठिठकना जरूरी है. रंगों का त्यौहार होली हमें कहीं यही संदेश तो नहीं देता. इस साल कुछ इसी संकल्प के साथ मनाए होली कि जिंदगी से प्रकृति के रंगों को दूर नहीं होने देंगे. अपनी जिंदगी में रंग बटोरेंगे तो अपने अपनों की जिंदगी में भी रंग बिखेरेंगे. कभी थोड़ा ठहर कर किसी अनजान की उदास जिंदगी में भी चुटकी भर रंग भरने की कोशिश कीजिए. यकीनन यह रंग आपकी जिंदगी में सुकून बिखेरेगा.

### दिल-दिमाग की हलचल

रंगों का हमारे दिल दिमाग पर कितना असर पड़ता है, यह आज विज्ञान साबित कर चुका है. प्रकृति का हर रंग कुछ कहता ही नहीं, बहुत कुछ करता भी है. जैसे सफेद रंग की ही बात करें तो यह शांति की बात कहता है. अगर परिवेश में सफेद रंग की कमी होती है तो अशांति पसरती है. उसी तरह लाल रंग जोश उमंग का रंग है. लाल वस्त्र पहने लोग आम लोगों की अपेक्षा खुद के भीतर अधिक जोश का भास कराते हैं. रंगों के जानकारों का कहना है कि परिवेश में लाल रंग की कमी आलस्य और जड़ता को जन्म देती है. अगर क्रोध आपको अधिक आ रहा है तो अपने कपड़ों, दीवारों के रंग, चादर पर्दों के रंगों में नीला खोजिए. रंग विशेषज्ञों का कहना है कि नीले रंग की कमी से क्रोध अधिक आता है. उपाय भी तो यहीं छिपा है. शांत जगह पर आंखें बंद कर बैठ जाएं और अनुभव करें कि चारो ओर नीलिमा फैली है. दूर तक फैले नीले आसमान को बंद आंखों से मुग्ध होकर निहारिए. यकीनन मन को सुकून मिलेगा.

### यह है लोककथा

होली मनाने के पीछे कुछ लोककथाएं प्रचलित हैं. मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा पूतना नामक राक्षसी का वध की कहानी है. पूतना जब मर गई तो बृजवासी खुशी में एक दूसरे को रंगों से सराबोर करने लगे. एक अन्य मान्यता के अनुसार फागुन महीने में शिव के गण रंग लगा कर नाचते गाते थे. यहीं से होली की शुरुआत हुई. वैसे सबसे प्रचलित कथा तो कुछ और है. इसके अनुसार असुरपति हिरण्यकश्यप ने जब अपने ही बेटे प्रह्लाद को भगवान विष्णु की भक्ति में लीन देखा तो क्रोधित हो उठे. बहन होलिका को आदेश दिया कि वह प्रह्लाद को लेकर आग में बैठ जाए. दरअसल मान्यता के अनुसार होलिका को अग्नि से सुरक्षित रहने का वरदान प्राप्त था. पर जब होलिका ने ऐसा किया तो खुद जल कर राख हो गई जबकि प्रह्लाद का बालबांका नहीं हुआ. तब से इसे होलिका दहन के रूप में मनाया जाता है.

### बस आपका साथ

ये कथाएं आस्था-अनास्था का विषय हो सकती हैं. पर होली का महत्व तो जुदा है. यह उत्सव सामाजिक-पारिवारिक संबंधों को तरोताजा करने का एक खूबसूरत बहाना है. अन्य त्यौहारों में जब पूजा या धार्मिक अनुष्ठानों का पलड़ा भारी रहता है, वहीं होली पकवानों को बनाने और अपनों को खिलाने का त्यौहार है. मिलने-मिलाने का त्यौहार है. निर्मल होकर दूसरों के रंग में रंगने और खुद के रंग से दूसरों को सराबोर कर देने का खूबसूरत मौका है.
इस होली बचपन की तरह निर्मल हो कर उत्सव मनाने का प्रयास करें. खाना-खिलाना तो अपनी जगह है, अबकी बचपन की तरह जी भर के रंग खेल कर देखिए. निराशा परे छटेगी. हताशा पर उमंग का रंग चढेगा. यकीनन एक नई ऊर्जा भरेगी. रंग खेलने से केवल आपकी त्वचा ही सराबोर नहीं होगी. भीतर भी रंग हमारे आवेगों और मन को तरंगित करते हैं.

### होली गीत



सुशील साहिल

मिलाओ मन से मन के तार रंगीली होली आई है
हो जाओ नाचन को तैयार रंगीली होली आई है.

फागुन का उपहार है होली ,रंगों का त्योहार है होली
कोई जीत न हार है होली केवल प्यार ही प्यार है होली
किसी से मत करना तकरार रंगीली होली आई है.

आओ लाल गुलाल लगायें, रंग नदी में ख़ूब नहाएं
फल, मेवा, मिष्ठान खिलाएं, ऊपर से दूध -भंग पिलाएं
तभी तो एक दिखेगा चार रंगीली होली आई है.

शहर के छोरे गांव की गोरी, नैन मटक्का चोरी चोरी
मन को भाए जोरा-जोरी, बुरा न मानो ये है होरी
बहाओ प्रेम पगी रसधार रंगीली होली आई है.

दीवानों की अजब है होरी, मन महराजा दृष्टि अघोरी
धरती की थाली के ऊपर, उलट गई आकाश कटोरी
सजा तिहु लोक यही दरबार रंगीली होली आई है.

### उड़े रंगों की बौछार



मंजुला शरण 'मनु'

होली रंगों का त्यौहार,
उड़े रंगों की बौछार.
बन कानन में टेसू दहके,
मन चौबारा बन के महके.
टेर रही कोयल मतवाली,
पी कर मधु की प्याली.
गुनगुन भौंरों की गुंजार,
खिलीं हैं कलियां बेशुमार.
होली रंगों का त्यौहार
उड़े रंगों की बौछार ...
कोई गाए फाग- कबीरा,
कहीं बजे मंजीरा
आई भंग की टोली तो ,
खुल गयी सब की बोली
खोलो सब मन के द्वार ...
होली रंगों का त्यौहार,
उड़े रंगों की बौछार.
आज ना कोई जेठ-ससुर,
मिल जाए जब सुर में सुर.
कैसा मस्ती भरा धमाल,
देखो होली का कमाल !
जोगिरा स..र..र..रा.. मार
होली रंगों का त्यौहार,
उड़े रंगों की बौछार.

### हर कोई पगा प्रेम रंग में



संगीता यादव

महादेव का वंदन कर
रंग-अबीर ले आती हूं.
गंगा-सी अलमस्ती मुझमें
मैं होली कहलाती हूं.
बुरी होलिका का दहन कर
भक्त प्रह्लाद को बचाते हैं.
ऐसे वो नारायण जो
हिरण्यकशिपु से मुक्ति दिलाते हैं.
हरि हर का यह मेल जगत में
अजब रंग दे जाता है.
हर कोई पगा प्रेम रंग में
गीत प्रेम के गाता है.
संग वसंत का पाकर के
प्रकृति भी मुस्काई है.
ओढ़कर वासन्ती चूनर
मंद-मंद बयार आई है.
चटख रंग होली के
घुले रहें जीवन में वर्ष भर.
मनु-प्रकृति का सुंदर साथ
सदा बना रहे धरती पर.

### बौराया-सा पाहुन आया



'मीनू' मीना सिन्हा

बारिश हुई धुल गई सड़कें
मन उजियारा फैल गया
मीठी-मीठी धूप में
कौन हुआ चितचोर मेरा
पतझड़ आया, झड़ गये पत्ते
नई कोंपले आस जगाई
कोयल कुहके मन में टिसके
नाच उठा मनमोर मेरा.
फगुनाहट की थपकी से
रंगबिरगा मौसम आया
मन के आंगन में मेरे
बौराया-सा पाहुन आया.
आ मेरे साथी,
उल्लासों की बौछारों में
खुशियां आज मनाएं
होली के रंगों में डूबें
छपक-छपक छपकाएं.



सृजन संसार के होली मिलन कायर्यक्रम में रविवार को मौजूद प्रवीण परिमल, चंद्रिका ठाकुर देशदीप, कामेश्वर प्रसाद कामेश आदि.

# सात रंगों के साथ एक सांवली सहयात्री



विद्याभूषण

दोस्तों! खोज और खाज एक ही मर्ज के दो काज हैं. इनदिनों मैं भी एक खोज-खाज में लगा हूं, और ऐसा लगा हूं, कि बस लगा हूं. बात यह है कि इस साल एक संपादक ने मेरे जैसे निठल्ले कवि को भी 'रंगराज' पर रिसर्च की टीम में जोड़ लिया है. पहले तो मुझे लगा कि यह ऑफर होली की पूर्वसंध्या पर कोई ठिठोली है. फिर जब वहां से गश्ती चिट्ठी मिली, तो बात कुछ खुली. लिहाजा मैंने भी अपने ज्ञान केन्द्र का शटर उठा लिया है और इस सूचना सभागार में आप मित्रों के स्वागत के लिए मुस्तैद हो गया हूं. लेकिन होली और संपादक की बोली के तालमेल से अपनी जान सांसत में अंटकती सी महसूस हो रही है. मामला यह है कि संपादकों के रंग-रोगन का मुआयना मैं यथासमय कर चुका हूं. उनके रोब-दाब की दुनिया की चहल-पहल भी देखी-सुनी है, और वहां अच्छे खासे मर्दों के चेहरों के रंग उड़ते देख कर दंग रह गया हूं. इसलिए लगता है कि संपादकों की होली बारहों महीने चलती रहती है. आचार्य प्रवर हजारी प्रसाद जी द्विवेदी की सत्प्रेरणा के प्रति साभार हो जाऊं तो कहना पड़ेगा कि होली आती नहीं, लाई जाती है. और गण्यमान्य लोग जब चाहें, तब होली ला सकते हैं. एक बार की बात है कि मेरे छापाखाने से छप कर एक अनियतकालीन पत्रिका का 'होलिकांक' जब संपादक जी के सत्प्रयासों से बाजार में आया, तब तक लोग बाग दशहरे की खरीदारी में मशगूल हो चुके थे. वैसे हमारी कलमकार बिरादरी की बाजीगरी भी कमाल की होती है! छपास के राजरोग के मारे तमाम लोग कतई बेचारे नहीं हो सकते. वे सब अखबार के मिजाज और रंगत को बखूबी पहचानते हैं और वहां की किसी भी चुहल का किसी मौसम में बुरा नहीं मानते. लिहाजा मैं भी अपने होमटास्क को निष्ठापूर्वक पूरा करने की जिद में अड़ा हूं.

वैसे यह मौसम थोड़ा जोखिम वाला है. कहते हैं, भंग प्रेमी और रंगप्रेमी दोनों बहुत खतरनाक जीव होते हैं. ऐसे महात्माओं से पाला पड़ जाये तो उनके फेरे के घेरे से बेदाग छूट जाना कोई हंसी-ठट्ठा वाली बात नहीं हो सकती. रंग और सृजन के आकस्मिक संयोग चूहे और बिल्ली के घमासान जैसा रोमांच प्रदान करते हैं. आपबीती की एक ऐसी ही मारक सुघटना मुझे अब तलक याद है. वह मेरे विवाह की दूसरी वर्षगांठ थी. यानी मधुर मिलन की सन्धि बेला का मुहूर्त. मैं उत्साह की धूमधाम के साथ 'आज फागुन बना पाहुन' गुनगुनाते हुए अपनी ससुराल पहुंचा था.

उन दिनों मेरा साहित्यानुराग चरमोत्कर्ष पर सुप्रतिष्ठित था और 'काव्यशास्त्र विनोदेन कालोगच्छति धीमताम्' वाली सूक्ति में मेरी उत्कट आस्था थी. लिहाजा होली के दिन सुबह-सबेरे मिष्टान्न से तृप्त होकर मैं अपनी ससुराल की छत पर धूप का आनन्द लेने पहुंच गया. वहां निर्जन एकान्त मिला तो कविताओं की नयी नवेली नोटबुक पर रचना प्रक्रिया में मनोयोग के साथ जुड़ा ही था, कि अचानक भूचाल जैसी धमाचैकड़ी से आक्रान्त हो कर मेरी कविता तत्काल रफूचक्कर हो गयी.

बात यह थी कि मेरी सालियां अपनी पड़ोसन सहेलियों के साथ मेरी तलाश में निकली हुई थीं. घर की छत पर मुझे अकेला और निहत्था देख कर वे सब किलकारियों से भर उठी थीं. सम्हलने से पहले ही मैं रंगों के धुआंधार फव्वारों के बीच पूरी तरह घिर चुका था. उस दिन पहली बार कविता की नोटबुक समेत मैं बै नी आ ह पी ना ला में डूब गया था. मुझे सतरंगी पुतली बनाने के बाद एक साली ने मेरी कलम मुझसे छीन ली और दूसरी ने उसकी स्याही से मेरे नीट और क्लीन चेहरे पर मूंछ-दाढ़ी का मेकअप पूरा किया. आपसे साझा करने योग्य सूचना सिर्फ यह है कि उस दिन प्रतिरोध में मैंने गांधी जी का असहयोगी रुख कायम रखा था.

तो दोस्तो, यह है रंग पर्व पर एक भुक्तभोगी की आपबीती. अर्थात, विशुद्ध यथार्थवादी आख्यान. मैं उस दिन से हमेशा सावधान रहता हूं कि घर की छत अपने पिता की हो या पत्नी के पिता की, कहीं भी मैं होली के हो-हल्ले में नहीं फंसू. बमुश्किल हार-पार कर, इस बार मैं अपने प्रिय अखबार के अनुरोध पर रंगराज के खोजी दल में शरीक हो गया हूं और माहौल के हालात पर लगातार नजर रख रहा हूं. लेकिन आइन्दा बेशी चौकसी बरतने का इरादा रखता हूं. वैसे अपने मध्यवर्गीय मुहल्ले में इधर वर्षों से होली जैसी कोई चीज मुझे नजर नहीं आयी. अलबत्ता, मुहल्ले के पांच-दस लड़के (?) दो-चार बुजुर्गों (?) के नेतृत्व में होलिकादहन की रस्म जरूर निभाते आ रहे हैं. वे सब अहले सुबह नगर निगम की बजबजाती नालियों में कीचड़ के सान्निध्य का लाभ उठाते हुए 'होली है' के नगाड़े पर रंगराज का कीर्तन 'फगुआ' गाते-बजाते हुए कर लेते हैं. फिर महंगाई को कोसते हुए फीके रंगों की बौछार शुरू होती है. इसी हंगामे को आप होलिकोत्सव कहना चाहें तो मुझे जरा भी एतराज नहीं होगा.

टंच सच है कि रंगों के बिना होली उदास मिलेगी. रंग है तो होली है. होली है तो रंग हैं. वैसे रसायन विज्ञान बताता है कि हजारों छवियों वाले रंगों की दुनिया को सात क्यारियों में बांटा जा सकता है. प्राथमिक कक्षाओं में हम इस वर्गीकरण के जिस सूत्र को कंठों में माला की तरह धारण करते थे, वह अब भी भुलाये नहीं भूलता. 'बैनीआहपीनाला' यानी बैंगनी, नीला, आसमानी, हरा, पीला, नारंगी और लाल. लेकिन आधुनिक रंग परम्परा में एक अन्य रंग का पुछल्ला भी जुड़ गया है. कहते हैं, सच्चे का है बोलबाला, झूठे का है मुंह काला. वैसे मैंने आज तक किसी झूठे का मुंह काला होते नहीं देखा. शायद आपने भी ऐसा कुछ होते हुए हरगिज नहीं देखा होगा. तो भी इस दारुण कलिकाल में इस रंग की महिमा बेशक बेतहाशा बड़ी है. जो चीज कहीं नहीं मिले, वह आपको ब्लैक में मिल जायेगी. अंग्रेजी का ब्लैक यानी हिन्दी में काला. आज के मुश्किल दौर में, आसमान छूती मंहगाई के आंचल की ओट में यह रंग सुलभता की गारंटी है. नीम अंधेरे में ही सारी सच्चाई छुपी होती है. दोस्तों, वह उजाले का प्रतिपक्ष है. लेकिन सफेदी की कसौटी है. इसे हमारे चरित्र की बानगी भी कह सकते हैं. इसीलिए यह प्रतीति बनती है कि महाजनी व्यवस्था में काले रंग को रंगराज का दर्जा खुद ब खुद हासिल हो जाना हितकर है. तो हाल-फिलहाल रंग मंडल के आठवें रंग की जय हो! कम से कम होली की हुड़दंग तक यह नारा चलेगा. बिना लजाये बताइयेगा कि आपका क्या खयाल है?

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी





# पंजाब किंग्स के खिलाफ गेंदबाजों के बेहतर प्रदर्शन पर होगी आरसीबी की निगाहें

भाषा। बेंगलुरु

- मैच भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे शुरू होगा
- पहले मैच में चेन्नई से हार गई थी बेंगलोर की टीम
- अपने पहले मैच में दिल्ली को हराया था पंजाब किंग्स ने

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अभी तक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 चरण में सिर्फ एक ही मैच खेला है. इसने उनकी गेंदबाजी की कमजोरी को उजागर कर दिया है, जिससे सोमवार को यहां चिन्नास्वामी स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच में उन्हें गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की जरूरत होगी. चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ इस चरण के शुरूआती मैच में तेज गेंदबाज आंख बंद करके शॉर्ट पिच गेंद फेंकने की रणनीति पर डटे रहे, जबकि चेपॉक की पिच पर स्पिनरों के लिए ज्यादा कुछ नहीं था. आरसीबी के तीन स्पिनरों मयंक डागर, कर्ण शर्मा और ग्लेन मैक्सवेल ने मिलकर पांच ओवर फेंके और वे बल्लेबाजों को परेशान नहीं कर सके. इन तीनों ने मिलकर 37 रन देकर महज एक विकेट झटका. वहीं अगर सीएसके के दो स्पिनरों रविंद्र जडेजा और महेश तीक्ष्णा की बात की जाये तो उन्होंने मिलकर आठ ओवर फेंके तथा 57 रन देकर चार विकेट झटके जबकि इस दौरान बल्लेबाजी करना बहुत आसान था. इसलिये आरसीबी के स्पिनरों को यहां छोटी बाउंड्री और तेज आउटफील्ड पर मुश्किल परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहना होगा. इस स्टेडियम में ज्यादातर मौकों पर टीम ने एक पारी में 200 से अधिक रन जुटाये हैं और ऐसा 27 दफा हो चुका है तथा इस पिच पर आईपीएल में पहली पारी का औसत स्कोर 172 रहा है. इससे पंजाब किंग्स के खिलाफ आरसीबी के तेज गेंदबाजों को भी जिम्मेदारी से खेलना होगा. मोहम्मद सिराज, अल्जारी जोसफ और यश दयाल ने सीएसके के खिलाफ एक ओवर में दो बाउंसर डालने के अपने कोटे का पूरा इस्तेमाल किया लेकिन इस दौरान वे अपनी लाइन एवं लेंथ पर लगाम खो बैठे.



## विराट व मैक्सवेल को खेलनी होगी बड़ी पारी

वहीं आरसीबी ने शीर्ष क्रम के चरमराने के बाद सीएसके के खिलाफ छह विकेट पर 173 रन का स्कोर खड़ा किया. आरसीबी ने 75 रन पर पांच विकेट गंवा दिये थे लेकिन दिनेश कार्तिक और अनुज रावत ने सूझ समझ से खेलकर स्कोर 170 रन के पार कराया. लेकिन हर बार निचला क्रम विश्वसनीय साबित नहीं हो सकता क्योंकि विराट कोहली, कप्तान फाफ डुप्लेसी और ग्लेन मैक्सवेल जैसे सीनियर खिलाड़ियों को बड़ी पारी खेलनी ही होगी. रजत पाटीदार को भी निश्चित रूप से अच्छी पारी खेलनी होगी जिससे उनसे आगे वाले बल्लेबाजों को थोड़ी मदद मिले .आरसीबी के लिए यह जरूरी भी है क्योंकि पंजाब किंग्स की टीम अच्छी है जो शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उनके प्रदर्शन से साफ दिखा. हालांकि पंजाब किंग्स की अपनी ही समस्यायें हैं जैसे जॉनी बेयरस्टो रन नहीं बना पा रहे हैं. वहीं बायें हाथ के तेज गेंदबाज सैम करन अच्छा नहीं कर पा रहे हैं. लेकिन दिल्ली कैपिटल्स पर जीत ने उसकी सभी चिंताओं को अस्थायी तौर पर खत्म कर दिया.

### टीमें

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाक, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्जारी जोसफ, यश दयाल, टॉम करन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान

**पंजाब किंग्स:** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व तायडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम करन, कागिसो रबाडा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया , विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी, रिले रोसोऊ.

## आईपीएल : पूरन व राहुल का अर्धशतक टीम के काम नहीं आया

# राजस्थान ने लखनऊ को हराया

भाषा ।जयपुर



राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने आईपीएल में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की. टीम ने रविवार को दिन के पहले मैच में लखनऊ सुपरजाइंट्स (एलएसजी) को 20 रन से हराया. जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला लिया. टीम ने 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 193 रन बनाए और लखनऊ को 174 रन का टारगेट दिया. जवाब में लखनऊ 20 ओवर में छह विकेट खोकर 173 रन ही बना सकी. राजस्थान के तरफ से कप्तान संजू सैमसन ने नाबाद अर्धशतक लगाया. सैमसन ने 52 बॉल पर नाबाद 82 और रेयान पराग ने 29 बॉल पर 43 रन की पारी खेली. ओपनर यशस्वी जायसवाल ने 12 बॉल पर 24 रन बनाए। जबकि ध्रुव जुरेल ने 12 बॉल पर 20 रन का योगदान दिया. लखनऊ की ओर से नवीन उल हक को दो विकेट लिए. उनके अलावा रवि बिश्नोई और मोहसिन खान को एक-एक विकेट मिला. वहीं लखनऊ के लिए निकोलस पूरन और कप्तान केएल राहुल ने अर्धशतक लगाया. लेकिन, दोनों खिलाड़ियों की हाफ सेंचुरी टीम को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं हो सकी. पूरन ने नाबाद 64 और राहुल ने 58 रन बनाए. उनके अलावा इम्पैक्ट प्लेयर दीपक हुड्डा ने 26 रन की पारी खेली. राजस्थान के लिए ट्रेंट बोल्ट ने दो विकेट लिए. नांद्रे बर्गर, संदीप शर्मा, रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल को एक-एक विकेट मिला.

**82** रन बनाए संजू सैमसन ने

**64** रन बनाए निकोलस पूरन ने

### स्कोरकार्ड

**राजस्थान रॉयल्स : 193-4 (20 ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी कै क्रुणाल बो मोहसिन | 24 | 12 | 3 | 1 |
| बटलर कै राहुल बो नवीन | 11 | 9 | 2 | 0 |
| सैमसन नाबाद | 82 | 52 | 3 | 6 |
| पराग कै हुडा बो नवीन | 43 | 29 | 1 | 3 |
| हेटमायर कै राहुल बो बिश्नोई | 5 | 7 | 0 | 0 |
| जुरेल नॉटआउट | 20 | 12 | 1 | 1 |

**अतिरिक्त** :8 (बी 0, एलबी 1, डब्ल्यू 6, एनबी 1, पी 0), कुल193 (4 विकेट, 20 ओवर), विकेट पतन : 13 -1 (जोस बटलर, 1.6), 49-2 (यशस्वी जयसवाल, 4.6), 142-3 (रियान पराग, 14.5), 150-4 (हेटमायर, 16.3), गेंदबाज : मोहसिन खान : 4-0-45-1, नवीन-उल-हक : 4-0-41-2, क्रुणाल पंड्या : 4-0-19-0, रवि बिश्नोई : 4-0-38-1, यश ठाकुर : 3-0-43-0, आयुष बडोनी : 1-0-6-0

**लखनऊ सुपर जाइंट्स :173-6 (20 ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डी कॉक कै बर्गर बो बोल्ट | 4 | 5 | 1 | 0 |
| राहुल कै जुरेल बो संदीप | 58 | 44 | 4 | 2 |
| पडिक्कल बो बोल्ट | 0 | 3 | 0 | 0 |
| बैदोनी कै बटलर बो बर्गर | 1 | 5 | 0 | 0 |
| दीपक कै जुरेल बो चहल | 26 | 13 | 2 | 2 |
| पूरन नॉटआउट | 64 | 41 | 4 | 4 |
| स्टोइनिस कै जुरेल बो अश्विन | 3 | 4 | 0 | 0 |
| क्रुणाल नॉटआउट | 3 | 5 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त**: 14 (बी0, एलबी 5, डब्ल्यू 9, एनबी 0, पी 0), कुल173 (6 विकेट, 20 ओवर) विकेट पतन : 4-1 (क्विंटन डी कॉक, 0.5), 10-2 (देवदत्त पडिक्कल, 2.2), 11-3 (आयुष बडोनी, 3.1), 60-4 (दीपक हुडा, 7.3), 145 -5 (केएल राहुल, 16.1), 154-6 (मार्कस स्टोइनिस, 17.3), गेंदबाज : बोल्ट : 4-0-35-2, नांद्रे बर्गर : 3-0-30-1, रविचंद्रन अश्विन : 4-0-35-1, आवेश खान : 3-0-21-0, युजवेंद्र चहल : 3-0-25-1, संदीप शर्मा :3-0-22-1

# पाक में ही होगी चैंपियंस ट्रॉफी: पीसीबी

भाषा ।लाहौर

- 1996 के बाद किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा पाकिस्तान
- आज मुआयना करने के लिए पहुंचेगा आईसीसी का दल

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को पूरी उम्मीद है कि वह अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करने में कामयाब होगा क्योंकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का एक दल इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए चल रही तैयारियों का मुआयना करने के लिए सोमवार को पाकिस्तान पहुंचने वाला है. आईसीसी दल में एक सुरक्षा विशेषज्ञ भी शामिल होगा जो सभी प्रस्तावित स्थलों विशेषकर कराची, लाहौर और रावलपिंडी का दौरा करेगा. पाकिस्तान ने 1996 में भारत के साथ विश्व कप की सह मेजबानी की थी और इसके बाद उसे पहली बार किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करने का काम सौंपा गया है. पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने रविवार को कहा कि दल को तैयारियों के बारे में जानकारी दी जायेगी. वे चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हमारे द्वारा किए जा रहे काम को देखने के लिए कराची, लाहौर और रावलपिंडी का दौरा करेंगे. पिछले महीने न्यूजीलैंड क्रिकेट का एक दल भी अपनी टीम के पाकिस्तान दौरे के लिए सुरक्षा और अन्य इंतजामों का मुआयना करने पाकिस्तान पहुंचा था. नकवी ने फिर दोहराया कि चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में तय समय पर आयोजित होगी. यह पूछने पर कि अगर भारत सरकार ने पाकिस्तान में अपनी टीम भेजने से इनकार कर दिया तो क्या पाकिस्तान 'जैसे को तैसा' जवाब देने पर विचार करेगा तो नकवी ने कहा कि हम ऐसी संभावनाओं पर चर्चा ही क्यों कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि हमारी दुबई में टूर्नामेंट और इसके तकनीकी पक्ष पर अच्छी बैठक हुई. जहां तक हमारा संबंध है तो हमें ऐसा कोई कारण नहीं दिखता कि यह टूर्नामेंट पाकिस्तान में आयोजित नहीं किया जायेगा. इसलिये अन्य संभावनाओं पर चर्चा ही क्यों की जाये. भारत ने पिछले साल अगस्त में एशिया कप के लिए अपनी टीम भेजने से इनकार कर दिया था जिसके कारण कई मैच श्रीलंका में कराये गये थे.

## गेंदबाज हर्षित राणा पर लगा जुर्माना

**कोलकाता** । कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के तेज गेंदबाज हर्षित राणा पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ चार रन की जीत के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 60 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया. इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बयान के अनुसार राणा ने शनिवार को आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के नियमों का उल्लंघन किया. हालांकि आईपीएल के बयान में घटना के बारे में विस्तार से नहीं बताया गया है, जिसके कारण उन्होंने आचार संहिता का उल्लंघन किया. लेकिन यह मयंक अग्रवाल के विकेट के बाद उनके जश्न मनाने के तरीके की वहज से हो सकता है. छठे ओवर में अग्रवाल को आउट करने के बाद राणा सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज के सामने पहुंचे और उन्हें 'फ्लाइंग किस' दी.

# आईपीएल में छाप छोड़ेंगे नए चेहरे : रोहित शर्मा

भाषा ।मुंबई



मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को उम्मीद है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी चरण के लिए उनकी टीम में शामिल किए गए नए खिलाड़ी शुरू से ही छाप छोड़ने में कामयाब होंगे. पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस ने इस बार दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी, अंडर-19 विश्व कप के अनकैप्ड स्टार क्वेना मफाका, इंग्लैंड के ल्यूक वुड, श्रीलंका के नुवान तुषारा, वेस्टइंडीज के रोमारियो शेफर्ड और अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को शामिल किया है.

भारतीयों में श्रेयस गोपाल को भी शामिल किया गया है. श्रीलंका के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका के बाहर होने के बाद मफाका पिछले हफ्ते मुंबई शिविर में शामिल हुए जबकि वुड को आस्ट्रेलिया के चोटिल गेंदबाज जेसन बेहरेनडोर्फ की जगह शामिल किया गया. रोहित ने मुंबई इंडियंस द्वारा पोस्ट किये गये वीडियो में कहा कि हमने बहुत सारे खिलाड़ी नीलामी में खरीदे. बहुत सारे नए चेहरे और युवा खिलाड़ियों को टीम से जोड़ा गया जिन्होंने घरेलू क्रिकेट के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी अच्छा प्रदर्शन किया है.उम्मीद है कि वे शुरू से ही अपनी छाप छोड़ सकते हैं

# फॉर्म हासिल कर लेगा पंत : सिद्धू

भाषा ।चंडीगढ़



- 15 महीने बाद पंत ने की क्रिकेट में वापसी
- वापसी मैच में फिट दिखे ऋषभ पंत
- सिद्धू ने भी लंबे समय के बाद की है कमेंट्री में वापसी

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज नवजोत सिद्धू को भरोसा है कि कार दुर्घटना के बाद लगभग 15 महीने बाद पेशेवर क्रिकेट में वापसी करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत जल्द ही फॉर्म में वापसी कर लेंगे. वह कार दुर्घटना से उबरने और 'रिहैबिलिटेशन' के कारण पिछले सत्र में नहीं खेल पाये थे लेकिन वापसी में दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व कर रहे हैं. हालांकि शनिवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ पंत 18 रन ही बना सके लेकिन वह विकेटों के बीच रन लेने में फुर्तीले थे. उन्होंने स्टंप के पीछे कैच लपका और एक स्टंपिंग भी की. सिद्धू ने कहा कि वह दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व कर रहा है और विकेटों के बीच में अच्छी तरह दौड़ रहा है. वह अच्छा क्रिकेट खेल रहो है. वह बस जल्द ही फॉर्म हासिल कर लेगा, यह बस समय की बात है.

लेकिन अहम चीज यह है कि भारतीय क्रिकेट को उसका नगीना वापस मिल गया है और मैदान पर उसकी वापसी के लिए हमें भगवान का शुक्रगुजार होना चाहिए. उन्होंने कहा कि जब यह कार दुर्घटना हुई थी तो मैंने कार की फोटो देखी थी. सबकुछ जल गया था, कार का कोई भी हिस्सा नहीं बचा था. कोई भी उस तरह की भयावह दुर्घटना से कैसे बच सकता है. सिद्धू ने कहा कि फिर उसका ऑपरेशन सफल होगा या नहीं,सब यही सोच रहे थे. लेकिन उनके लिए सब कुछ अच्छा रहा.

# आमिर ने संन्यास का फैसला बदला, विश्व कप के लिए उपलब्ध

भाषा ।कराची



पाकिस्तान के बायें हाथ के विवादित तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला बदल लिया है और वह जून में होने वाले टी20 विश्व कप में चयन के लिये उपलब्ध होंगे. आमिर को स्पॉट फिक्सिंग के आरोपों में 2010 से 2015 के बीच प्रतिबंध झेलना पड़ा था और वह कुछ समय के लिये जेल भी गया था. उसने 2021 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था. वह दुनिया भर में टी2-0 लीग खेल रहा है और अब मोहसिन नकवी की अध्यक्षता वाले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उसे वापसी के लिये मना लिया है. आमिर ने एक्स पर लिखा कि पाकिस्तान के लिये खेलना सपना है. जिंदगी में कई बार ऐसे मोड़ आते हैं कि हमें अपने फैसले बदलने पड़ते हैं. मेरे और पीसीबी के बीच सकारात्मक बात हुई है और उन्होंने मुझे यह महसूस कराया है कि पाकिस्तान क्रिकेट को मेरी जरूरत है और मैं अभी भी खेल सकता हूं. आमिर ने पाकिस्तान के लिये आखिरी टी 20 मैच अगस्त 2020 में मैनचेस्टर में खेला था.

## मुक्केबाजी में हरियाणा के पक्के किए 19 पदक

**ग्रेटर नोएडा** । हरियाणा के 19 मुक्केबाजों ने दबदबे भरा प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां तीसरी सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्के किये. हरियाणा की लड़कियों ने 10 जबकि लड़कों ने नौ वर्गों के सेमीफाइनल में जगह बनायी जिससे उनका कम से कम कांस्य पदक पक्का हो गया. लड़कियों के वर्ग में भूमि (35 किग्रा) और निश्चल शर्मा (37 किग्रा) ने विपरीत अंदाज में जीत के साथ हरियाणा के लिए अच्छे दिन की शुरुआत की. भूमि ने दिल्ली की अपेक्षा को रेफरी द्वारा तीसरे दौर में मुकाबला रोकने के मात दी जबकि निश्चल ने तमिलनाडु की एस सारा को 3-2 से हराया.

# बारबोजा ने दागे दो गोल दिल्ली ने केरला को हराया

भाषा ।कोझिकोड



दिल्ली एफसी ने स्थानापन्न ब्राजीली स्ट्राइकर सर्गियो बारबोजा के दूसरे हाफ में किये गये दो गोल की मदद से यहां 10 खिलाड़ियों की गोकुलम केरला एफसी को आई लीग मुकाबले में 2-0 से शिकस्त दी. इस जीत से दिल्ली एफसी के 21 मैच में 26 अंक हो गये और वह तालिका में सातवें स्थान पर बनी हुई है. गोकुलम केरला के 22 मैच में 36 अंक हैं जिससे वह पांचवें स्थान पर है. शनिवार देर रात हुए मुकाबले में घरेलू टीम 40वें मिनट में 10 खिलाड़ियों की हो गयी जब मशूर शेरिफ को टैकल के कारण लाल कार्ड मिला.

## क्रिकेट: मुंबई क्रिकेट एसोसिएसन ने लिया खिलाड़ियों की फीस बढ़ाने का फैसला

# अगले सीजन से मुंबई के खिलाड़ियों के सैलरी होगी डबल

एजेंसी। नई दिल्ली

**4.80** लाख मुंबई के खिलाड़ियों को एक फर्स्ट क्लास मैच के लिए मिलेंगे

**2.40** लाख बाकी बोर्ड अपने खिलाड़ियों को एक मैच के लिए देते हैं

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने अपने रणजी खिलाड़ियों की फीस बढ़ाने का फैसला किया है. खिलाड़ियों की सैलरी अगले सीजन से बढ़ जाएगी. खिलाड़ियों को अगले सीजन में इस सत्र के मुताबिक दोगुनी सैलरी मिलेगी. मुंबई के अनुभवी खिलाड़ियों को 2024-25 के सीजन से एक फर्स्ट क्लास मैच के लिए 4.80 लाख रुपए मिलेंगे. वहीं बाकी बोर्ड के खिलाड़ियों को एक मैच के 2.40 लाख रुपए मिलते हैं.

### तीन स्लैब में निर्धारित है सैलरी

- 40 से ज्यादा फर्स्ट क्लास मैच खेलने वाले प्लेयर्स को एक दिन के 60 हजार रुपए मिलते हैं, यानी एक चार दिवसीय मैच के लिए 2.40 लाख रुपए.
- 21 से 40 फर्स्ट क्लास मैच खेलने वाले खिलाड़ियों को एक दिन के 50 हजार रुपए मिलते हैं, यानी एक चार दिवसीय मैच के लिए दो लाख रुपए.
- 20 से कम फर्स्ट क्लास मैच खेलने वाले प्लेयर्स को एक दिन के 40 हजार रुपए मिलते हैं, यानी एक चार दिवसीय मैच के 1.60 लाख रुपए.

### रणजी विजेता मुंबई को मिले थे 10 करोड़

मुंबई ने इस बार रणजी ट्रॉफी पर आठ साल बाद कब्जा किया.अंजिक्य रहाणे की कप्तानी में टीम ने विदर्भ को हराया और 42वीं बार रणजी ट्रॉफी जीती थी. इस जीत पर टीम को 5 करोड़ रुपए की विनिंग प्राइज मिली. वहीं मुंबई को एमसीए ने भी 5 करोड़ रुपए का इनाम दिया, यानी टीम को खिताब जीतने पर कुल 10 करोड़ रुपए मिले.

# सेमीफाइनल में हारे श्रीकांत

भाषा । बासेल (स्विट्जरलैंड)

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत की स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत की लय यहां चीनी ताइपे के लिन चुन यि से सेमीफाइनल में मिली हार के बाद खत्म हो गयी. पूर्व नंबर एक श्रीकांत एक गेम की बढ़त के बावजूद एक घंटे पांच मिनट तक चले अंतिम चार मुकाबले में लिन चुन यि से 21-15 9-21 18-21 से हार गये. इस हार से 210,000 डॉलर राशि के टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गयी. श्रीकांत 16 महीने में पहले सेमीफाइनल में पहुंचे थे. वह 2022 नवंबर में हायलो ओपन में अंतिम चार में पहुंचे थे.



स्विस ओपन

- श्रीकांत की हार के टूर्नामेंट से भारतीय चुनौती समाप्त
- श्रीकांत को चीनी ताइपे के लिन चुन यि ने हराया
- 21-15, 9-21, 18-21 से हारे किदांबी श्रीकांत

## ब्रीफ खबरें

### पत्नी की हत्या के बाद पति ने लगाई आग

**समस्तीपुर ।** जिले के चकमेहसी थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव में रविवार को पत्नी की हत्या के बाद पति ने खुद को भी आग के हवाले कर दिया. उसके बाद ग्रामीणों ने उसे गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल में भर्ती कराया. जहां से डॉक्टर ने उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया है. वहीं, मृतका की पहचान गांव के देवेंद्र साह की पत्नी मीना देवी के रूप में की गई है. घटना की सूचना मिलने के बाद चकमेहसी थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. इस घटना के बाद परिवार के अन्य लोगों के बीच कोहराम मचा हुआ है.

### तीन मंजिला मकान से गिरकर एक की मौत

**भागलपुर ।** जिले के तिलकामांझी थाना क्षेत्र के नीलकंठ नगर में रविवार को काम कर रहा एक मजदूर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया. जब तक लोग घायल मजदूर को अस्पताल ले जाते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. घटना की जानकारी मृतक के परिजन को 15 मिनट बाद वहां पर काम कर रहे अन्य मजदूरों ने दी जिसके बाद आनन फानन में मृतक के परिजन जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां पर मृतक के परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे. घटना की बाद काम करवा रहे ठेकेदार भी अस्पताल पहुंचे.

### अपराध की योजना बनाते दो गिरफ्तार

**पूर्वी चम्पारण ।** रक्सौल डीएसपी धीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में रक्सौल थाना पुलिस ने अपराध की योजना में जुटे दो अपराधियों को हथियार व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है. रक्सौल डीएसपी ने बताया कि दोनों अपराधियों को शहर के बाटा चौक के समीप से गिरफ्तार किया गया है. अपराधियों की पहचान रामगढ़वा के रॉकी राज एवं शिवम कुमार के रूप में हुई है. रॉकी के पास से एक देशी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस और शिवम कुमार के पास से एक लोडेड देशी रिवाल्वर बरामद किया गया, जिसके मैगजीन से दो जिंदा कारतूस मिला है. रक्सौल थाना द्वारा केस दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है.



### राष्ट्रीय लोक मोर्चा को मिला चुनाव सिंबल

पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा को सिंबल मिल गया है. उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि हमारी पार्टी को कॉमन सिंबल दे दिया गया है. भरा हुआ गैस सिलेंडर हमारा सिंबल है. इस बार हमलोग लोकसभा चुनाव इसी सिंबल पर लड़ेगे. कुशवाहा ने कहा कि बिहार की जनता की समृद्धि के लिए हमारी पार्टी काम करेगी. हमारे कंधों पर 40 लोकसभा सीट है. 40 की 40 सीटों पर एनडीए को जीत मिलेगी.

**राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने पटना में समर्थकों के साथ होली का त्योहार मनाया.**

## लोकसभा चुनाव : जदयू ने 16 उम्मीदवारों की सूची जारी की

# दो मौजूदा सांसदों का टिकट कटा

**संवाददाता ।पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता वाली जदयू ने गठबंधन के तहत अपने खाते में आईं राज्य की सभी 16 लोकसभा सीट के लिए रविवार को उम्मीदवारों की घोषणा की, जिसमें पार्टी के समर्थक कहे जाने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग को प्राथमिकता दी गई है. जदयू कार्यालय में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह और संजय कुमार झा की उपस्थिति में सार्वजनिक की गई सूची के अनुसार, पार्टी के 12 मौजूदा सांसदों को इस बार भी टिकट दिया गया है. हालांकि सीतामढ़ी से मौजूदा सांसद सुनील कुमार पिंटू का टिकट काटकर विधान परिषद के अध्यक्ष देवेश चंद्र ठाकुर को उम्मीदवार बनाया गया है जबकि सीवान सीट पर वर्तमान सांसद कविता सिंह के स्थान पर विजय लक्ष्मी देवी को टिकट दिया गया है, जो एक दिन पहले अपने पति रमेश सिंह ठाकुर के साथ जदयू में शामिल हुई थीं.

झा ने कहा, सभी उम्मीदवारों पर फैसला मुख्यमंत्री ने किया है, जो पार्टी अध्यक्ष भी हैं. हमने अपने अधिकांश मौजूदा सांसदों पर भरोसा जताया है, लेकिन कुछ जगहों पर बदलाव हुए हैं.

**पार्टी मुस्लिम बहुल किशनगंज निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेगी :** जदयू को राज्य की 40 में से 16 सीटें दी गई हैं, जबकि पिछले चुनाव में उसे 17 सीट दी गई थीं, जिनमें से 16 पर उसने जीत हासिल की थी. पार्टी मुस्लिम-बहुल किशनगंज निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेगी, जहां उसे 2019 में हार मिली थी. पार्टी ने इस बार भी मुजाहिद आलम को टिकट दिया है, जो पिछली बार कांग्रेस उम्मीदवार से 35,000 से कम वोटों के अंतर से हार गए थे. इसके अलावा, पार्टी ने काराकाट की अपनी मौजूदा सीट पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाह के नेतृत्व वाले सहयोगी दल राष्ट्रीय लोक मोर्चा के लिए छोड़ दी है, हालांकि उसे शिवहर सीट मिली है, जो पहले भाजपा के पास थी. काराकाट से जदयू के महाबली सिंह सांसद हैं. शिवहर से जदयू की उम्मीदवार लवली आनंद होंगी, जो माफिया डॉन से नेता बने आनंद मोहन की पत्नी और राजद विधायक चेतन आनंद की मां हैं. संजय झा के अनुसार, उम्मीदवारों की सूची में छह ओबीसी, पांच ईबीसी, एक महादलित, एक मुस्लिम और तीन उच्च जाति के लोग शामिल हैं. उन्होंने कहा कि दो महिलाएं भी हैं और इस बात का ध्यान रखा गया है कि समाज के सभी वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व मिले. पार्टी बिहार में छह आरक्षित निर्वाचन क्षेत्रों में से केवल एक, गोपालगंज से चुनाव लड़ रही है, जहां मौजूदा सांसद आलोक सुमन को फिर से उम्मीदवार बनाया गया है. अन्य मौजूदा सांसद जो अपनी संबंधित सीटों से फिर से चुनाव लड़ेंगे, उनमें जदयू के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ''ललन'' (मुंगेर) और नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार शामिल हैं, जो इस सीट से लगातार चौथी बार चुनाव लड़ेंगे. अतीत में इस सीट से खुद नीतीश कुमार और उनके गुरु माने जाने वाले दिवंगत जॉर्ज फर्नांडीस सांसद रह चुके हैं. इसके अलावा, 2014 मोदी लहर के बावजूद पूर्णिया से सांसद चुने गए और 2019 में भी जीत हासिल करने वाले संतोष कुमार कुशवाहा इस बार भी इस सीट से उम्मीदवार बनाए गए हैं. जदयू के अन्य उम्मीदवारों में सुनील कुमार (वाल्मीकि नगर), रामप्रीत मंडल (झंझारपुर), दिलेश्वर कामैत (सुपौल), दुलाल चंद्र गोस्वामी (कटिहार), दिनेश चंद्र यादव (मधेपुरा), अजय कुमार मंडल (भागलपुर), गिरिधारी यादव (बांका) और चंद्रेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी (जहानाबाद) शामिल हैं.

### लालू ने दिया फातमी को मधुबनी से राजद का सिंबल

**पटना ।** राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव जदयू को छोड़कर राजद में वापसी करने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री अली अशरफ फातमी को



रविवार को अपने आवास पर बुलाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई. इसके बाद मधुबनी से राजद का सिंबल दिया. दरभंगा का प्रत्याशी भी राजद की ओर से पूर्व मंत्री व पार्टी विधायक ललित कुमार यादव को बनाया गया है.

### होली और गुड फ्राइडे के दिन शिक्षकों के प्रशिक्षण को लेकर विवाद

**पटना ।** बिहार में होली के दिन सरकारी शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन और गुड फ्राइडे पर स्कूली विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा को लेकर विवाद खड़ा हो गया है. राजद नेता तेजस्वी यादव ने इस मामले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से हस्तक्षेप की मांग की है. राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) द्वारा 20 मार्च को जारी एक परिपत्र में कहा गया है, संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि इससे पहले प्रशिक्षण सत्र में भाग नहीं लेने वाले सभी प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों (पहली से पांचवीं कक्षा तक) को छह-दिवसीय प्रशिक्षण सत्र में भाग लेना होगा. परिषद 25 से 30 मार्च तक फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन) डे ट्रेनिंग करेगी. बिहार सरकार ने पहले ही होली और गुड फ्राइडे पर सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है और उन दिनों राज्य सरकार के सभी कार्यालय बंद रहेंगे. इसी तरह, सातवीं कक्षा के लिए गुड फ्राइडे (29 मार्च) को भी वार्षिक परीक्षा आयोजित करने के विभाग के फैसले से विवाद खड़ा हो गया है. यहां तक कि राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल. चोंगथु ने भी मुख्य सचिव को लिखे पत्र में विभाग को 29 मार्च के परीक्षा कार्यक्रम को बदलने का निर्देश देने का आग्रह किया है.



## लखीसराय में वांटेड नक्सली प्रदीप साव हुआ गिरफ्तार

**संवाददाता ।पटना**

लखीसराय में गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए छापेमारी के दौरान एक वांटेड नक्सली को पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल की है. गिरफ्तार वांटेड को जेल में बंद हार्डकोर नक्सलियों का सहयोगी बताया जा रहा है. गिरफ्तार नक्सली प्रदीप कुमार साव पर लखीसराय में कई केस भी दर्ज हैं. वो विगत 2 साल से फरार चल रहा था. लखीसराय पुलिस व एसएसबी ने कार्रवाई करते हुए वांटेड नक्सली प्रदीप कुमार साव को गिरफ्तार किया है. वह दो साल से फरार चल रहा था. लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अभी नक्सल प्रभावित/ग्रामीण व शहरी क्षेत्र आदि में लगातार नक्सलरोधी अभियान चलाया जा रहा है. अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) को नक्सली गतिविधि की गुप्त सूचना मिली और इसे लखीसराय पुलिस अधीक्षक से साझा किया गया. जिसके बाद एएसपी अभियान के नेतृत्व में 23 मार्च को एसएसबी बन्नुबगिचा और चानन थाना व जिला पुलिस बल की टीम ने चानन थाना के महुलिय क्षेत्र में छापेमारी की.

### अपराधियों ने चालक और उप चालक को मारी गोली

**पश्चिम चंपारण (बगहा) ।** राष्ट्रीय पथ 727 बगहा-बेतिया मुख्य मार्ग के परसौनी चौक स्थित हमीरा माई स्थान के समीप बेखौफ अपराधियों ने रविवार को लगभग 11 बजे दिनदहाड़े पिकअप चालक एवं उप चालक को गोली मार दी है. जख्मी हालात में चालक पिकअप को लेकर परसौनी चौक पर आया. स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी चौतरवा थाना पुलिस को दी. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस इंस्पेक्टर सह चौतरवा थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने जख्मियों को इलाज हेतु सरकारी अस्पताल बेतिया भेजा.

## बदमाशों ने दो लोगों को गोली मारकर घायल किया

**संवाददाता ।पटना**

पश्चिम चंपारण के बगहा के चौतरवा में अज्ञात बदमाशों ने रविवार को दो लोगों को गोली मारी दी है जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है. घटना बगहा के चौतरवा परसौनी एनएच-727 के हमीरा गांव के पास की है. जहां अपराधियों ने दो लोगों की गोली मार दी. बताया जा रहा है कि मुर्गा ले जा रही गाड़ी पर बदमाशों ने अचानक ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगे, जिसमें दो लोगों को गोली लग गई. गोलीबारी की घटना में गाड़ी के चालक और खलासी को गोली लगी है, जिसे गंभीर स्थित में इलाज के



लिए बेतिया जीएमसीएच में भर्ती कराया गया है. वहीं, अस्पताल में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई. मिली जानकारी के अनुसार यूपी की तरफ से आ रही गाड़ी पर अज्ञात बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी. सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया.

## कारोबार

### हवाई किराया अन्य देशों की तुलना में काफी कम

**नयी दिल्ली ।** लगभग दो साल पुरानी एयरलाइन कंपनी अकासा एयर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय दुबे का मानना है कि भारत में हवाई किराये 'अविश्वसनीय रूप से किफायती' हैं. उन्होंने कहा कि देश के विमानन बाजार में विकास की ऐसी संभावनाएं हैं जहां अकासा एयर के साथ-साथ अन्य एयरलाइन कंपनियां भी अच्छा प्रदर्शन कर सकती हैं. अकासा एयर 28 मार्च से मुंबई से दोहा के लिए पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान की तैयारी में है. दुबे ने कहा कि एयरलाइन 'मार्केटिंग' के लिए चीजें नहीं करती.

### एसएसईएल 300 करोड़ रुपये का निवेश करेगी


**नयी दिल्ली ।** ट्रांसफॉर्मर बनाने वाली कंपनी शिरडी साई इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड जुलाई-सितंबर तिमाही तक आंध्र प्रदेश में 300 करोड़ रुपये का अपना नया संयंत्र चालू करना चाहती है. कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) एन विश्वेश्वर रेड्डी ने यह जानकारी दी. उन्होंने पीटीआई को बताया कि एसएसईएल 300 करोड़ रुपये की लागत से आंध्र प्रदेश के वाईएसआर जिले में कंडक्टर बनाने का संयंत्र लगा रही है.

## इससे पहले बायजूस अपने हेडक्वार्टर को छोड़कर अन्य सभी ऑफिसों को बंद कर चुका है

# बायजूस ने 30 ट्यूशन सेंटरों किये बंद

**भाषा ।नयी दिल्ली**

कोई कंपनी कितनी भी बड़ी क्यों न हो जब संकट में आ जाये तो अपनी नीति बदलनी ही पड़ती है. या तो कंपनी को कर्मचारियों की छंटनी करनी पड़ती है या कोई यूनिट बंद करनी पड़ती है. नकदी संकट से जूझ रही एडटेक कंपनी बायजूस के साथ कुछ ऐसा ही हो रहा है. इस वजह से बायजूस ने अपने 292 ट्यूशन सेंटरों में से अब 30 को बंद कर दिया है. बायजूस की पेरेंट कंपनी थिंक एंड लर्न ने बयान जारी कर कहा कि खर्च में कम करने के उपायों के तहत बायजूस ने इन ट्यूशन सेंटरों को बंद करने का फैसला लिया है. कंपनी ने बताया कि बाकी के 262 ट्यूशन सेंटर हाइब्रिड मॉडल पर चलते रहेंगे. इससे पहले बायजूस अपने हेडक्वार्टर को छोड़कर अन्य सभी ऑफिसों को बंद कर चुका है. साथ ही सभी एम्प्लॉइज को घर से काम करने यानी वर्क फ्रॉम होम करने को कहा है. बायजूस ने बयान जारी कर कहा कि हमें अपने टीचर्स के डेडिकेशन और अपने स्टूडेंट्स के परफॉर्मेंस पर बहुत गर्व है. क्वालिटी पर ध्यान देने से अधिकांश ट्यूशन सेंटर को मुनाफे में लाने में मदद मिल रही है. आने वाले





सालों में 262 ट्यूशन सेंटर बेस्ट और लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के इंटीग्रेट के साथ हाइब्रिड मॉडल में काम करते रहेंगे.

बायजूस के निवेशकों प्रोसस एनवी, पीक एक्सवी पार्टनर्स, जनरल अटलांटिक और सोफिना एसए ने 225 मिलियन डॉलर (करीब 1,862 करोड़ रुपये) के पोस्ट-मनी वैल्यूएशन पर 200 मिलियन डॉलर यानी करीब 1,655 करोड़ रुपये जुटाने के कंपनी के फैसले का विरोध किया. यह फंड रेजिंग पिछले राउंड से 99% कम है. पिछला फंडिंग राउंड 22 बिलियन डॉलर यानी करीब 1.82 लाख करोड़ रुपये के वैल्यूएशन पर हुआ था. बायजू के निवेशकों ने कंपनी पर अमेरिका में 533 मिलियन डॉलर (करीब 4,411 करोड़ रुपये) की हेराफेरी का आरोप लगाते हुए 1,655 करोड़ रुपये के राइट्स इश्यू पर रोक लगाने की मांग की है. इसे अवैध और कानून के विपरीत बताया है. इससे पहले बायजूस के फाउंडर बायजू रवींद्रन एम्प्लॉइज को सैलरी देने के लिए अपने घर के साथ-साथ अपने फैमिली मेंबर्स का घर भी गिरवी रख चुके हैं. बेंगलुरु के दो घरों को गिरवी रखकर उन्होंने करीब 100 करोड़ रुपए जुटाए और करीब 15,000 एम्प्लॉइज को सैलरी दी थी.

23 फरवरी को बायजूस के इन्वेस्टर्स ने एक्स्ट्राऑर्डिनरी जनरल मीटिंग (ईजीएम) के बाद कंपनी के फाउंडर सीईओ बायजू रवींद्रन, उनकी पत्नी दिव्या गोकुलनाथ और भाई रिजु रवींद्रन को बोर्ड से हटा दिया था. प्रोसस, जनरल अटलांटिक और पीक एक्सवी जैसे कई ब्लू चिप इन्वेस्टर्स ने ईजीएम में रवींद्रन और उनकी फैमिली को हटाने के लिए वोट किया था. इसके बाद 24 फरवरी को बायजू रवींद्रन ने कर्मचारियों को लिखे लेटर में कहा था कि मैं आपको यह लेटर हमारी कंपनी के सीईओ के रूप में लिख रहा हूं. आपने मीडिया में जो भी पढ़ा होगा, वह गलत है. मैं कंपनी का सीईओ बना रहूंगा, मैनेजमेंट और बोर्ड भी वही रहेगा. रवींद्रन ने आगे कहा कि सेलेक्टेड माइनॉरिटी इन्वेस्टर्स के एक छोटे ग्रुप के किए गए दावे कि उन्होंने सर्वसहमति से ईजीएम में प्रस्ताव पारित किया है, पूरी तरह से गलत है. 170 शेयरहोल्डर्स में से केवल 35 यानी लगभग 20% शेयरहोल्डर्स ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया. यह अपने आप में ही है इस इर्रेलेवेंट मीटिंग को प्राप्त बहुत ही लिमिटेड सपोर्ट को दर्शाता है.

**गहराया संकट**

- कंपनी के 262 ट्यूशन सेंटर पहले की तरह चलते रहेंगे
- निवेशकों ने कंपनी पर हेराफेरी का आरोप लगाया

### एफपीआई ने शेयरों में 38,000 करोड़ डाले

**नयी दिल्ली ।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अबतक भारतीय शेयर बाजारों में 38,000 करोड़ रुपये से अधिक डाले हैं. वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में सुधार और घरेलू मोर्चे पर मजबूत वृहद आर्थिक परिदृश्य के बीच एफपीआई भारतीय शेयर बाजारों में निवेश कर कर रहे हैं. डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले फरवरी में एफपीआई ने शेयरों में 1,539 करोड़ रुपये डाले थे. वहीं जनवरी में उन्होंने 25,743 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे. कुल मिलाकर इस साल अबतक एफपीआई भारतीय शेयर बाजार में 13,893 करोड़ रुपये डाल चुके हैं. इस दौरान उन्होंने ऋण या बॉन्ड बाजार में 55,480 करोड़ रुपये का निवेश किया है. मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, एफपीआई मार्च में उल्लेखनीय खरीदारी कर रहे हैं. वैश्विक आर्थिक मोर्चे पर सुधार और भारत के सकारात्मक वृहद आर्थिक परिदृश्य की वजह से एफपीआई भारत जैसे ऊंची वृद्धि वाले बाजारों का रुख कर रहे हैं. इसके अलावा बाजार में हालिया 'करेक्शन' से भी उन्हें निवेश का अवसर मिला है. हालांकि, पिछले सप्ताह एफपीआई शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने 31.4 करोड़ डॉलर के शेयर बेचे.

## भारती हेक्साकॉम का आईपीओ तीन अप्रैल को खुलेगा, पांच को बंद होगा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

दूरसंचार परिचालक भारती एयरटेल की अनुषंगी कंपनी भारती हेक्साकॉम का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) तीन अप्रैल को खुलेगा. कंपनी के आईपीओ दस्तावेजों (आरएचपी) के अनुसार, तीन दिन की शुरुआती शेयर बिक्री पांच अप्रैल को बंद होगी. एंकर निवेशक दो अप्रैल को शेयरों के लिए बोलियां लगा सकेंगे. यह नए वित्त वर्ष 2024-25 का पहला आईपीओ होगा. आईपीओ पूरी तरह 7.5 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश के रूप में होगा. यह मौजूदा शेयरधारक टेलीकम्युनिकेशंस कंसल्टेंट्स इंडिया लि. की 15 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है. हालांकि, ओएफएस के आकार को पहले के 10 करोड़ शेयरों से घटाया गया है. चूंकि आईपीओ पूरी तरह से एक ओएफएस पर आधारित है, इसलिए निर्गम से मिली राशि शेयरधारकों के पास जाएगी.

## मदर डेयरी इन गर्मियों में 30 नए उत्पाद पेश करेगी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

मदर डेयरी इन गर्मियों में मुख्य रूप से आइसक्रीम और दही श्रेणियों में 30 नए उत्पाद पेश करेगी. कंपनी को उपभोक्ता मांग में 25 से 30 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है. कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही. दिल्ली-एनसीआर की अग्रणी दुग्ध आपूर्तिकर्ता मदर डेयरी के पास कंपनी के स्वामित्व वाले नौ डेयरी प्रसंस्करण संयंत्र हैं जिनकी कुल क्षमता 50 लाख लीटर प्रतिदिन से अधिक की है. मदर डेयरी फ्रूट्स एंड वेजिटेबल्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मनीष बंदलिश ने कहा, गर्मी हमारे कारोबार के लिए सबसे प्रतीक्षित मौसम है, खासकर आइसक्रीम, दही और पेय पदार्थों जैसी श्रेणियों के लिए. उन्होंने कहा, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की इस साल सामान्य से अधिक तापमान और भीषण गर्मी के पूर्वानुमान के साथ हम इन श्रेणियों की मांग में कई गुना वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं.

**शेयर बाजार** पावेल की घोषणा के बाद निफ्टी 150 अंक ऊपर खुला, परंतु बंद अपने प्रारंभिक स्तर 21989 से मात्र 22 अंक ऊपर ही बंद हो पाया

# भारतीय शेयर मार्केट में भी गुरुवार को निफ्टी में 172 अंकों की तेजी रही

पिछले सप्ताह भारतीय शेयर मार्केट में प्रारंभ में दुर्बलता दिख रही थी. निफ्टी ने बुधवार को तो 21710 का न्यूनतम स्तर बना दिया था. भला हो यूएस फेड चेयरमैन पावेल का जिन्होंने मौद्रिक नीति घोषणा में तो ब्याज दरों में कोई परिवर्तन नहीं किया, परंतु 2024 में ब्याज दरों में तीन तीन कमी करने की संभावना व्यक्त कर दी. फिर क्या था. पूरे विश्व के शेयर मार्केट उछल पड़े. भारतीय शेयर मार्केट में भी गुरुवार को निफ्टी में 172 अंकों की तेजी रही. निफ्टी 22011.95 पर बंद हुआ. यह उछला स्तर शुक्रवार को भी लगभग बना रहा तथा निफ्टी 22006 रहा जो सप्ताह अंत की बंदी रही. साप्ताहिक आधार पर निफ्टी में 73 अंकों की वृद्धि रही. निफ्टी के स्तरों तथा आंकड़ों का विश्लेषण करें तो निफ्टी में निचले स्तर 21710 से साप्ताहिक बंदी के आधार पर तो 386 अंकों की बढ़त आई, परंतु इन आंकड़ों का एक दूसरा पक्ष भी है. पावेल की घोषणा के बाद निफ्टी 150 अंक ऊपर खुला, परंतु बंद अपने प्रारंभिक स्तर 21989 से मात्र 22 अंक ऊपर ही बंद हो पाया. मार्केट ऊपर खुल तो गए परंतु आरंभिक स्तर से बहुत अधिक बढ़कर बंद नहीं हो पाए. दिन के सर्वोच्च स्तर से तो 69 अंक नीचे बंद हुए. अर्थ यह कि ऊंचे स्तरों पर पर्याप्त आक्रामक खरीदारी नहीं दिखी. उछाल पर थोड़ी बिकवाली ही दिखी. इससे ऐसा लगता है कि चुनाव तथा मार्च लाभ समायोजन को लेकर मार्केट में अपेक्षित तेजी नहीं आ पाई.



**शशांक भारद्वाज**
वीपी च्वॉइस ब्रोकिंग

चुनाव तो दो माह चलेंगे. मार्च अब समाप्त होने की है. इसलिए मार्च के पश्चात भारतीय शेयर बाजार की शक्ति का एक नया परीक्षण होगा. मिड तथा स्मॉल कैप जिनमें बड़ी गिरावट आई है, उनमें तेजी प्रारंभ होती है कि नहीं, इसका निर्णय होगा. यद्यपि सप्ताह के अंतिम दो दिनों में में कुछ मध्यम तथा लघु श्रेणी के शेयरों, विशेषकर पीएसयू शेयर में अच्छी तेजी देखी गई. अच्छे आर्थिक आधारभूत कारकों के आधार पर जो शेयर अच्छे मूल्यांकन पर उपलब्ध हैं, उनमें बड़ी तेजी तो आनी चाहिए. एक अन्य बात ध्यान देने योग्य है. डाउ की तुलना में भारतीय शेयर मार्केट ने उतनी उत्साहित तेजी नहीं दिखाई. फिर 21 मार्च को बड़ी तेजी के दिन भी विदेशी संस्थागत निवेशक नकद संभाग में बिकवाल ही रहे तथा उन्होंने 1826 करोड़ रुपये के शेयर बेचे. स्टॉक फ्यूचर में उन्होंने उस दिन अवश्य 3282 करोड़ के शेयर खरीदे परंतु नकद संभाग में बिक्री तथा फ्यूचर में खरीद यह दर्शाती है कि पावेल के ब्याज दरों में कमी की संभावना की घोषणा के बाद भी एफआईआई पूरे उत्साह, शक्ति के साथ आक्रामक खरीदार नहीं हुए. पूरे सप्ताह में उन्होंने नकद संभाग में 4262 करोड़ रुपये के शेयर बेचे. पांच व्यापारिक सत्रों में चार में एफआईआई में बिकवाली की. परंतु भारतीय घरेलू संस्थागत निवेशकों ने तो नकद संभाग में धुआंधार खरीदारी की. उनका आत्मविश्वास तो बहुत प्रबल लग रहा है. पिछले सप्ताह नकद संभाग में उन्होंने पांचों व्यापारिक सत्रों में प्रतिदिन बड़ी खरीदारी की. कुल मिला कर 19352 करोड़ रुपये के शेयर खरीद डाले. एफआईआई की बिकवाली की तुलना में साढ़े चार गुणा से भी अधिक.

यह उनकी बढ़ती शक्ति, प्रभुत्व का संकेत है. यह भारतीय शेयर मार्केट को स्थायित्व प्रदान करेगा. भारतीय अर्थव्यवस्था के कारक अच्छे बने हुए हैं, अच्छे बनते जा रहे हैं. केंद्रीय रिजर्व बैंक के द्वारा इस वित्तीय वर्ष में जीडीपी दर 7.7 प्रतिशत रहने की भविष्यवाणी, मार्च 24 में निर्माण पीएमआई 56.9 से बढ़ाकर 59.2 जो कि फरवरी 2008 के बाद से सर्वाधिक तथा तीव्र मांग का संकेत, विदेशी मुद्रा भंडार 642 बिलियन के कीर्तिमान स्तर पर, प्रत्यक्ष कर संग्रह 20 प्रतिशत बढ़ 18.90 लाख करोड़ आदि आदि. भारतीय कंपनियों की उत्पादक व्यय मुद्रास्फीति में 13 प्रतिशत की कमी आई है. यह बहुत उत्साहजनक है तथा उनके लाभ में वृद्धि करेगी, वैश्विक प्रतिस्पर्धा मे भी इनकी स्थिति सुदृढ़ करेगी. इसके बड़े लाभकारी परिणाम होंगे. ब्रेंट क्रूड के मूल्य बढ़कर 85.56 डॉलर प्रति बैरल हुए हैं, यद्यपि 88 डॉलर के आसपास के साप्ताहिक उच्च स्तरों से तो कुछ कम हुए हैं. अब यदि 85 डॉलर से नीचे आ 80 की ओर बढ़ते हैं तो यह भारत के लिए लाभदायक होगा. रुपया का भाव डॉलर की तुलना में गिरकर 83.58 है. यह थोड़ी चिंता की बात है. यूएस डॉलर इंडेक्स थोड़ी बढ़त के साथ 104.11 है. यूएस बॉन्ड यील्ड गिरकर 4.202 है. दोनों मिलकर शेयर मार्केट के लिए सामान्य ही हैं. डाउ में पिछले सप्ताह 761 अंकों की वृद्धि रही यद्यपि शुक्रवार को डाउ 306 अंक गिरा. इस सप्ताह मार्च वायदा के सौदों का मासिक कटान भी है. साथ ही वित्तीय वर्ष में शेयर से लाभ हानि के गणित के लिए भी अंतिम सप्ताह है. इस वर्ष भारतीय शेयर मार्केट ने 25.5 प्रतिशत का प्रतिफल दिया है. अच्छी आर्थिक स्थिती, मोदी सरकार की वापसी, खुदरा निवेशकों का बढ़ता उत्साह, म्यूचुअल फंड में अच्छी राशि, ब्याज दरों में कमी देखते हुए अगले वित्त वर्ष में भी भारतीय शेयर बाजार में अच्छी बढ़त देखी जा सकती है. गलतियों से कुछ सीखा जाए तो गलतियां भी वरदान होती हैं. इस नियम की अपने निवेश संबंधी निर्णयों में भी सम्मिलित करें,अवश्य करें.

▼ ब्रीफ खबरें

## कार दुर्घटना में 24 साल के भारतीय पेशेवर की मौत

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिकी के पेंसिल्वेनिया राज्य में एक कार दुर्घटना में 24 वर्षीय भारतीय पेशेवर की मौत हो गई. न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने शनिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी. दूतावास ने युवक के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि 21 मार्च को पेंसिल्वेनिया में एक दुखद कार दुर्घटना में अर्शिया जोशी की मौत हो गई. जोशी ने पिछले साल स्नातक की पढ़ाई पूरी की थी.

## नाइजीरिया ने 300 बच्चों को रिहा किया

**अबूजा ।** उत्तर पश्चिम नाइजीरिया के कदुना राज्य में दो हफ्ते पहले स्कूल से अगवा कर लिए गए कम से कम 300 बच्चों को रिहा कर दिया गया है. राज्य के गवर्नर ने रविवार को यह जानकारी दी. कुदना गवर्नर उबा सानी ने प्रांत के दूर दराज़ के इलाके कुरिगा शहर से सात मार्च को अगवा किए गए 287 विद्यार्थियों को रिहा किए जाने के संबंध में विस्तार से जानकारी नहीं दी. एक बयान में उन्होंने अपहृत स्कूली विद्यार्थियों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित कराने के लिए नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला टीनुबू का आभार जताया.

## आचार संहिता की 1500 शिकायतें हुई दर्ज

**जयपुर ।** एक सप्ताह में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित 1500 से अधिक शिकायतें दर्ज की गई हैं. मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा कि सीविजिल ऐप पर दर्ज कुल 1515 शिकायतों में से 546 का समाधान निर्धारित समय में किया गया है और 16 मार्च को लोस चुनाव की आचार संहिता लागू होने के बाद से हर दिन 200 से ज्यादा शिकायतें मिल रही हैं. पिछले 7 दिन में प्राप्त 1515 शिकायतों में से 546 शिकायतें निर्वाचन अधिकारियों ने सही पाईं.

## दोपहिया वाहनों के शोरूम में लगी आग

**नयी दिल्ली ।** मध्य दिल्ली के करोल बाग इलाके में रविवार को दोपहिया वाहनों के एक शोरूम में आग लग गई. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमें सुबह साढ़े 10 बजे दोपहिया वाहनों के एक शोरूम में आग लगने की सूचना मिली. दमकल के दो वाहनों को घटनास्थल भेजा गया है. इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ. अधिकारी ने बताया कि आग बुझाने में करीब 20 मिनट लगे और पुलिस को घटना को बारे में सूचित कर दिया है.

## बाइडन और ट्रंप ने प्राइमरी चुनाव जीते

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए क्रमशः डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार चुने जाने की प्रक्रिया के तहत लुइसियाना के प्राइमरी चुनाव में शनिवार को जीत हासिल कर ली. बहरहाल, ट्रंप और बाइडन दोनों का ही राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए अपनी-अपनी पार्टी का उम्मीदवार बनना तय हो चुका है. बाइडन ने मिसौरी के डेमोक्रेटिक प्राइमरी का भी चुनाव लड़ा.





गोरखपुर में आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान लोगों ने जमकर अबीर-गुलाल उड़ाये. वहीं दूसरी ओर भारत-पाकिस्तान सीमा पर होली मिलन समारोह के दौरान एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगा कर खहोली की खुशियां मनातीं महिला जवान.

### सिंगापुर में भारतीयों के बीच बोले विदेश मंत्री एस जयशंकर

# हर भाषा में आतंकी का मतलब आतंकी ही होगा, बचाव न करें

- विदेश मंत्री ने कहा कि यह भी स्वाभाविक है कि जब दो लोग विचार विमर्श करेंगे तो उनके अलग-अलग दृष्टिकोण होंगे

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

विदेशमंत्री एस जयशंकर ने सिंगापुर में भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ संवाद किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी भाषा में 'आतंकवादी, आतंकवादी ही होता है' और किसी को भी आतंकवाद की अलग-अलग व्याख्या के कारण उसे माफ करने या उसका बचाव करने की अनुमति नहीं देनी चाहिए. जब उनसे ये पूछा गया कि भारतीय अधिकारी अपने वैश्विक समकक्षों के साथ संवेदनशील और भाषाई रूप से भिन्न विषयों पर कैसे विचार विमर्श करते हैं. इस पर जयशंकर ने कहा कि डिप्लोमेसी में विभिन्न देश अपनी संस्कृति, परंपराओं और कभी-कभी अपनी भाषा या अवधारणाओं पर बहस करते हैं.

विदेश मंत्री ने कहा कि यह भी स्वाभाविक है कि जब दो लोग विचार विमर्श करेंगे तो उनके अलग-अलग दृष्टिकोण होंगे. लेकिन कूटनीति का मतलब ही इसे सुलझाने और किसी तरह के समझौते पर पहुंचने का रास्ता ढूंढना है. जयशंकर ने कहा कि कुछ मुद्दे ऐसे होते हैं, जब स्पष्टता होती है और कोई भ्रम नहीं होता है. उन्होंने आतंकवाद का उदाहरण देते हुए कहा कि आप किसी भी भाषा में कहें, लेकिन आतंकवादी हर भाषा में आतंकवादी ही होता है. उन्होंने किसी भी देश का जिक्र किए बिना कहा कि आतंकवाद जैसी किसी चीज को कभी भी माफ करने या बचाव करने की अनुमति न दें.

**ये भारत है दबाव में नहीं आएगा**



जयशंकर विदेश मंत्री ने कहा कि ये भारत है, जो दबाव में नहीं आएगा. ये भारत अपने मन की बात कह देगा. अगर उसे कोई विकल्प चुनना है, तो हम अपने नागरिकों के कल्याण के लिए विकल्प चुनेंगे. हमारा विचार अधिक मजबूत, अधिक सक्षम और कठिन रास्ता अपनाने को तैयार भारत का है. जयशंकर ने आश्वासन दिया कि यह एक ऐसा भारत है, जो अपने नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों की देखभाल करता है. उन्होंने कहा कि जैसा कि अधिक से अधिक भारतीय दुनिया के विभिन्न हिस्सों में बसते हैं, उन्हें सुरक्षित करना (अगर वे किसी कठिन दौर में हैं), उनकी भलाई सुनिश्चित करना, उन्हें घर लाना हमारी जिम्मेदारी है. उदाहरण के तौर पर यूक्रेन और सूडान का हवाला दिया गया, जहां भारतीय युद्ध के बीच फंसे हुए थे. विदेश मंत्री ने सिंगापुर में गिनाईं भारत की उपलब्धियां चंद्रमा पर चंद्रयान के उतरने से मिले वैश्विक सम्मान की ओर इशारा करते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि सक्षम भारत, कूटनीतिक भारत, सुधारित भारत, सुरक्षात्मक भारत... कई मायनों में इनोवेटिव भारत है. एक भारत ही है जो विश्व का मित्र है. उन्होंने कोविड-19 के दौरान लगभग 100 देशों को टीकों की आपूर्ति की ओर इशारा करते हुए कहा, "दोस्ती गहरी दोस्ती को जन्म देती है.

जयशंकर ने कहा कि कुछ ऐसे मुद्दे हो सकते हैं जहां 2 राष्ट्रों के वास्तव में अलग-अलग दृष्टिकोण हो सकते हैं और ऐसे मुद्दे भी होंगे जब उन्हें बहाने के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा. उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अंतर पहचानने और इससे निपटने का तरीका ढूंढने में सक्षम होना चाहिए. अपने संबोधन में जयशंकर ने स्वतंत्रता संग्राम के दिनों के भारत-सिंगापुर संबंधों का जिक्र किया, जब सुभाष चंद्र बोस ने भारतीय राष्ट्रीय सेना की स्थापना की और 'दिल्ली चलो' का आह्वान किया. वह (नेता जी) हमारे पूरे देश के लिए एक प्रत्यक्ष प्रेरणा बने हुए हैं.


भारत के विकास से सिंगापुर को लाभ तीन देशों की अपनी यात्रा के तहत सिंगापुर पहुंचे विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि सिंगापुर, भारत के वैश्वीकरण में हमारा भागीदार रहा है और वह भूमिका और सहयोग कुछ ऐसा है जिसे हम महत्व देते हैं. जयशंकर ने सिंगापुर स्थित भारतीय समुदाय को भारत में बुनियादी ढांचे के विकास की त्वरित गति के बारे में भी बताया और भारत एक वैश्विक मित्र है पर प्रकाश डाला. जयशंकर ने कहा कि भारत जितना अधिक वैश्वीकरण करेगा, उसका हर पहलू सिंगापुर के साथ संबंधों की प्रगाढ़ता और गुणवत्ता में बढ़ावा देने वाला होगा.

### बाबा महाकाल के आंगन से होली का आगाज

## भस्म आरती में खेली गई फूलों की होली

**एजेंसी । उज्जैन**

मध्य प्रदेश की धर्मनगरी उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के आंगन से देश में होली पर्व का आगाज हुआ. रविवार सुबह चार बजे भस्म आरती में भगवान महाकाल के साथ फूलों की होली खेली गई. रविवार शाम को संध्या कालीन आरती (शाम 6.30 बजे) के बाद मंदिर प्रांगण में होलिका दहन होगा. परंपरा के अनुसार महाकालेश्वर मंदिर में फाल्गुन शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी के अवसर पर रविवार सुबह भस्म आरती की गई. इस दौरान चार बजे मंदिर के पट खुलते ही पंडे-पुजारी ने गर्भगृह में स्थापित सभी भगवान की प्रतिमाओं का पूजन किया. इसके पश्चात भगवान महाकाल का जलाभिषेक दूध, दही, घी, शक्कर फलों के रस से बने पंचामृत से कर पूजन अर्चन किया. प्रथम घंटाल बजाकर हरि ओम का जल अर्पित किया गया. कपूर आरती के बाद बाबा महाकाल को चांदी का मुकुट और रुद्राक्ष व कमल के पुष्पों की माला धारण करवाई गई. इस श्रृंगार की विशेष बात यह रही कि रविवार को चतुर्दशी की भस्म आरती में भगवान महाकाल का नवीन मुकुट पहनाकर त्रिपुंड के साथ मस्तक पर सर्प लगाकर मखाने की माला और पगड़ी पहनकर राजसी श्रृंगार किया गया. इसके बाद बाबा महाकाल के ज्योतिर्लिंग को कपड़े से ढांककर भस्मी रमाई गई और गुजिया का भोग भी लगाया गया.



## मालदा में ट्रक ने पीछे से कार को टक्कर मारी तीन लोगों की हुई मौत

**मालदा (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एक कार को एक ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई. पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी. यह दुर्घटना शनिवार देर रात इंग्लिश बाजार थाना क्षेत्र के जादूपुर में मालदा बाइपास पर हुई. एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ट्रक ने पीछे से कार में टक्कर मार दी, जिससे कार में बैठे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. उन्हें मालदा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनमें से तीन को मृत घोषित कर दिया, जबकि चौथे व्यक्ति का इलाज जारी है. अधिकारी ने बताया कि ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से भाग गया है और उसे पकड़ने के लिए तलाश अभियान शुरू किया गया है.

## सीबीआई ने महुआ व दर्शन के खिलाफ की एफआईआर

**भाषा । कोलकाता**



घूस लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में आरोपित तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं. केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इस मामले में जो प्राथमिकी दर्ज की है, उसमें उन्हें मुख्य आरोपित बनाया गया है. साथ ही मशहूर कारोबारी दर्शन हीरानंदानी को भी आरोपित बनाया गया है. सीबीआई के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि शनिवार को उनके ठिकानों पर तलाशी अभियान के बाद कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए हैं जिसके आधार पर यह प्राथमिकी दर्ज की गई है. इसके पहले गुरुवार को उनके खिलाफ रेगुलर केस दर्ज किया गया था जिसे रविवार को एफआईआर में तब्दील किया गया है. सीबीआई ने शनिवार को कोलकाता के अलीपुर इलाके में स्थित महुआ के पिता के आवास सहित उनके चार ठिकानों पर छापा मारा था. इस संबंध में रविवार को महुआ ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर सीबीआई के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. महुआ ने आरोप लगाया है कि सीबीआई उनको परेशान कर उनके चुनाव प्रचार अभियान में बाधा डालने की कोशिश कर रही है.

## उप्र : बसपा ने जारी की 16 उम्मीदवारों की पहली सूची

**भाषा । लखनऊ**

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश की 16 सीट पर अपने उम्मीदवार रविवार को घोषित कर दिए. पार्टी द्वारा घोषित उम्मीदवारों की पहली सूची के मुताबिक, सहारनपुर से माजिद अली और कैराना से श्रीपाल सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है. इसके अलावा मुजफ्फरनगर से दारा सिंह प्रजापति, बिजनौर से विजेंद्र सिंह, नगीना (आरक्षित) सीट से सुरेंद्र पाल सिंह, मुरादाबाद से मोहम्मद इरफान सैफी, रामपुर से जीशान खां, संभल से सौलत अली, अमरोहा से मुजाहिद हुसैन, मेरठ से देववृत्त त्यागी और बागपत से प्रवीण बंसल को बसपा का टिकट दिया गया है. पार्टी ने गौतम बुद्ध नगर से राजेंद्र सिंह सोलंकी, बुलंदशहर (आरक्षित) सीट से गिरीश चंद्र जाटव, आंवला सीट से आबिद अली, पीलीभीत से अनीस अहमद खान उर्फ फूल बाबू तथा शाहजहांपुर (आरक्षित) सीट से डॉक्टर दोदराम वर्मा को प्रत्याशी बनाया है. लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत उत्तर प्रदेश की सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत सीटों के लिए चुनाव होंगे. इसके लिए नामांकन पत्र 27 मार्च तक दाखिल किए जाएंगे.

### फोन टैपिंग मामला

## तेलंगाना में दो पुलिस अधिकारी गिरफ्तार

**हैदराबाद ।** फोन टैप करने और कुछ कंप्यूटर सिस्टम एवं आधिकारिक डेटा को नष्ट करने के आरोप में हैदराबाद पुलिस ने दो और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को गिरफ्तार किया है. हैदराबाद पुलिस की एक आधिकारिक विज्ञप्ति में शनिवार देर रात बताया गया कि जांच के दौरान, अतिरिक्त डीसीपी (पुलिस उपायुक्त) तिरुपथन्ना और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एन. भुजंग राव को गिरफ्तार कर लिया गया. दोनों पुलिस अधिकारी क्रमशः विशेष खुफिया ब्यूरो (एसआईबी) और खुफिया विभाग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में काम कर चुके हैं.

## मोबाइल चार्ज करते समय शॉर्ट सर्किट से लगी आग, चार मरे

**एजेंसी । मेरठ (उप्र)**

मेरठ के पल्लवपुरम क्षेत्र स्थित एक मकान में मोबाइल चार्ज किए जाने के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग जाने के कारण चार बच्चों की मौत हो गई और उनके माता-पिता घायल हो गए. पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि पल्लवपुरम थाना क्षेत्र की जनता कॉलोनी में जोनी नामक व्यक्ति के घर में शनिवार की रात मोबाइल फोन चार्ज किए जाने के दौरान शॉर्ट सर्किट से आग लग गई. उन्होंने बताया कि आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया, जिसमें जोनी, उसकी पत्नी बबीता और चार बच्चे सारिका (10), निहारिका (आठ), संस्कार उर्फ गोलू (छह) और कालू (चार) गंभीर रूप से झुलस गए.

उन्होंने बताया कि सभी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां देर रात निहारिका और गोलू की मौत हो गई जबकि सारिका और कालू ने रविवार सुबह दम तोड़ दिया. सूत्रों ने बताया कि जोनी की हालत खतरे से बाहर है लेकिन बबीता की गंभीर हालत के मद्देनजर उसे दिल्ली एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) रेफर किया गया है. जोनी ने बताया कि निहारिका, गोलू एवं कालू मोबाइल पर गेम खेल रहे थे और इसी दौरान मोबाइल चार्ज भी हो रहा था.

## झालवाड़ में पांच लोगों की डंपर से कुचलकर हत्या

**कोटा (राजस्थान) ।** राजस्थान के झालावाड़ जिले में पगारिया इलाके में किसी विवाद को लेकर कथित तौर पर डंपर से कुचलकर दो भाइयों समेत पांच लोगों की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है. पुलिस ने बताया कि कथित घटना शनिवार देर रात हुई और मामले के दो आरोपी रणजीत सिंह और डुंगर सिह अपराध को अंजाम देने के बाद फरार हो गए. पीड़ितों की पहचान बिन्नायगा फांटा गांव के रहने वाले भरत सिंह (22) धीरज सिंह (20), तूफान सिंह (33), गोवर्धन सिंह (28) और बालू सिंह (20) के रूप में की गई है.




### कॅरियर-काउंसिलिंग

# बीएएसएलपी में युवा बना सकते हैं अपना कॅरियर

**रजनीश प्रसाद । रांची**

**बीएएसएलपी का मतलब ऑडियोलॉजी और स्पीच-लैंग्वेज पैथोलॉजी में बैचलर ऑफ साइंस है. यह 4 साल का पेशेवर डिग्री कोर्स है, जिसमें ऑडियोलॉजी, लैंग्वेज पैथोलॉजी और स्पीच पैथोलॉजी के सैद्धांतिक और व्यावहारिक घटक शामिल हैं. एक बहु-विषयक कार्यक्रम होने के नाते, यह छात्रों को सुनने और बोलने से संबंधित विकारों के निदान और उपचार के लिए विभिन्न तकनीकों और तरीकों से लैस करता है.**






बीएएसएलपी करियर दायरा और वेतन बीएएसएलपी पाठ्यक्रम स्नातकों के लिए संभावनाएं आशाजनक हैं, खासकर इसलिए क्योंकि यह एक अनूठा विचार है, जिसे भारतीय स्कूल प्रणाली में लागू किया गया है. यह पाठ्यक्रम बहुत कम संख्या में छात्रों द्वारा लिया जाता है और कई लोग इसके अस्तित्व से अनजान है. हालांकि, ऐसे विशेषज्ञों की मांग है, ऐसे में यह शिक्षा लेने वाले छात्र कम प्रतिस्पर्धा के साथ इस क्षेत्र में अपना करियर बना सकेंगे. बीएएसएलपी पाठ्यक्रम स्नातकों के पास ढेर सारे विकल्प उपलब्ध हैं. वे अस्पतालों के साथ-साथ अन्य संबद्ध संस्थानों जैसे बाल मार्गदर्शन केंद्र, भाषण और श्रवण केंद्र, और श्रवण सहायता निर्माताओं में काम कर सकते हैं. वे व्यक्तिगत रूप से भी अभ्यास कर सकते हैं. स्नातक आगे की शिक्षा के लिए इस विषय में अपनी पढ़ाई जारी रख सकते हैं.

**रोजगार के अवसर**

- वाक् पैथोलॉजिस्ट
- वाक् चिकित्सक
- स्पीच पैथोलॉजी रीडर
- ऑडियोलॉजिस्ट
- विशेष विद्यालयों में प्रोफेसर
- नैदानिक पर्यवेक्षक
- शोधकर्ता
- ऑडियोमेट्रिक तकनीशियन
- ऑडियोलॉजी रीडर
- श्रवण-सहायता विशेषज्ञ

**भर्ती के क्षेत्र**

- हियरिंग-एड निर्माण कंपनियां
- स्वास्थ्य सेवा कंपनियां
- निजी अस्पताल
- नर्सिंग देखभाल केंद्र
- सरकारी अस्पताल और एजेंसियां
- गैर-सरकारी संगठन
- निजी प्रैक्टिस
- स्कूल और विश्वविद्यालय
- पुनर्वास केंद्र

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)